ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 06.05.2024 वर्ष 11, अंक 123 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

कठिनाइयां तब आती हैं, जब आप कुछ कार्य करते हैं।

# संविधान नहीं बदलेगी भाजपा सरकार : राजनाथ

**श्री सिंह ने एक साक्षात्कार के दौरान कांग्रेस पर यह अफवाह फैलाने का आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में रही तो संविधान बदल देगी.उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना को बदलने का कोई सवाल ही नहीं है.कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भाजपा अगर सत्ता में रही तो वह संविधान को फाड़कर फेंक देगी.**

एजेंसी

**नई दिल्ली** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार कभी भी संविधान नहीं बदलेगी और न ही आरक्षण खत्म करेगी. उन्होंने कांग्रेस पर भय पैदा करने और वोट बैंक की राजनीति के लिए गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया.

श्री सिंह ने एक साक्षात्कार के दौरान कांग्रेस पर यह अफवाह फैलाने का आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में रही तो संविधान बदल देगी.उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना को बदलने का कोई सवाल ही नहीं है.कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भाजपा अगर सत्ता में रही तो वह संविधान को फाड़कर फेंक देगी.

कांग्रेस के कुछ अन्य पदाधिकारियों ने आशंका जताई है कि भाजपा संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष शब्द हटा सकती है.

## हम आरक्षण के साथ बिलकुल भी छेड़छाड़ नहीं करेंगे

कांग्रेस ने भाजपा नेताओं से इस बारे में पार्टी का रुख स्पष्ट करने को कहा है कि क्या वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा देगी. कांग्रेस के स्पष्टीकरण मांगे जाने पर सिंह ने कहा,हम आरक्षण के साथ बिलकुल भी छेड़छाड़ नहीं करेंगे.

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस समाज में सद्भाव को बढ़ावा नहीं देती क्योंकि उसका दृष्टिकोण वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित रहा है.सिंह ने कहा कि भारत के लोग चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी देश को और आगे ले जाएं क्योंकि उन्होंने सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने तथा वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.



## कांग्रेस जनता में डर का माहौल पैदा कर रही है

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के संविधान की प्रस्तावना संविधान के सिद्धांतों को प्रस्तुत करती है. साल 1976 में 42वें संशोधन के तहत भारत के परिचय को संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य से संप्रभु समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य में बदल दिया गया था. सिंह ने कहा,वे (कांग्रेस) नागरिकों में डर पैदा करके लोगों का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं.

## कांग्रेस ने संविधान में 80 बार संशोधन किए

रक्षा मंत्री ने कहा,कांग्रेस ने संविधान में 80 बार संशोधन किए.उन्होंने आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में बदलाव किया. सिंह ने कहा,भाजपा संविधान नहीं बदलेगी. संविधान निर्माताओं ने कभी नहीं सोचा था कि प्रस्तावना में कोई बदलाव होगा. आपने (कांग्रेस) संविधान के मूल विचार को चोट पहुंचाने का काम किया.उन्होंने कहा,संविधान की प्रस्तावना को बदलने का कोई सवाल ही नहीं है. उन्होंने इसे बदल दिया और अब वे हम पर निराधार आरोप लगा रहे हैं.

# लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार थमा, मंगलवार को वोटिंग

**नई दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार रविवार शाम को थम गया। इस चरण में 11 राज्यों की 92 लोकसभा सीटों पर कुल 1331 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश की बैतूल सीट के आठ उम्मीदवार भी हैं। तीसरे चरण के चुनाव में गृहमंत्री अमित शाह (गांधीनगर), केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी (धारवाड़), शिवराज सिंह चौहान (विदिशा), सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव (मैनपुरी), कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी (बेहरामपुर), एआईयूएफ के नेता बदरुद्दीन अजमल (धुबरी), कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह (राजगढ़), एनसीपी नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले (बारामती) समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होगा।असम की धुबरी, कोकराझार, बारपेटा और गुवाहाटी। बिहार की झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया। छत्तीसगढ़ की सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर। गोवा की दोनों उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा। गुजरात की 26 में से 25 सीटों- कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच , बारडोली, नवसारी और वलसाड में मतदान होगा। सूरत में भाजपा उम्मीदवार ने निर्विरोध जीत दर्ज की है।

# राहुल गांधी का चाईबासा व लोहरदगा में चुनावी दौरा कल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सात मई के एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम को लेकर संबंधित जिलों को कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने रविवार को बताया कि राहुल गांधी सर्वप्रथम टाटा कॉलेज चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में 11:30 बजे तथा लोहरदगा उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में दो बजे गुमला जिला के बसिया के कोनवीर में चुनावी सभा में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों जगह पर आमसभा को सफल बनाने के लिए रांची,खूंटी,गुमला,लोहरदगा के कार्यकर्ता एवं नेताओं को निर्देश दिए गए हैं। साथ हीं सभा स्थल पर तैयारी की समीक्षा भी लगातार की जा रही है। इसके अलावा आईएनडीआईए के घटक दलों और उम्मीदवार के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित कर सभा के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इधर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 20 मई को पांचवें चरण के होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी।प्रदेश कांग्रेस कमेटी, मीडिया विभाग के चेयरमेन ने रविवार को कहा कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राना केपी सिंह, आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडे सिंह, फुरकान अंसारी, चन्द्र शेखर दुबे, डॉ. प्रदीप बालमुचू, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, रामचन्द्र सिंह, अंबा प्रसाद, उमाशंकर अकेला, योगेन्द्र साव, ममता देवी, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक, अमुल्य नीरज खलखो, केदार पासवान, गुंजन सिंह और अभिजीत राज शामिल हैं।

**प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने रविवार को बताया कि राहुल गांधी सर्वप्रथम टाटा कॉलेज चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में 11:30 बजे तथा लोहरदगा उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में दो बजे गुमला जिला के बसिया के कोनवीर में चुनावी सभा में भाग लेंगे।**

# रांची : बीएसएनल कैंपस में लगी भीषण आग, करोड़ों का नुकसान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची में गर्मी की वजह से आग लगी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है ताजा मामला रांची के जुमार पुल के पास स्थित बीएसएनएल कार्यालय का है. बीएसएनएल कार्यालय कैंपस में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई, आग इतनी तेजी के साथ फैली कि पूरा बीएसएनएल कार्यालय काले धुएं से भर गया, आकाश भी काला काला नजर आ रहा है. मामले की जानकारी मिलने के बाद दमकल के कई वाहन मौके पर पहुंचे और हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद भी आग पूरी तरह से काबू नहीं पाया गया सका. जिसके बाद रामगढ़ से भी 15 दमकल की गाड़ियों को मंगाया गया.

बताया जा रहा है कि बीएसएनएल कार्यालय कैंपस में रखे स्पेयर पार्ट में लगी थी.स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार बीएसएनल परिसर में लगे एक केबल में आग लगने की वजह से आग की लपटे तेज हो गई. वही केबल में आग लगने के बाद आग बीएसएनल परिसर में मौजूद झाड़ियों मे फैल गई जिससे आग ने भयावह रूप ले लिया. आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम के साथ सदर थाना की पुलिस और बीआईटी ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और बुझाने की कोशिश करने लगी. बीएसएनएल में काम करने वाले कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार आग की भयावहता को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ होगा. हालांकि फिलहाल इसका आकलन नहीं हो पाया है इसलिए कुछ भी साफ नहीं है. आग कैसे लगी फिलहाल इसका भी पता अभी तक नहीं लग पाया है.

# भारत के भविष्य के लिए करें वोट : इन्द्रेश कुमार

**इन्द्रेश कुमार ने कहा कि कैलाश मानसरोवर मुक्त हो, तिब्बत स्वतंत्र हो, पीओके हमारा हो, भारत अखण्ड हो, इसके लिए वोट करें। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ चीन बढ़ा तो हमने मुंहतोड़ जवाब दिया, पाकिस्तान ने हरकत की तो सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक कर उसका जवाब दिया गया।**



एजेंसी

**लखनऊ** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने रविवार को कहा कि शहाबुद्दीन, अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और अब्बास हमारे आदर्श नहीं हो सकते। रसखान, रहीम, कबीर, डा.एपीजे अब्दुल कलाम, मोहम्मद करीम छागला और वीर अब्दुल हमीद हमारे आदर्श हैं। इसलिए दंगामुक्त हिन्दुस्तान के लिए और देश के भविष्य के लिए जाति एवं मजहब से ऊपर उठकर वोट करें। इन्द्रेश कुमार लखनऊ में अंतरराष्ट्र बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में आयोजित सर्व धर्म समभाव संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी का आयोजन सामाजिक सद्भाव लखनऊ विभाग की ओर से किया गया था। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर मुक्त हो, तिब्बत स्वतंत्र हो, पीओके हमारा हो, भारत अखण्ड हो, इसके लिए वोट करें। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ चीन बढ़ा तो हमने मुंहतोड़ जवाब दिया, पाकिस्तान ने हरकत की तो सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक कर उसका जवाब दिया गया। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। यह सब प्रभावी नेतृत्व की सरकार के कारण संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि भारत निस्वार्थ संस्कृति का देश है। हमारी यात्रा परमार्थ की है। इसलिए हम विश्वगुरु कहलाये। भारत में परमार्थ की संस्कृति है। हमारे यहां कहा गया है कि जियो लेकिन दूसरों के लिए। हमने सबके सद्भाव की बात कही है। हमने किसी के अमंगल की बात नहीं की।कार्यक्रम को राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बावन मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सदस्य भिक्खु शीलरतन बौद्ध, श्री दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी श्रावस्ती के अध्यक्ष संजीव जैन और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी लखनऊ के संगठन मंत्री सरदार रणवीर सिंह उपस्थित रहे।

# अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 7 मई को चुनाव संबंधी कंटेंट को करें पोस्ट : के. रवि कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे के बीच मैं भी इलेक्शन एंबेसडर विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट कर इसे ट्रेंड में लाने का कार्य करें । यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वह रविवार को सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को लेकर सभी जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियान की जानकारी दी। साथ ही अभियान के तहत निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चुनाव से संबंधित फोटो,वीडियो, टेक्स्ट अपलोड करते हुए संबंधित हैशटैग को ट्रेंडिंग करने का निर्देश दिया।उन्होंने आमजनों से भी अपील की कि इस विशेष अभियान का हिस्सा बनकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उपरोक्त हैशटैग लगाते हुए चुनाव से संबंधित सामग्री को जरूर पोस्ट करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान को लेकर संबंधित लोगों से कहा कि निर्धारित समय के पूर्व ही अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से तिथि एवं समय का शिड्यूल कर लें।

# बजरंग पूनिया को नाडा ने किया सस्पेंड

एजेंसी

**नई दिल्ली**. भारत के स्टार ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के लिए पेरिस ओलंपिक में खेलना मुश्किल नजर आ रहा है. नाडा ने रविवार 5 मई को इस स्टार पहलवान को डोप टेस्ट ना कराए जाने को लेकर एक्शन लेते हुए सस्पेंड कर दिया. इस कड़े कदम की वजह से बजरंग पूनिया के पेरिस ओलंपिक में खेलने को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है. बजरंग पूनिया को राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी की तरफ से सस्पेंड कर दिया गया है. नाडा की तरफ से यह फैसला लिए जाने के बाद अब उनके पेरिस ओलंपिक में जाने की उम्मीदों के जोरदार झटका लगा है. डोप सैंपल नहीं देने के लिए बजरंग पूनिया को नाडा ने किया सस्पेंड. इस साल मार्च में सोनीपत में हुए ट्रायल के बाद बजरंग पूनिया ने डोप टेस्ट नहीं दिया था. अब अगर उनके उपर लगा यह बैन नहीं हटा तो पेरिस ओलंपिक के लिए होने वाले फाइनल ट्रायल में नहीं ले पाएंगे हिस्सा.

दिल का हाल सुने दिल वाला....

रोग नहीं, रोकथाम जरूरी

हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।

यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?

78083 68888 | www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी 14 मई को करेंगे वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल

**वाराणसी** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 मई को वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. भारतीय जनता पार्टी की शहर इकाई के अध्यक्ष विद्यासागर राय ने रविवार को यह जानकारी दी. राय ने बताया कि मोदी 13 मई को निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो करेंगे और इसकी तैयारी जारी है.; उन्होंने कहा,रोड शो का मार्ग तय कर लिया गया है. प्रधानमंत्री मोदी 14 मई को वाराणसी सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. कांग्रेस ने वाराणसी से अपनी उत्तर प्रदेश इकाई के प्रमुख अजय राय और बहुजन समाज पार्टी ने अतहर जमाल लारी को मैदान में उतारा है. वाराणसी में आम चुनाव के सातवें और आखिरी दौर में एक जून को मतदान होगा.

### अश्लील वीडियो मामले में सांसद प्रज्वल के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस

**नयी दिल्ली**: कर्नाटक के हासन से लोकसभा उम्मीदवार और जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना विवादों में घिरे हुए हैं। यौन शोषण मामले में कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने रविवार को बताया कि उन्होंने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। साथ ही प्रज्वल रेवन्ना की भारत वापसी के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही है। इंटरपोल प्रज्वल के बारे में सभी देशों को सूचित करेगी। उन्होंने कहा कि प्रज्वल को कैसे वापस लाया जाए, इस पर जांच के लिए गठित विशेष जांच दल ही फैसला करेगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने के आरोप में छह तृणमूल कार्यकर्ता गिरफ्तार

**बर्दवान** : पूर्व बर्दवान लोकसभा सीट के अंतर्गत रायना इलाके में पार्टी का झंडा लगाने को लेकर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की जम के पिटाई कर दी। रविवार को पुलिस की ओर से बताया गया कि इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है.हालांकि तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व ने भाजपा पर ही उल्टे आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता इलाके में भड़काऊ नारे लगा रहे थे। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं को समझने की कोशिश की है। मारपीट की कोई घटना नहीं घटी है।

### चुनाव आयोग ने आंध्र प्रदेश डीजीपी के तबादले का दिया आदेश

**अमरावती** : लोकसभा के तीसरे चरण की वोटिंग से पहले चुनाव आयोग ने एक बड़ा आदेश पारित किया है। आयोग ने आंध्र प्रदेश के डीजीपी केवी राजेंद्रनाथ रेड्डी का तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। सूत्रों के मुताबिक चुनाव आयोग ने अपने आदेश में डीजीपी पद के लिए डीजी रैंक के तीन अधिकारियों का एक पैनल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया को-आर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान होने से पहले कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया को-ऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस से अपने इस्तीफे पर कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा ने कहा है कि, राम लला की जन्मस्थली श्री अयोध्या धाम हम सभी के लिए बहुत पवित्र स्थान है और मैं खुद को वहां जाने से नहीं रोक सकी। लेकिन मैंने कभी ऐसा नहीं सोचा था। मेरे वहां जाने पर मुझे इतना विरोध झेलना पड़ेगा, मेरे साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दुर्व्यवहार किया गया, मुझे वहां धकेल दिया गया और कमरे में बंद कर दिया गया, मैं छोटे से लेकर बड़े से बड़े नेतृत्व तक चीखती-चिल्लाती रही,लेकिन मुझे न्याय नहीं मिला.

### बिहार पहुंचे आध्यात्मिक गुरु रविशंकर, महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**पटना (बिहार)**: आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर रविवार को बिहार के गया जिले में पहुंचे। वे सबसे पहले महाबोधि मन्दिर गये। यहां मंदिर के पुजारी भंते डॉ. दीनानाथ ने उनका स्वागत किया और मंदिर के गर्भगृह में मंत्रोचार के साथ भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कराई। रविशंकर ने पवित्र बोधि वृक्ष के पास कुछ देर ध्यान भी किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में रविशंकर ने कहा कि यहां आकर उन्हें अपार शांति मिली। बुद्ध की शांति के संदेश का दुनियाभर के लोगों को जरूरत है, जहां युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं वहां के लोगों को बुद्ध के पथ ध्यान शांति और अहिंसा पर चलना चाहिए। गुरु रविशंकर के आगमन पर गया में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 39° |
| न्युनतम | 23° |

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोगो से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लोकसभा चुनाव सबसे बड़ा पर्व है। शत प्रतिशत मतदान को लेकर पंचायत के प्रतिनिधि अपने कार्यक्षेत्र में प्रभात फेरी निकाले, रात्रि चौपाल लगाकर मतदाताओं को मतदान केंद्र में पहुंचने के लिए प्रेरित करे उक्त बातें प्रखंड परिसर स्थित सभागार में आयोजित बंशीधर नगर अनुमंडल के सभी प्रखंडों के मुखिया व वार्ड पार्षद के साथ बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने अपील करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधि की जिम्मेवारी सबसे अहम है। उन्होंने कहा की सभी पंचायत के मुखिया मतदान केंद्र में खराब पड़े चापानल, जल मीनार को दुरुस्त कराए। जिससे मतदान केंद्र में पहुंचने वाले मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उपायुक्त ने कहा कि 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाना है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा तो अनुमंडल का नाम भी रौशन होगा। उन्होंने कहा की शत प्रतिशत मतदान को लेकर आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम सहिया द्वारा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस महा पर्व में सभी का सहभागिता जरूरी है, तभी शत प्रतिशत मतदान संभव होगा।उन्होंने कहा की मतदान केंद्र का ऐसा माहौल तैयार करे जिससे मतदाता स्वम मतदान केंद्र तक पहुंचे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने राय भी लिया। उन्होंने कहा की आपका प्रयास से ही मत प्रतिशत बढ़ेगा इसके लिए आज से ही अपने अपने कार्यक्षेत्र में रंगोली, प्रभात फेरी, नुकड़ नाटक निकालकर मतदाताओ को प्रेरित करे। उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से मतदान केंद्र में दिए जा रहे व्यवस्था से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा की इस बार वैसे दिब्यांग जो मतदान केंद्र में मतदान करने आने में असमर्थ है और 85 बर्ष से अधिक उम्र वाले लोगो को बैलेट पेपर के माध्यम से उनके घर जाकर वोट लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में पहुंचने वाले दिव्यांग के लिए व्हील चेयर की बयवस्था किया जा रहा है। सभी मतदान केंद्र में बिजली,पानी, शौचालय की व्यवस्था भी किया जा रहा है। बैठक में बंशीधर नगर अनुमंडल के भूमि उप समाहर्ता शिलवन्त भट, रंका अनुमंडल के भूमि उप समाहर्ता राम प्रवेश कुशवाहा, बीडीओ आदिति गुप्ता, सगमा प्रखंड के बीडीओ सत्यम कुमार सहित अनुमंडल के सभी प्रखंडों के मुखिया, बीडीसी तथा वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# वीडी राम ने मांगा पिपरा प्रखंड के मतदाताओं से वोट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने पिपरा प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव का दौरा कर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओं से आग्रह किया। प्रखंड क्षेत्र के बभंडी पिपरा मधुबाना तेंदुई के दर्जनों कार्यकर्ता के साथ बैठक कर सरकार की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए चर्चा किया. वहीं कुछ मतदाता जो पलामू सांसद बीडी राम को पिछले दो बार से वोट दे रहे थे वे असंतुष्ट दिखे। कुछ सवालों का जवाब माननीय सांसद के पास नहीं था। वही कुछ कार्यों पर उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द शुरू हो जाएंगे। इस मौके पर प्रफुल्ल सिंह विनोद सिंह रविंद्र सिंह बिंदेश्वर पाठक अनिल प्रजापति संदीप पासवान चंदन सिंह विष्णु देव गुप्ता उमेश सिंह विपिन सिंह राजीव रंजन राजन सिंह प्रयागराज शिवाश्रय सिंह अंशु मिश्रा बिरजू चंद्रवंशी राजकुमार गुप्ता लल्लन पासवान संजू सिंह प्रमिला देवी विमलेश सिंह राजन सोनी सहित अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बराही धाम महोत्सव की तैयारी पुरी



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से पलामू जिला का चर्चित बराही धाम परिसर में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना के दो वर्ष पूरे हो गए, इसको लेकर सोमवार से दो दिवसीय वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा, महोत्सव की तैयारी को लेकर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम परिवार के परिवार लोग धाम परिसर की साफ सफाई व्यवस्था और और फूलों से सजाया जा रहा है, वहीं धाम परिसर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान जी की 105फिट प्रतिमा को रंगीन बल्ब से सजाया गया है। सोमवार की पहले दिन धाम के पूजारी दिलीप मिश्रा और अजित चौबे की देख रेख में पुजा अनुष्ठान शुरु होगा, दोपहर में हवन के बाद मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिक महोत्सव का अतिथियों द्वारा उद्घटन किया जाएगा, इसके बाद महाआरती होगी, सात मई को अखंड कीर्तन के साथ भव्य भंडारा का अयोजन कर लोगो की बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## कांग्रेस द्वारा सरना कोड को लेकर आदिवासियों को किया जा रहा है गुमराह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 में त्रिकोणीय मुकाबला के बाद कल तक जिनको छोटा भाई बोला जा रहा था और कहा जा रहा था कि सरना माता उन्हें सद्बुद्धि दे आज उन्हें वोट कटवा कहा जा रहा है यही राजनीतिक चरित्र है। कल भाजपा में खुद जाकर चुनाव हारे हारने के बाद तुरंत भाग खड़े हुए आज दूसरे को नसीहत दे रहे हैं। जिस सरना कोड की बात कह रहे हैं कांग्रेस द्वारा ही 1961 से 2011 तक आदिवासियों को सरना धर्म कालम से हटा दिया। इस कालखंड में 2004 में यह जनाब झारखंड से विधायक हुआ करते थे उस वक्त इन्हें आदिवासियों का सरना कोड याद नहीं थी। अंग्रेजी हुकूमत 1921 के कार्यकाल में ट्राइबल कोड था और अब कह रहे हैं कि हम लोग आदिवासियों को सरना कोड दिलाएंगे खुद छीनते हैं और खुद दिलाने की बात करते हैं। सभी आदिवासी भाइयों से मेरा निवेदन है की बहरूपिया को पहचाने और अपना मतदान सोच समझकर हिंदुस्तान को सशक्त बनाने में अपना योगदान दे। जाति धर्म से ऊपर उठकर सोचने की जरूरत है हर चुनाव में नेता वोट लेने के लिए जाति धर्म के नाम पर लोगों को लड़वाने का काम करते हैं और अपनी रोटी सेंकते हैं। इन लोगों से सावधान जब देश मजबूत होगा तभी हम मजबूत हो पाएंगे। अन्यथा कांग्रेस पार्टी को सत्ता मिलने के बाद आने वाले समय में देश को गुलाम बना देगी और हम सभी फिर से गुलाम हो जाएंगे।

## मनरेगा में मजदूर की जगह जेसीबी मशीन से हो रहा है काम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के एक बार फिर भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना मनेरगा मे मजदूर की जगह जेसीबी मशीन कुआँ, डोभा अन्य योजना रात्रि मे धड़ाधड खुदाई की मामला प्रकाश मे आया है।यह मामला लालगड़ा पंचायात के कौवल भितिहरवा ग्राम के है, इस पचायत मे यह मामला दुबारा अखबार की सुर्खिया मे छा रही है। जेसीबी मशीन से रात्रि की अंधेरे में कुआँ, डोभा की खुदाई हो जा रही है, नौड़ीहा बाजार प्रखंड की पहली बार ऐसी मामला नहीं है कई बार मनरेगा योजना जेसीबी मशीन से डोभा ,कुआँ की खुदाई की मामला उजागर होने के बावजूद भी ठोस करवाई नहीं होने के कारण रात्रि के मौका उठाकर मजदूर की जगह मशीन कार्य कर रही है। वही प्रखंड के क्षेत्र बेरोजगार रोजगार के लिए कार्य करने के प्रदेश जा रहे है। आज भी प्रखंड के मनरेगा की कई योजना की कार्य सिर्फ कागजों पर चल रही है, लाखों रुपये पंचायत की मनरेगा योजना की लूट मची हुई है। वही नौड़ीहा बाजार प्रखंड के क्षेत्र मे रात्रि मे जेसीबी मशीन से कार्य करवा कर निशान मिटाने के दिन मजदूर लगाया जाता है ताकि निशान ने दिखें। इस कार्य मे जिन मजदूर के खाते मे पैसा जाता है तो बिचौलिया के द्वारा अंगूठे लगा कर पैसे की निकासी कर ली जाती है। शिकायत मिलने के तत्पश्चात मनरेगा लोकपाल श्री शंकर कुमार ने स्थल पर पहुंचकर मामला की जाँच किया ।जाँच की पुष्टि करते हुए आगे की करवाई करने की बात कहा।

## बसपा कार्यकर्ताओं ने कामेश्वर बैठा के पक्ष में मांगा समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र के मड़वा पंचायत के बाघमारवा (महिसा) के सार्वजनिक स्थल पर बसपा के जिला अध्यक्ष अजय भारती, पूर्व प्रदेश सचिव पुनीत अम्बेडकर, जिला प्रभारी सुहैल हक्क, छतरपुर -पाटन विधानसभा प्रभारी अजय राम, पूर्व सांसद सह बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा के पुत्र संजय बैठा के नौड़ीहा बाजार प्रखंड इकाई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया कमलेश राम और संचालन बसपा प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी ने किया। इस कार्यक्रम मे राजद छोड़ कर बसपा के सदस्यता ग्रहण किया। बसपा की सदस्यता लेने वाले कार्यकर्ता सनुल्लाह अंसारी, डा मंजर अंसारी, टुन्नू रजक, पिंटू कुमार शर्मा, धनंजय कुमार,महेन्द्र ठाकुर, अखिलेश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं बसपा की दामन थामा। पार्टी मे शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं की पार्टी की पट्टा और माला देकर सम्मानित किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ शपथ लिया कि हमलोग बसपा प्रत्याशी श्री कामेश्वर बैठा के पक्ष मे समर्थन मांगे और जीत सुनिश्चित करूंगा। जीत सुनिश्चित कराने के लिए खून पसीना एक कर के जीत कराने के तत्पर हुँ और रहने की प्रतिज्ञाएं लिए है। इस मौके पर विधान सभा छतरपुर इकाई के पूर्व अध्यक्ष रामबाबु, युवा बसपा अध्यक्ष अनुज कुमार, पूर्व बसपा सचिव नितीश कुमार, गुरगुरु प्रसाद शर्मा, सुदामा रजक, संतोष कुमार, वीरेंद्र कुमार, रवि कुमार रवि, नरेन्द्र कुमार, संजय कुमार, बीरेंद्र, बबन समेत हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल-संसद का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के सुरम्य परिसर में विद्यालय के भैया-बहनों के बीच गठन हुए बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती एवं मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर किया। बाल-संसद के अंतर्गत शिशु भारती, बाल भारती व कन्या भारती के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए नैतिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने अपने संबोधन कहा कि इस प्रकार के आयोजन से भैया-बहनों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।यहीं से जीवन में कार्य करने के लिए सीखने की प्रक्रिया शुरू होती है। छात्र-संसद ऐसा मंच है, जो बच्चों में जिम्मेदारियों का भाव जागृत करता है। बच्चों के व्यक्तित्व विकास में यह काफी सहायक है। विद्यालय के विकास के लिए काम करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद की मासिक बैठक हुई संपन्न, संगठन के कार्यों की हुई समीक्षा

### राष्ट्रहित के लिए सभी लोग संगठित होकर करें मतदान : चंद्रकांत रायपत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा की मासिक बैठक विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यालय में रविवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत जी रायपत, प्रांत मंत्री देवी सिंह सह मंत्री रंगनाथ महतो मुख्य रूप से उपस्थित। बैठक की शुरुआत ओंकार ध्वनि विजय महामंत्र एवं भगवान श्री राम एवं भगवान श्री कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने जिले के विश्व हिंदू परिषद द्वारा किए गए क्रियाकलाप रामजन्मोत्सव सामाजिक समरसता दिवस एवं हनुमान जन्मोत्सव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा आगे भी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को आगे आने का आवाहन किया। उन्होंने प्रत्येक गांव में रामराज्य स्थापना करते हुए सभी लोगों को भगवान राम के आदर्शों पर चलने की बात कही । मौके पर प्रांत के सह मंत्री रंगनाथ महतो ने विस्तार पूर्वक कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 8 जून से 16 जून तक गिरिडीह जिले के पारस में विश्व हिंदू परिषद का प्रशिक्षण सत्र तथा बजरंग दल का 6 जून से 16 जून तक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन मधुबन में होना है इसके अलावा मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की प्रशिक्षण गुमला में 5 जून से शुरू होगी जिसमें सिमडेगा से अधिक से अधिक लोग प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वही इस मौके पर प्रांत मंत्री देवी सिंह ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए आगामी कार्यक्रम सीता नवमी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा माता सीता के जीवन चरित्र के बारे में प्रकाश डाला । वहीं उन्होंने कहा कि इस कार्य में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के लोग आगे जाकर कार्य करें । प्रत्येक प्रखंड में अधिक से अधिक स्थानों में इस कार्यक्रम का आयोजन करें यह कार्यक्रम 12 मई से शुरू होगी जो 20 मई तक चलता रहेगा। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत जी ने कहा कि आप सभी संगठन के हितों को लेकर कार्य करें और सभी लोग अपने सभ्यता संस्कृति को बचाते हुए कार्य करें। उन्होंने आगे लोकतंत्र के महापर्व में सभी लोगों को शामिल होते हुए अपने आसपास के सभी लोगों को जागरुक करते हुए राष्ट्रहित के लिए मतदान करने के लिए आवाहन किया । उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में 13 मई को मतदान है तो ऐसे में सभी लोग प्रातः काल से ही मतदान केंद्र जाकर संगठित होते हुए राष्ट्रहित के लिए मतदान जरूर करें। बैठक के अंत में ओंकार ध्वनि के साथ बैठक की समाप्ति की गई इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला समिति प्रखंड समिति एवं पंचायत समिति के काफी संख्या में

## ट्रैक्टर दुर्घटना में बाल-बाल बचा ड्राइवर



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के अमहर गांव के बाकी नदी पुल से नीचे एक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर 20 फिट खाई में गिर गयी। पुल से नीचे ट्रेक्टर गिर जाने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी.. ट्रैक्टर दुर्घटना में ड्राइबर बाल बाल बच गया। जनाकारी के अनुसार एक लाल रंग का महेंद्रा ट्रेक्टर अमहर गांव से मिट्टी लोड कर आवास में देने जारहा था. इसी दौरान अमहर बाकी नदी पुल के पास अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में गिर गयी। जिसके बाद ड्राइबर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर विशुनपुरा पुलिस पहुची। जिसके बाद नदी से ट्रेक्टर को जेसीबी के मदद से निकाली गयी। यह ट्रेक्टर कनपुरा निवासी जयसवाल साव के बताया जारहा है।

# अबकी बार जनता भाजपा को करेगी तड़िपार : मिथिलेश ठाकुर

### मोदी जी ने बनाया झूठ बोलने का वर्ल्ड रिकॉर्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि भाजपा अबकी बार चार सौ पार नहीं करेगी। बल्कि अबकी बार जनता भाजपा को तड़िपार करेगी। आगामी चार जून प्रधानमंत्री मोदी जी की तानाशाही का अंतिम दिन साबित होगा। श्री ठाकुर ने शनिवार को शहर के चिनियां रोड स्थित होटल पद्मावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्री ठाकुर ने कहा कि दो दिनों के झारखंड प्रवास के दौरान आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने झूठ बोलने का नया कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड से आग्रह करता है कि वो झूठ बोलने का रिकॉर्ड प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नाम दर्ज कर उसे प्रकाशित करें। उन्होंने कहा कि गौर करने वाली बात यह है कि पलामू की जनसभा में मोदी जी ने मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुस्लिम सबकी बातें की। लेकिन मंडल डैम की चर्चा तक नहीं की। इससे यह साबित होता है कि मोदी जी समाज को बांट कर सत्ता हथियाना चाहते हैं, विकास करके नहीं। उनका बयान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। जो दस वर्षो से राज कर रहा हो वो अपनी उपलब्धियां गिनाने की जगह लोगों को झूठ बांट रहे हैं। काठ की हांडी बार बार नही चढ़ती है। मोदी जी कहते है मैने देश में पहली बार आदिवासी राष्ट्रपति बनाया ,लेकिन वो ये नहीं कहते हैं कि उन्हांने संसद के नए भवन के उद्घाटन और अयोध्या में निर्मित मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति महोदया को नहीं बुलाया। राष्ट्रपति का जैसा अपमान प्रधानमंत्री ने किया है शायद ऐसा अपमान देश के किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया होगा। श्री ठाकुर ने कहा कि मोदी जी ने पलामू में सबसे बड़ा झूठ ये कहा कि हमने पक्का घर दिया। जबकि हकीकत ये है कि उन्होंने झारखंड को पक्के मकान के लिए मिलने वाली राशि नहीं दी। तभी राज्य सरकार को अपने संसाधन से झारखंड के लोगों को अबूआ आवास देने की योजना शुरू करनी पड़ी। प्रधानमंत्री ने कल चाईबासा में कहा कि हेमंत सोरेन ने जमीन लूटी। आदिवासियों का हक मारा और भ्रष्टाचार किया। मोदी जी और भाजपा से आग्रह है कि वो अपने पुराने बयान निकाल कर देख लें कि जिस गीता कोड़ा के लिए वो वोट मांग रहे हैं, उनके और उनके पति मधु कोड़ा को किसी समय कितना बड़ा भ्रष्टाचारी बताया करते थे। हेमंत जी पर पीछे से हमला कर आप घायल नहीं कर सकते मोदी जी। हेमंत सोरेन शेर है। जब सामने होगा तो किसी हिम्मत नहीं होगी उससे आंख मिलाने की। हेमंत सोरेन को भाजपा परेशान कर सकती है, परास्त नहीं झारखंड में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा मोदी जी को झारखंड के लोग इस बार हार का ऐसा उपहार देंगें कि उन्हें जिंदगी भर याद रहेगा। मौके पर राजद के प्रधान महासविव सह गोड्डा के पूर्व विधायक संजय यादव, सपा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, ज़िलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

# अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने आज गढ़वा जिले के अंतर्राज्यीय बॉर्डर बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने वाहन चेकिंग से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले राशियों, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों का संधारण रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करने का निर्देश दिया गया। वहीं रिलीज होने वाले राशियों की भी जानकारी उक्त रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया गया। मौके पर तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य रूप से डीसीएलआर रंका-सह-स्वीप नोडल, प्रमेश कुमार कुशवाहा, भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री बंशीधर नगर शीलवन्त कुमार भट्ट, प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता जागरूकता के लिए माहेश्वरी सभा रांची ने की बैठक

**रांची ।** श्री माहेश्वरी सभा रांची माहेश्वरी महिला समिति एवं माहेश्वरी युवा संगठन की संयुक्त बैठक हुई। इसमें चुनाव के महापर्व पर मतदाताओं को मतदान करने के लिए कैसे जागरूक बनाया जाए तथा उन्हें अपने मत के अधिकार का क्या महत्व है, यह कैसे बताया जाए, इस पर विस्तृत चर्चा हुई। सभा की तीनों शाखों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया की सभा का प्रत्येक सदस्य अपने स्तर पर मतदाताओं से संपर्क करके उन्हें मतदान के दिन मत अवश्य दें । इसके लिए प्रेरित करेगा तथा अपनी अपनी पहुंच के क्षेत्र में मतदान के दिन यह सुनिश्चित करने की चेष्टा करेगा की सब लोग मत देने के लिए अवश्य जाएं। बैठक में तीनों शाखों के अध्यक्ष सचिव के अलावा पवन मंत्री, अशोक साबू, दीपक मारु, रमन बोड़ा, संगीता चितलांगिया, अनीता साबू,रश्मि मालपानी, सीमा मालपानी, पंकज साबू, सौरभ साबू विशेष रूप से उपस्थित थे।

### कार्ल मार्क्स की 206 वीं जयंती मनाई गई

**रांची ।** सीपीआई के राज्य कार्यालय के सभागार में कार्ल मार्क्स की 206वी जयंती पर उन्हें याद किया गया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।श्रद्धांजलि देने के बाद राज्य कार्यकारणी सह रांची जिला सचिव अजय सिंह ने कहा की वर्तमान समय में कार्ल मार्क्स की लिखी और कही बाते सत्य साबित हो रही है, पूंजीवादी व्यवस्था आम जनों का खून चूस रही है,वर्तमान की सरकार 80त्नआबादी की बात न कर चन्द पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनी हुई है।आवश्यक खाद्य और जरूरत मंद जो प्रतिदिन के इस्तेमाल में आती है ,जो कभी भी टैक्स के दायरे में नहीं आता था ,सरकार ने उन सभी चीजों पर टैक्स लगा दिया है जो सरासर कारपोट को फायदा देता है एक तरफ गरीबों पर टैक्स और पूंजीपतियों को टैक्स की छूट , देश में महंगाई, बेरोजगारी और सवैधानिक मूल्य खतरे में है ,इसलिए महान दार्शनिक कार्लमार्क्स ने वैज्ञानिक समाज की संरचना की बात की थी।

# रेलवे में पदभार संभालते ही दिगंजय शर्मा ने ब्राउन शुगर तस्करों को धर दबोचा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आरपीएफ कमांडर रांची रेलवे में दो मई को पदभार ग्रहण करने के ठीक दो दिन बाद ही दिगंजय शर्मा ने ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले तीन लोगों को धर दबोचा है,यह उनके पदभार लेने के बाद पहली कार्रवाई है। बता दें कि ऑपरेशन नारकोस के तहत रेलवे स्टेशन राँची से 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर(अनुमानित मूल्य 11,13,000 रुपए )बरामद तथा तस्करी में शामिल एक महिला सहित तीन तस्कर गिरफ़्तार किया गया है। बताया गया कि गुप्त सूचना मिली थी की रेल परिसर में ब्राउन शुगर की ख़रीद फ़रोख़्त हो सकती है। जिसकी तुरंत सूचना पोस्ट कमांडर राँची दिगंजय शर्मा ने सहायक सुरक्षा आयुक्त राँची अशोक कुमार सिंह को दी एवं साथ ही इसकी सूचना स्थानीय थाना चुटिया को दी गई। अविलम्ब कार्यवाही करते हुए



सहायक सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर टीम का गठन कर रेल परिसर में सघन जाँच अभियान शुरू कर दिया गया। जाँच के दौरान गठित टीम ने तीन तस्करों को गिरफ़्तार किया जिसमें एक महिला भी शामिल थी तथा उनके पास से कुल 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर की बारामदगी हुई , जिसका अनुमानित मूल्य ग्यारह लाख तेरह हज़ार आंकी गयी। सहायक सुरक्षा आयुक्त के आदेश पर बरामद ब्राउन शुगर को जप्त किया गया तथा तस्करी में शामिल सभी तीनो आरोपियों को जप्त सामग्री के साथ स्थानीय थाना चुटिया को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

**बरामदः**

स्थान .. रेलवे स्टेशन राँची

जब्त सामग्री.. ब्राउन शुगर

मात्रा.. 55.65 ग्राम

क़ीमत.. लगभग 11,13,000 रुपए

गिरफ़्तारी.. 02 पुरुष एवं 01 महिला।

### कौन हैं दिगंजय शर्मा

टाटा ,बोकारो में आरपीएफ पद पर अपने बेहतर कार्यों का निर्वहन करने वाले दिगंजय शर्मा अब रांची आरपीएफ पद पर पिछले दिनों दो मई 2024 को पदभार ले चुके हैं। डी शर्मा मूल रूप से औरंगाबाद के रहने वाले हैं, और वे आरपीएफ रेलवे थाना प्रभारी के रूप में अपने बेहतर सेवा के लिए जाने जाते हैं , 1995 बैच के पुलिस पदाधिकारी हैं, इनके पदभार लेने के बाद इनके कई शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

# उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णयों ने हेमंत सरकार को आईना दिखाया : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज रांची के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता करते हुए उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णय के आदेश में राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला ।प्रतुल शाह देव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए जो याचिका दाखिल की थी उसे उच्च न्यायालय ने न सिर्फ खारिज किया बल्कि मुख्यमंत्री के द्वारा राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुवकिल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी [ड्ब्क्(छ्ह्) 68 /2024] । उच्च न्यायालय ने अपनी तलख टिप्पणी में यह भी कहा कि ईडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटा है प्रथम दृष्टया उसमें हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्ता उजागर होती है। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में ईडी की छापेमारी में 36 लाख की रुपए




की रिकवरी पर भी बड़ा प्रश्न खड़ा किया ।उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन के द्वारा इसे अपने माता-पिता के इलाज के लिए जमा किए गए पैसे रखने की दलील को अनटेनेबल यानी असमर्थनीय माना।प्रतुल ने कहा इसी तरीके से राज्य सरकार ने साहिबगंज के नींबू पहाड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआई की जांच के आदेश को चुनौती दी थी।सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जानना था कि राज्य सरकार इस जांच को रोकने के लिए क्यों इतनी उत्सुक है? अंतत राज्य सरकार की याचिका खारिज हो गई और सीबीआई जांच जारी रहेगी.स्पष्ट है कि जो हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ था, अब उस घोटाले पर न्यायिक दृष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा है और न्यायालय पैनी नजर रख रही है।

प्रतुल ने कहा कि सदर थाने में जमीन घोटाले के संबंधित जो एफआईआर हुआ था,उसमें षड्यंत्र की धारा को जोड़ा गया था ।लेकिन इस षड्यंत्र की धारा (120 बी) को पेन से काट के मिटाने की घटना को भी उच्च न्यायालय ने बहुत गंभीरता से लिया है और कहा कि उसे समय हेमंत सोरेन की सरकार का कार्यकाल था।

## रांची जिला राजद ने प्रखंड पदाधिकारियों की सूची सुबोधकांत को सौंपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची।** रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मिला और रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले जिले के सभी नौ प्रखंडों के राजद पदाधिकारियों की सूची सौंपी ।सूची में सभी पदाधिकारियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर दिया गया है ताकि लोकसभा चुनाव में गठबंधन की कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में हर संभव मदद पहुंचाई जा सके।

सहाय ने महतो से कहा कि वह रांची जिला राजद के सभी प्रखंड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट जाने का निर्देश दें। महतो ने आसपास आश्वस्त किया कि रांची जिला के सभी नौ प्रखंडों के राजद कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में पूरी सक्रियता से भाग लेंगे। प्रतिनिधिमंडल में रामभजन सिंह, नंदलाल कुमार वाल्मीकि, करण कुमार मंडल, संतोष साह, नरेंद्र कुमार यादव, विजय राय, विशाल कुमार, चंचल कुमार, विद्या विनोद सिंह और विनोद सिंह शामिल थे।

## झिरी में दो बड़ी योजनाएं प्रगति पर है : उप प्रशासक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार की पहल पर रांची शहर के रिंग रोड स्थित झिरी में दो बड़ी योजनाएं प्रगति पर है, जिसमे पहला गेल इंडिया द्वारा 150 मेट्रिक टन के दो बायोगैस प्लांट का निर्माण तथा दुसरा लगभग 33 एकड़ में डंप 18 लाख मीट्रिक टन का निष्पादन कार्य। इस निमित आज दिनांक 04.05.2024 को उप प्रशासक रविन्द्र कुमार के द्वारा झिरी में दोनों योजनाओं की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया गया। बायोगैस प्लांट के निरीक्षण क्रम में संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि रांची नगर निगम द्वारा वर्तमान में 90 प्रतिशत लगभग 15 टन की औसत से दिया जा रहा है तथा निगम और ज्यादा बढ़ाने हेतु प्रयासरत है। उप प्रशासक ने निगम




क्षेत्रांतर्गत स्त्रोत पृथक्करण को बढ़ावा देने हेतु लोगों को और जागरूक करने का निर्देश संबंधित टीम को दिया। के निष्पादन हेतु चयनित कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि बायोरेमेडिएशन तकनीक के माध्यम से का निस्तारण करते हुए एवं तैयार करने हेतु प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है, जिसमे अलग किया जा रहा है। उप प्रशासक ने इस कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने का निदेश संबंधित कंपनी के प्रतिनिधियों को दिया। मौके पर नगर प्रबंधक, गेल इंडिया तथा के प्रतिनिधि तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे। सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि स्त्रोत पृथक्करण को बढ़ावा दे और अपने घरों/प्रतिष्ठानों में गीला सूखा कचरा अलग-अलग रखे।

## संत जेवियर्स कॉलेज में करियर उत्थान पर संवाद सत्र आयोजित

### सत्र के दौरान वक्ता संतोष कुमार ने छात्रों को करियर में आगे के बेहतर भविष्य के लिए प्रेरक सुझाव दिए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में कॉलेज के आईक्यूएसी व एनएसएस यूनिट के द्वारा कॉलेज सभागार में विद्यार्थियों को प्रबंधन कोर्स को करियर के रूप में चुनने के लिए एकदिवसीय संवाद सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में करियर लांचर के झारखण्ड प्रमुख संतोष कुमार उपस्थित थे। सत्र के दौरान वक्ता संतोष कुमार ने छात्रों को करियर में आगे के बेहतर भविष्य के लिए प्रेरक सुझाव दिए और प्रबंधन कोर्स सम्बन्धी कुछ दिशा निर्देशों का भी उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि बिना मार्गदर्शन के आपके करियर उत्थान कुछ कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शकों और अपने रूचि विषय को केन्द्रिदु बनाकर उस दिशा में चलना चाहिए। सत्र का उद्घाटन कॉलेज के एनएसएस संयोजक डॉ. अनिर्बान गुप्ता ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप उस पड़ाव पर हैं जहां आपको करियर सम्बन्धी जानकारी लेना आवश्यक होता है तभी सफल हो सकते हैं। सत्र में कॉलेज के एनएसएस वालंटियर्स व विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चुनाव और वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य रह गया है। जेएमएम-कांग्रेस की सरकार के साढ़े चार साल होने को हैं। इस दौरान राज्य ने बहुत कुछ खोया और सहा। अब वादाखिलाफी सरकार की विदाई का वक्त आया है। सुदेश कुमार महतो रविवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मैट्रिक्स क्रॉप केअर



प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार, निदेशक सतेंद्र कुमार नारायण समेत कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश ने कहा कि सरकारी संरक्षण में खनिज संपदाओं का दोहन बदस्तूर जारी है और इसने इतिहास बना दिया है। सरकार के पास युवाओं के नियोजन, सूखे खेतों में सिंचाई का प्रबंध करने के लिए कोई प्लान नहीं है। इसका परिणाम है जनता, किसान, युवा सभी असहाय महसूस कर रहे हैं। राज्य में चौतरफा निराशा है।


पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नवीन कुमार और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में एक सफल मुकाम हासिल करने के बाद वापस जमीन से जुड़कर काम करने की इच्छाशक्ति बहुत कम लोगों में होती है। नवीन के हमारे साथ जुड़ने से पार्टी में एक नवीन सोच का पदार्पण हुआ है।

## राज्य की तीन लोकसभा सीटों और गांडेय उपचुनाव के लिए स्क्रुटनी का काम पूरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को राज्य के चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीटों के अलावा गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार इन तीनों लोकसभा सीटों के अलावा गांडेय सीट के लिए स्क्रूटनी का काम पूरा कर लिया गया है। चतरा लोकसभा सीट के लिए तीन मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं।

इनमें भाजपा के काली चरण सिंह, कांग्रेस के कृष्णानंद त्रिपाठी और बहुजन समाज पार्टी के जगदेव प्रसाद के आवेदन सही पाये गये हैं। इसके अलावा पंजीकृत राजनीतिक दलों सहित निर्दलीय




प्रत्याशियों की संख्या 20 मिलाकर कुल 23 प्रत्याशी मैदान में हैं। कोडरमा लोकसभा सीट के लिए भाजपा से अन्नपूर्णा देवी और बहुजन समाज पार्टी से सिटन रविदास का आवेदन वैध पाया गया है। पंजीकृत राजनीतिक दलों में सीपीआई (माले) के विनोद सिंह समेत पांच कैंडिडेट हैं। साथ ही नौ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं। हजारीबाग सीट से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों में कांग्रेस के जेपी पटेल का नामांकन वैध पाया गया है। साथ ही भाजपा के मनीष जायसवाल और बसपा के मो मोईनउद्दीन अहमद का नामांकन भी सही है। इसके अलावा 14 अन्य प्रत्याशियों के नामांकन भी वैध पाये गये हैं।

गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए झामुमो से कल्पना सोरेन, भाजपा से दिलीप कुमार वर्मा का नामांकन हुआ है।

इसके अलावा नौ अन्य कैंडिडेट का भी नामांकन स्क्रूटनी के बाद सही पाया गया है।

# भाजपा में वापसी कर सकते हैं रामटहल भाजपा प्रभारी से हुई मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यसभा सांसद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखण्ड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने ओरमांझी प्रखण्ड स्थित पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता रामटहल चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की। बाजपेई भाजपा नेता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू के साथ ओरमांझी पहुँचे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई यह मुला?ात लगभग 1 घंटे तक चली। इस दौरान वाजपेई और चौधरी ने पुरानी बातों एवं यादों को साझा किया।इस मुलाकात के दौरान भाजपा नेता डॉ. बब्बू और रणधीर चौधरी भी उपस्थित थे। उम्मीद है कि कांग्रेस से धोखा मिलने के बाद भाजपा से पांच बार रांची से सांसद रहे रामटहल चौधरी फिर से भाजपा में वापसी कर सकते हैं। हालांकि इस मामले पर रामटहल चौधरी ने कुछ भी कहने से इंकार किया है।

## राहुल गांधी के दौरे को लेकर संबंधित जिलों को दिए गए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**रांची :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सात मई के एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम को लेकर संबंधित जिलों को कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने रविवार को बताया कि राहुल गांधी सर्वप्रथम टाटा कॉलेज चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में 11॰30 बजे तथा लोहरदगा उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में दो बजे गुमला जिला के बसिया के कोनवीर में चुनावी सभा में भाग लेंगे ।

# लोकसभा चुनाव के आगामी दिनों में मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई योजना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स, राँची के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स और विभिन्न संस्थान अपने-अपने स्तर से सहयोग करेंगे। रांची नगर निगम सभागार में आयोजित वोट करेगा रांची स्वीप में लोकसभा चुनाव को लेकर आने वाले दिनों में मतदाता जागरूकता हेतु योजना पर सभी के साथ विचार-विमर्श किया गया। नोडल पदाधिकारी स्वीप- सह-उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर-सह-सहायक



निर्वाची पदाधिकारी, राँची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाता जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए सुझाव प्राप्त किये। नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आप सभी अपने हुनर और सामर्थ्य का सदुपयोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने में करें। मतदाता जागरूकता के लिए कई सुझावों पर अपनी सहमति देते हुए दिनेश यादव ने रांची में स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों से मतदान एवं चुनाव से संबंधित सवाल भी पूछे गए एवं सही जवाब देने वालों को उपहार भी प्रदान किया गया। नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव ने सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि 25 मई 2024 को रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है, आप सभी अवश्य मतदान करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान केंद्रों तक लाएं।

# यशस्विनी सहाय आज दाखिल करेंगी नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 6 मई 2024 को रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का नामांकन करेंगी जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री चंपई सोरेन , झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि के प्रभारी गुलाम अहमद मीर , झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय उपस्थित रहेंगे। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय जी नामांकन से पूर्व हजारों की संख्या में भव्य जुलूस यात्रा के साथ नामांकन प्रक्रिया में शिरकत करेंगी । जिसका विवरण इस प्रकार है -शः नामांकन के लिए जुलूस मणि टोला काली मंदिर से पूजा अर्चना कर सुबह 7.00 बजे प्रारंभ होगी , 7:30 बजे धुर्वा सेक्टर तीन अपने आवास से प्रस्थान और दुर्गा मंदिर के दर्शन, 7:45 में बिरसा चौक स्तिथ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण, 8.00 बजे हिनू चौक स्तिथ (हनुमान मंदिर ,शनि मंदिर में दर्शन ), 8:15 में डोरंडा एजी



मोड़, 8:30 में स्वामी विवेकानंद चौक, 8:45 में बाबा साहेब आंबेडकर चौक, 9:00 बजे रिसलदार बाबा के मजार , 9:30 बजे कडरू ब्रिज, 9:40 में कडरू महावीर मंदिर में दर्शन, 10:00 बजे अरगोरा चौक हनुमान मंदिर में दर्शन, 10.20 में हरमू चौक, 10:30 में सहजानंद चौक, 10:40 में कार्तिक उरांव चौक, 10:50 में भारत माता चौक, 11 बजे किशोरगंज चौक, 11:10 में रातु रोड चौराहा , 11:20 में जाकिर हुसैन पार्क ,11:30 में समाहरणालय भवन में नामांकन कर, फिर प्रातः12:00 बापू वाटिका मोराबादी में बापू की प्रतिमा में माल्यार्पण कर रांची लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग हजारों लोग की भीड़ को संबोधित करेंगी।

# सेल सैटेलाइट टाउनशिप में स्वास्थ्य चर्चा एवं योग सत्र का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेल अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सेल सैटेलाइट टाउनशिप के इस्पात कार्यपालक छात्रावास में स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र का आयोजन किया। डॉ. जेके रथ, पूर्व सीएमओ, इस्पात हॉस्पिटल एवं योग विशेषज्ञ रितु रूंगटा ने क्रमशः स्वास्थ्य वार्ता और योग सत्र में सेल कर्मियों को स्वास्थ्य के नुस्खे दिए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सेल, सीईटी के कार्यपालक निदेशक एसके वर्मा ने कॉर्पोरेट जगत में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. रथ ने अच्छे आहार और नियमित व्यायाम के अलावा मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों को शुरुआती अवस्था में ही रोकने के लिए शीघ्र निदान और उचित चिकित्सा देखभाल पर जोर दिया, ताकि बाद में जटिलताओं से बचा जा सके। रितु रूंगटा ने सेल कर्मचारियों के लंबे समय तक डेस्क वर्क तथा जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम से संबंधित कुछ चुनिंदा श्वास तकनीकों और विशेष योग मुद्राओं का प्रस्तुतीकरण किया।

सेल, सीईटी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया।

## ग्रिजली विद्यालय में प्रेम रावत टीम के द्वारा करियर संबंधित प्रेरक सत्र संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तिलैया डैम स्तिथ ग्रिजली विद्यालय में स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा प्रेम रावत टीम राज विद्या केंद्र के सौजन्य से करियर संबंधित प्रेरक सत्र आयोजित किया गया। कक्षा नवमी, ग्यारहवीं एवम बारहवीं के छात्रों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में उदय कुमार, पोस्टल इंस्पेक्टर मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए और छात्रों को प्रेम, शांति, सद्भावना के साथ साथ कैरियर संबंधित प्रेरक सत्र छात्रों के साथ आयोजित किया। इसके अलावा श्री प्रेम रावत फाउंडेशन के द्वारा चल रहे शांति कार्यक्रम के बारे में भी छात्रों को वीडियो के द्वारा बताया। इससे पूर्व विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने मुख्य वक्ता एवम अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में शांति के अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं और उनमें से एक श्री प्रेम रावत फाउंडेशन टीम के द्वारा किया जा रहा अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की इस प्रकार के सत्र से छात्रों को शांति, सद्भावना जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने में सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में छात्रों की भी भागीदारी सराहनीय थी एवम छात्रों ने मुख्य वक्ता से इस विषय पर अनेकों प्रश्न किए जिनका उत्तर मुख्य वक्ता के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार चौधरी, बुद्ध देव नस्कर, स्टुडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स संयोजक सुनील साव, शिक्षक संतोष कुमार , शफीक आलम एवं अन्य उपस्तिथ थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन का प्रखंड स्तरीय चुनावी बैठक संपन्न

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रविवार को प्रखंड के ईटांय पंचायत अंतर्गत योगीडीह में इंडिया गठबंधन की प्रखंड स्तरीय चुनावी बैठक आयोजित की गई की। बैठक में राजद,कांग्रेस, झामुमो व वामदलों के जिला व प्रखंड स्तरीय नेता तथा कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता राजद कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव व संचालन सीताराम राय ने की। बैठक में वार्ड से बूथ स्तर पर समीक्षा करते हुए इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के बूथ कमिटी को लेकर संयुक्त एंव सशक्त बूथ कमिटी गठन करने का निर्णय लिया गया।ताकि हर बूथ पर गठबंधन के कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से बूथ लीड करा सकें। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि पिछले चुनाव में जनता ने भाजपा के बड़े बड़े वादों के साथ विकास व मंहगाई व रोजगार के नाम पर वोट किया था।लेकिन सब जुमला निकला। इस चुनाव में जनता भाजपा के कथनी व करनी जान चुकी है।

मौके पर, जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष,रामधन यादव, राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष -भागीरथ पासवान, जेएमएम जिलाध्यक्ष-बीरेंद्र पांडेय,जेएमएम नेता -गोपाल यादव,सीपीएम नेता -असीम सरकार, स्थानीय मुखिया अमर कुमार,सीपीआई अंचल सचिव -धनंजय यादव,बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष -विजय सिंह,राजद प्रखंड अध्यक्ष सूरज सिंह यादव,अजित यादव अखिलेश यादव,निशांत कुमार,अशोक कुमार सिंह,उपेंद्र यादव,डॉ0सरयू प्रसाद यादव ,शंकर यादव ,विनोद यादव ,इंद्रदेव यादव,विक्रम यादव,मो.इरशाद,सुरेंद्र रविदास, सीताराम राय समेत इंडिया गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत स्वीप फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कोषांग कोडरमा के तहत जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल कप टूर्नामेंट कोडरमा 2024 का आयोजन किया गया। फुटबॉल कप टूर्नामेंट का आयोजन झुमरी तिलैया स्थित सी.एच प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में किया गया। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया। उसके उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बऑल को किक मारकर टूर्नामेंट की शुरुआत किया गया। पुरुष वर्ग में ग्रुप 'ए' अंतर्गत चाराडीह और मॉरियम के बीच मैच खेला गया , जिसमें मॉरियम 3-0 से विजेता रहा। उसी प्रकार ग्रुप 'बी' अंतर्गत मंडुवाटांड व करियावां के बीच मैच खेला गया, जिसमें मंडुवाटांड 3-1 से विजेता रहा। पुरुष वर्ग में फाइनल मैच मंडुवाटांड व मॉरियम के बीच खेला गया, जिसमें 5-3 से मडुवाटांड की टीम. विजेता रहा। इसी प्रकार से महिला वर्ग में ग्रुप ए% अंतर्गत ढाब एवं खरखार के बीच मैच खेला गया , जिसमें ढाब 2-0 से विजेता रहा और ग्रुप 'बी' अंतर्गत डोमचांच एवं थाम के बीच हुए मैच में थाम 5-1 से विजयी रहा। महिला वर्ग में ढाब व थाम के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमे ढाब टीम विजेता रहा। विजेता टीम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा शील्ड प्रदान किया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में शील्ड प्रदान किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप फुटबॉल टूर्नामेंट में का आयोजन किया गया ताकि नैतिक मतदान करने हेतु स्वयं एवं लोगों को जागरूक किया जा सके और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। आगामी 20 मई 2024 को अपने घरों से निकलें एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं और मतदान अवश्य करें। आप स्वयं और अपने आस पास, पड़ोस और परिवार जनों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 मई 2024 को मतदान है। अधिक से अधिक लोगों के पास मतदान दिवस के संदेश को पहुंचायें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज की अगुवाई में पदाधिकारी और कर्मचारियों , खिलाड़ियों सहित युवा मतदाताओं ने गुब्बारे आकाश में उड़ाए। इस दौरान सभी ने 20 मई 2024 को नैतिक और विश्वास के साथ मतदान में भागीदार बनने का दृढं संकल्प लिया। टूर्नामेंट के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अगुवाई में खिलाड़ियों ने कैंडल मार्च निकालकर शत् प्रतिशत वोट करेगा कोडरमा का संदेश दिया ।जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल टूर्नामेंट कोडरमा 2024 कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों संग खिलाड़ियों व युवा मतदाताओं ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली और लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल टूर्नामेंट कोडरमा 2024 कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी, खिलाड़ी, युवा मतदाता के साथ साथ आमजनों ने हस्ताक्षर कर नैतिक मतदान करने का पाठ पढ़ाया। सभी करेंगे मतदान यही तो है सशक्त लोकतंत्र की पहचानज का संदेश देते हुए लोगों को नैतिक मतदान के महत्व को बताया गया। नैतिक मतदान की शपथ दिलाया गया.मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निषाद प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा समेत अन्य मौजूद रहे?। टूर्नामेंट में जिला के शारीरिक शिक्षक अजीत कुमार, संजय कुमार यादव, संतोष कुमार, गुंजन कुमार, दिनेश सिंह, सुजीत कुमार, नालिन कुमार, जाटाशंकर, राजीव सत्यानंद जयप्रकाश सूरज प्रशांत मनोहर मनोहर नूतन प्रतिभा अर्चना का अहम योगदान रहा ।मंच का संचालन राजेश्वर पांडेय ने किया।

## आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के पतराहातु विधानसभा कार्यालय में रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा मौजूद रहे। बैठक में चुनाव से संबंधित एवं तैयारी को लेकर कई महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा करते हुए कई दिशा निर्देश दिए गए। इस बैठक का अध्यक्षता एवं संचालन विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने किया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, विधानसभा चुनाव प्रभारी डॉक्टर राकेश भास्कर, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ राजाराम महतो, विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल, विधानसभा सह संयोजक शंकर भगत, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रताप कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, सृष्टिधर महतो, चितरंजन महतो, दिलेश्वर कोइरी, सृष्टिधर प्रजापति, मनोज महतो, महिला मोर्चा नेत्री बीना देवी समेत सिल्ली विधानसभा स्तरीय मंडल पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र के संयोजक, सहसंयोजक, प्रबंधन समिति के सदस्य, मोर्चा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वीप के तहत खूंटी प्रखंड में स्कूटी रैली व रात्रि चौपाल का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी, ज्योति कुमारी के नेतृत्व में ÷मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली÷ के माध्यम से शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को किया गया जागरूक।

इस रैली में क्षेत्र की महिलाएं एवं युवक - युवतियों ने भाग लिया। मतदाता जागरूकता नारे लगाकर क्षेत्र के लोगों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया।

स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला अंतर्गत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में आम जनों को क्षेत्र में मतदान करने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन कर मतदाता प्रतिज्ञा ली गई एवं 13 मई, 2024 को मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचने की अपील की गई।

शहरी क्षेत्र में आवश्यक रूप से मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो।

## ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज का खुला दफ्तर
# कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष शारिक अदिब ने फीता काट कर कार्यालय का किया उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारीक अदीब द्वारा प्रदेश कार्यालय का रविवार को कांटाटोली के कोकर स्थित उद्घाटन किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी शफकत अली, प्रदेश अध्यक्ष डॉ कलीम अंसारी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शमीम अख्तर अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारीक अदीब ने उद्घाटन उपरांत कहा के पिछडा एवं पसमांदा समाज को बेदार करना है हिस्सेदारी के प्रति जगाना है शिक्षा की भारी कमी है उसे दूर करना है। झारखंड एक पसमांदा बहुल रियासत है यहां बहुत गरीबी है, उसे शिक्षा की रोशनी से दूर किया जा सकता है। प्रदेश कार्यालय लखनऊ के बाद झारखंड में दूसरा उद्घाटन किया गया है। पसमांदा समाज को उनके अधिकार के प्रति जगाने के मकसद से ही इस कार्यालय को झारखंड के राजधानी रांची में खोला गया। झारखंड के 14 लोकसभा में इंडिया एलाइंस और एनडीए द्वारा प्रत्याशी नहीं दिए जाने पर पत्रकारों के सवाल करने पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद से अब तक बहुत सारे प्रधानमंत्री बने पर कभी पसमांदा समाज का किसी प्रधानमंत्री ने नाम नहीं लिया वर्तमान देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने पसमांदा समाज का नाम तो लिया उन्होंने महसूस किया कि पसमांदा समाज के साथ 65 -70 वर्षों में वह विकास नहीं हो पाया जो होना चाहिए था। देश में जिस समुदाय का जितना आबादी उसको इतना ही हिस्सेदारी मिलनी चाहिए थी लेकिन पसमांदा समाज के हिस्सा को अशराफ वर्ग द्वारा हड़प लिया गया।

पसमांदा समाज के साथ बहुत भेदभाव किया गया, हम सरकार से लड़ना नहीं चाहते हैं हम अपना हक मांगते हैं हमें हमारा हक मिले इसके लिए हम आवाज उठाएंगे। उक्त मौके पर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों ने अपनी- अपनी राय रखी और शिक्षा के प्रति अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम का समापन मौलाना रकीब अंसारी की दुआओं पर समापन किया गया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री इसराइल अंसारी, उपाध्यक्ष तैयब उल कादरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मौलाना रकीब अंसारी, मीडिया प्रभारी परवेज अंसारी, प्रदेश सचिव राजाउल हक अंसारी, स्टेट कोऑर्डिनेटर सह जिला अध्यक्ष एडवोकेट यासीन अंसारी, असलम अंसारी गिरिडीह जिला अध्यक्ष, अफजल हुसैन सचिव झारखंड प्रदेश, मोहम्मद नसीम अंसारी जिला अध्यक्ष सरायकेला, इरफान अंसारी जिला अध्यक्ष गिरिडीह, मशरिक जहां कोषाध्यक्ष झारखंड प्रदेश, मोहम्मद शारिक अंसारी सचिव झारखंड प्रदेश आदि कई अन्य मौजूद थे।

## कच्चाबारी चौक में कांग्रेसी चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कच्चाबारी चौक में कांग्रेस चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कच्चाबारी मुखिया ज्योति मिंज ने पिता काटकर किया. कांग्रेस चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान इंडिया महागठबंधन के प्रत्यासी कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजय बनाने एवं केन्द्र में इंडिया महागठबंधन की सरकार बनाने की अपील किया गया. इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया, वरिष्ठ कांग्रेसी केडी गुरू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, परवेज खान, सुशील संगा, मंजुला उरांव, रामसिंह भगत, शिबू होरो,लोहरा बाखला, सुनील मिंज, हबिल कच्छप, नशीम खान, राजा खान के अलावे अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## खलारी में पहाड़ी मंदिर से शुरू हुआ संजय सेठ का जनसंपर्क अभियान

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने रविवार को खलारी प्रखंड के विभिन्न गांव, मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाया. अभियान की शुरुआत खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर से हुयी. भाजपा प्रत्याशी ने पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया. संजय सेठ लपरा तथा हेसालोंग में ग्रामीण महिलाओं की एक सभा को संबोधित किए. उन्होंने ग्रामीण महिलाओं तक पहुंच रहे केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली. नावाडीह में ग्रामीण महिलाओं व लोगों से मिलकर उनका कुशल पूछा और मोदी जी के नेतृत्व में एक बार फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की अपील की.केडी बाजार में कुछ व्यवसायियों से मुलाकात किए और खलारी व्यवसायी संघ के सभी लोगों से मिलने की तारीख सुनिश्चित करने का आग्रह किया. इसी कड़ी में आगे डकरा स्थित बीएमएस कार्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवम बीएमएस के कार्यकर्ताओं की एक संयुक्त बैठक को संबोधित किया.मां भारती को परम वैभव के उच्चतम शिखर पर विराजमान करने हेतु मोदी जी के हाथो को और सशक्त बनाने का आह्वाहन किया. जनसंपर्क का यह कार्यक्रम डकरा से राय बाजार होते हुए बमने पंचायत तक चला.कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री प्रीतम साहू, मंडल महामंत्री कार्तिक पांडेय व अनिल गंझू, सरस्वती देवी, अरविंद सिंह, शत्रुंजय सिंह, श्यामसुंदर सिंह, आनंद सिंह, आनंद झा, भरत रजक, मनोज जायसवाल, रविन्द्र पासवान, रवि भूषण, दिनेश गुप्ता, जितेंद्र भारती, शशि साहू, रामसूरत यादव, राजू गुप्ता, कमलेश महतो, संजीत तुरी, अनिल तुरी, प्रदीप ठाकुर, लाल बाबू, रितेश केसरी, दिनेश्वर सोनी, नागदेव सिंह, रतनलाल, रामप्रवेश नायक, प्रदीप सिंह, विनोद शर्मा, मदन सिंह, उज्जवल सिंह, अजीत पांडेय, राहुल सिंह, ममता केसरी, नीरा देवी, सरिता देवी, दीपशिखा देवी, अनिता देवी आदि मौजूद थी.

## परिषद के मतदाता जागरूकता अभियान का आठवां दिन
## गांव-गांव जाकर लोगों को राष्ट्रहित में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे परिषद के कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** अभाविप झारखंड प्रांत द्वारा शत प्रतिशत मतदान के ध्येय के साथ पूरे प्रदेश में मतदाता जागरण अभियान चलाया जा रहा है जिसके निमित्त रांची ग्रामीण के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरण अभियान चलाया जा रहा है, परिषद के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर छोटी-छोटी बैठक करके लोगों को राष्ट्रहित में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह कर रहे हैं परिषद के कार्यकर्ता संकल्प मतदान काट्ठ राष्ट्र के उत्थान का नारा के साथ लोगों के पास जा रहे हैं। वोट फॉर भारत का कैंपेन भी चला रहे हैं।गांव-गांव में जाकर उन्हें राष्ट्र हित में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं आज मांडर इकाई के कार्यकर्ताओं ने मांडर प्रखंड के विभिन्न गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया। इस अभियान में मुख्य रूप से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी कार्यकर्ता शिवम पाठक ओम प्रणव, धीरज, सीताराम, विक्की राहुल, कुणाल, राजा सहित दर्जनों कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

## चतरा पंचायत के पूर्व मुखिया की अपील

**नामकुम :** चतरा पंचायत के ग्रामीणों को सूचित किया जाता हैं कि टाटीसिलवे ओभर ब्रीज सें चतरा ओवरब्रिज के बीच में रेलवे लाईन के बीच में रेलवे ट्रेक जोईट के पास इस जोंईट को सपोर्ट देने के लिए इसे एंगल सें नट बोल्ट से टाइट कर मजबूती प्रदान किया जाता हैं परन्तु कुछ सरारती तत्व इसे बार बार चोरी कर लें रहें हैं । जिसके कारण बहुत बड़ी रेलवे दुर्घटना होने कि सम्भावना हैं । आप सभी ग्रामीणों से आग्रह हैं इस एंगल चोरी करने वालें व्यक्ति का पता करनें का प्रयास करें ताकि बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके एवं चतरा गाँव कि बदनामी न हों ।

## इंडियन डायनामिक पब्लिक स्कूल बानापीड़ी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड छात्र संघ के बैनर तले ग्राम बानापीड़ी ,जाड़ी, पतराटोली, मुरुमगढ़ा, मांधना टोली ,समेत आसपास के छात्राओं का इंडियन डायनामिक पब्लिक स्कूल बानापीड़ी के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित की गई। जिसमें मैट्रिक और इंटर पास लड़कियों की उच्च शिक्षा के विषय में चर्चा की गई। सभी छात्राओं ने ज्ञहम पढ़ेंगे हम बढ़ेंगेज्ञ का नारा बुलंद करते हुए कहा कि वे तब तक अपनी आगे की उच्चस्तरीय शिक्षा जारी रखेंगे जब तक वह कामयाब हो कर अपने और अपने मां - बाप के साथ- साथ अपने समाज का नाम रौशन न कर दें छात्राओं के समक्ष सिग्मा पब्लिक स्कूल के संचालक मोहम्मद आसिफ ने कहा कि हमारे देश की उन्नति तब ही होगी जब लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त करके किसी सरकारी पद पर पहुंचेंगी। इंडियन डायनामिक पब्लिक स्कूल के संचालक नौशाद आलम ने छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा की अगर आप पढ़ना चाहती है तो झारखंड छात्र संघ की तरफ से हर संभव आपकी मदद और रहनुमाई की जाएगी। मौलाना अब्दुल हकीम साहब, मौलाना इमरान साहब, मौलाना सुहेल साहब ने इस तरह के आयोजन को सराहते हुए कहा कि हमें ऐसे नौजवानों से काफी उम्मीदें हैं कि ये शिक्षा को और उसके मकसद को आगे ले जाने में एक दिन जरूर कामयाब होंगे समारोह को आलिमा सुहाना प्रवीन, आलिमा यास्मीन प्रवीन ने भी संबोधित किया। संचालक के तरफ से छात्राओं को सर्टिफिकेट तथा बतौर इनाम ड्रेस (नकाब) हदिया ( गिफ्ट ) किया गया। मौके पर अभिभावकों के साथ साथ संगठन के मौलाना फिरोज, नसीम अख्तर, इरशाद अंसारी, तौफीक अंसारी, सगीर अंसारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## झामुमो ने महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड बक्सपुर पंचायत के लापा सरना टोली में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के द्वारा इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करके प्रचार- प्रसार किया गया. इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को भारी मतो से विजय बनाने का संकल्प लिया गया. और जनता इंडिया महागठबंधन को चुनाव चिन्ह हाथ छाप में वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने कि अपील कि गयी. कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो नेता सुदीप गुड़िया,कॉंग्रेस नेत्री दयामनी बारला, जगदीश मुंडा, जयसिंह, सोनू इमरान ,राहुल केशरी, विनोद उरांव, शम्भू शर्मा, पूनम बारला, ग्लोरिया लुगून, मुन्ना हेरेंज, संजय मुंडा, लछुवा लोहरा, बिमल तोपनो, जोसफ आईन्द, पौलुस होरो, नंदू कच्छप, केलेमिस्या ओरया, रोशन उरांव, पूनम कोंनगाड़ी, शोभा बारला, सुधीर होरो, बाका लकड़ा, राजू उरांव, संजय मुंडा, बिरसा होरो, जोहान आईन्द,मंगल पहान, सुनील धान के अलावे अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खूंटी एवं तोरपा विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मतदान अधिकारी द्वितीय का प्रशिक्षण आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मतदान अधिकारी द्वितीय के लिए बिरसा कॉलेज, खूंटी एवं लोयला इंटर कॉलेज परिसर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदान अधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्वों से विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक कार्य संपादन की विस्तार जानकारी दी गई। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम एवं एनएलएमटी सह बीडीओ, पदमा, हजारीबाग मृत्युन्जय शर्मा द्वारा प्रशिक्षण केंद्रों पर पहुंच कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया गया। मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त अधिकारियों द्वारा सुविधा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया और मतदान कर्मियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी श्री आलोक शिकारी कच्छप द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान अधिकारी द्वितीय को बताया गया कि आप सभी अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर(17A) एवं मतदाता पर्ची के प्रभारी होंगे। मतदानकर्मियो को अमिट स्याही का प्रयोग, मतदाता रजिस्टर संधारण एवं पर्ची मिलान के संबंध में पीपीटी एवं ब्लैक बोर्ड पर लिख कर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य संपादन एवं दायित्वों से मतदान अधिकारियों को अवगत कराया गया। मतदान अधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों का पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्हें ईवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 59- तोरपा एवं 60- खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त क्रमशः 280 एवं 328 महिला-पुरुष प्रथम मतदान अधिकारी शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान के चुनाव कार्य निष्पादन से संबंधित प्रश्नोत्तर के माध्यम से मतदान अधिकारियों की कार्य कुशलता की जांच की गई। मतदान अधिकारी द्वितीय को मास्टर ट्रेनर श्री चैतन मनोहर टोपनो, नीरज कुमार पाण्डेय, विष्णुनंद तिवारी, श्री देवेन्द्र गोप, श्री आनन्द कुमार महतो, श्री बजरंग साहू सहित अन्य मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




*महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, विधायक दशरथ ने खरसावां के विभिन्न गांवों का किया दौरा, कहा*

# 10 सालों से खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को खूंटी संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने संयुक्त रूप से जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और विधायक दशरथ गागराई ने खरसावां प्रखंड के बिटापुर, रायडीह,आमदा?,खरसावां, कदमडीहा कृष्णापुर ,डोंगलटांड, जोरडीहा, बडाबांबो,गोंडामारा तेलाईडीह,जोजोकुडमा,आदि गांवों में डोर टू-डोर जाकर जनसंपर्क करते हुए महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। ग्रामीणों ने प्रत्याशी और खरसावां विधायक का काफी गर्म जोशी से स्वागत किया। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। विकास के नाम पर लोगों के साथ धोखा हुआ है। महंगाई बेरोजगारी और अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। वहीं विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि भाजपा के पूर्व सांसद का पांच साल की कार्यकाल को निराशाजनक रही। बीजेपी सरकार की नियम नीति आदिवासी के खिलाफ है। बीजेपी सरकार गरीबों का विकास के जगह विनाश व शोषण करने का सरकार है। जनसंपर्क अभियान के बाद शाम को बड़ाबांबो में महागठबंधन के चुनावी कार्यालय का प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, विधायक दशरथ गागराई, समाजसेवी बासंती गागराई ने संयुक्त रूप से फिता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, कोंदो कुंभकार, धनु मुखी, सानगी हेमरम एवम तमाम महागठबंधन की कार्यकर्ता उपस्थित थे।

*श्रीलेदर्स की प्रेरक शक्ति किरणमयी डे के 101वीं जन्म उत्सव पर उन्हें किया नमन*

# मां के आत्मविश्वास ने श्रीलेदर्स को दिया उड़ान : शेखर डे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्रीलेदर्स की प्रेरक शक्ति स्व. किरणमयी डे के 101वें जन्म उत्सव आज बिष्टुपुर शोरूम में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर किरणमयी डे पुत्र शेखर डे, बहू ज्योत्सना डे, ने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर शेखर डे ने नम आंखों से मां किरणमयी डे को याद करते हुए बताया कि, श्रीलेदर्स की स्थापना से लेकर आज तक मां किरणमयी डे की प्रेरक शक्ति ही श्रीलेदर्स को देश दुनिया में एक अलग पहचान दी है। उन्होंने कहा, मां आत्मविश्वास की धनी थी। उन्होंने पिता सुरेश चंद्र डे, बच्चों, परिवार के लोगों के अलावा अपने करीबियों का हमेशा हौसला बढ़ाया है। जीवन में श्रीलेदर्स परिवार ने जब भी मुसीबत आया है मां चट्टान बन कर खड़ी रही। नतीजतन श्रीलेदर्स एक विशाल पेड़ की तरह देश भर में अपनी पहुंच बनाने में कामयाब रही। श्री डे ने का कहा कि मां और पिता की विरासत को बेटों ने आगे बढ़ाया है। अब उनके पोतों ने इसे विस्तार करते हुए देश के कई राज्यों में एक्सक्लूसिव शोरूम खोल दिया है। श्रीलेदर्स ने हमेशा अपने प्रोडक्ट के कीमत और क्वालिटी से समझौता नहीं किया है। उन्होंने बताया उनके बेटे सह श्रीलेदर्स के पार्टनर सुशांतो डे ने श्रीलेदर्स शोरूम में शू प्रोडक्ट के साथ एक्सेसरीज़ प्रोडक्ट को जोड़ा है। शेखर डे खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, बेटा शुशांतो डे श्रीलेदर्स की कमान अपने हाथों में लेकर बेहतर कार्य कर रहे। जन्म उत्सव समारोह में मुख्य रूप से शेखर डे, ज्योत्सना डे, भास्कर मित्रा, श्यामल शिल, पी के नंदी , बरूण डे, सुब्रता मंडल, गोविंद राव, श्रीलेदर्स शोरूम के सभी कर्मचारी के अलावा कई गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। मंच का संचालन मीरा शर्मा ने किया।

## फरिश्ते-द गुड सेमेरिटन लॉ और किशोरों में नशे की लत-रोकथाम पर सेफ का सत्र आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेफ ने जुस्को स्कूल कदमा के कुडी महंती ऑडिटोरियम में 29 स्कूलों के 340 छात्रों और सेफ कॉर्डिनेटरों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। सत्र का उद्घाटन सेफ की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन और चीफ सेफ्टी नीरज कुमार सिन्हा ने किया। सत्र के फैकल्टी सदस्य डॉ. मनोज साहू, वरिष्ठ सलाहकार और मनोचिकित्सा विभागाध्यक्ष टीएमएच और गुड सेमेरिटन लॉ एवं सीआईआई यंग इंडियंस की टीम ने कवर किया। नीरज कुमार सिन्हा ने छात्रों को सत्र को अधिक इंटरैक्टिव बनाकर इसका अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।सेफ की कॉर्डिनेटर मोम मित्रा ने बताया कि इस सत्र कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्र थे। अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी था, जिसमें स्कूली बच्चों ने संकाय सदस्यों से विभिन्न प्रश्न पूछे। सेफ जमशेदपुर के 32 स्कूलों, झरिया के 4 स्कूलों, ओएमक्यू के 7 स्कूलों और वेस्ट बोकारो डिवीजन के 7 स्कूलों में सक्रिय रूप से शामिल है, जिसकी अध्यक्षता रुचि नरेंद्रन करती हैं।

## केएस कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र के नव नामांकित छात्रों का परिचयात्मक संगोष्ठी आयोजित



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** काशी साहू महाविद्यालय सरायकेला में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र 3630 में सत्र जनवरी 2024 के लिए नव नामांकित छात्रों के लिए परिचयात्मक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि काशी साहू महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ. बिनीता उराँव उपस्थित रही। शिक्षार्थियों एवं अतिथियों का स्वागत केंद्र के सहायक समन्वयक प्रकाश कुमार द्वारा किया गया। सहायक समन्वयक प्रकाश कुमार ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण प्रणाली के विभिन्न बिन्दुओं से शिक्षार्थियों को अवगत कराया गया। इग्नू के काउंसलर चंद्रशेखर राय एवं निरंजन कुम्भकार द्वारा केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई।मंच का संचालन अमलेश कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय उराँव, श्रीराम तियु, विकास जामुदा, कमलकान्त दास एवं रिपुल कुमार माझी सहित दर्जनों शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पूजन एवं प्रभु जगन्नाथ के रथ निर्माण को लेकर जगन्नाथ सेवा समिति की बैठक

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगन्नाथ मंदिर सरायकेला में श्री जगन्नाथ सेवा समिति की एक बैठक समिति अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर सिंह देव उर्फ राजा सिंह देव की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में मुख्यत आगामी 10 मई को होने वाले अक्षय तृतीया के साथ ही भगवान जगन्नाथ के रथ निर्माण को लेकर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। सृष्टि के इस प्रथम दिवस पर मंदिर की साफ सफाई के साथ कारीगर व निर्माण कार्य में यजमान के रूप में पूर्व सचिव सह जगन्नाथ सेवक कार्तिक कुमार परिच्छा को प्रति वर्ष की भांति तैयार रहने को कहा गया। समिति द्वारा इस बार रथ की आवश्यक मरम्मती के साथ एक नए रथ निर्माण हेतु भी कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सेवा समिति के अध्यक्ष राजा सिंहदेव, पूर्व अध्यक्ष बादल दुबे, सचिव पार्थसारथी दास, पूर्व सचिव कार्तिक कुमार परिच्छा, गणेश सथपथी, राजेश मिश्रा, कोल्हू महापात्र, परशुराम कवि,अजय साहु, चित्रा पटनायक एवं सुमित महापात्र सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## लावा में 6 घंटे के अंदर नया ट्रांसफॉर्मर लगने से हर्ष

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भीषण गर्मी के कारण अत्यधिक लोड पड़ने की वजह से पिछले दिनों पटमदा के लावा गांव में 100 केवीए का विद्युत ट्रांसफॉर्मर जल जाने के बाद उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई थी। फिर उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क करते हुए दूसरा ट्रांसफॉर्मर 30 अप्रैल को लगवाया जो 4 दिनों बाद खराब हो गया। गर्मी से परेशान उपभोक्ताओं ने शनिवार को फिर से संपर्क करते हुए लाइनमैन सुरेश कुमार रजक की मदद से एक अन्य ट्रांसफॉर्मर 6 घंटे के अंदर लगवा लिया जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। मौके से लाइनमैन सचिन दास, भोलानाथ माझी व कालीराम सिंह के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।

## कपाली के दारैन एकेडमी की चौथी मंजिल का निर्माण कार्य शुरू, शामिल हुए लोग



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कपाली स्थित दारैन एकेडमी, जमशेदपुर की आज चौथी छत की ढलाई हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना हाफिज अजमत मिस्बाही की तिलावत -ए- कुरान से हुई। इस मौके पर मुहम्मद अमानत रजा ने नात पढ़ी। इस अवसर पर दारैन एकेडमी के छात्राओं के अलावा जमशेदपुर के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मिमर मिल्लत के संस्थापक हज़रत अल्लामा मुफ्ती अब्दुल मलिक, मिस्बाही खतीव, मदीना मस्जिद के इमाम के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। दारैन एकेडमी ने अपने स्थापना के पांच साल में हिफ्जे कुरान और मैट्रीक की बेहतरीन पढ़ाई के साथ यु.पी.एस.सी, मेडीकल और इन्जीनियरिंग की तैयारी कराई जाती।जमशेदपुर के अलावा इस संस्था में उड़ीसा, झारखंड, बिहार, पंजाब और नेपाल के छात्रों को तालीम दी जा रही है। 2800 वर्ग फिट पर आधारित चौथी छत की ढलाई रविवार को सुबह10ः00 बजे से शुरु हुई।

## कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती के लिए शुरु किया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के आह्वान पर बिरसानगर प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष संजय घोष के नेतृत्व में बिरसानगर के 250 घरों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस पार्टी का गारंटी पत्र देकर प्राप्ति रशीद भरा गया। प्रखण्ड अध्यक्ष संजय घोष ने कहा कि लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। अधिकांश लोगों ने कहा कि हमें मोदी सरकार से छुटकारा चाहिए। लोगों ने कांग्रेस पार्टी का झण्डा भी घर घर पहुंचाने के लिए कहा। बिरसानगर प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के द्वारा इंडिया गठबंधन दल के प्रत्याशी समीर मोहंती को भारी संख्या में वोट देने के लिए अपील भी किया। उत्साहित लोगों ने समीर मोहंती को साथ देने का वचन दिया। जनसंपर्क अभियान में प्रखण्ड अध्यक्ष संजय घोष, एल सोनाराम, संजय तिवारी, प्रबल बारी सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

## बसपा के जमशेदपुर लोकसभा प्रत्याशी प्रणव महतो ने हाथीखेदा मंदिर में की पूजा अर्चना, मांगी मन्नत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बहुजन समाज पार्टी के जमशेदपुर लोकसभा प्रत्याशी प्रणव महतो ने रविवार को बोड़ाम थाना क्षेत्र के लावजोड़ा स्थित कोल्हान के प्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की एवं जमशेदपुर की जनता के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। प्रणव महतो ने बताया कि वे सोमवार को नामांकन करेंगे। साकची आमबगान मैदान से ग्यारह बजे नामांकन के लिए गाजेबाजे के साथ समर्थकों के संग रैली की शक्ल में उपायुक्त कार्यालय के लिए रवाना होंगे। नामांकन कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, जिले के वरिष्ठ नेतागण व लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग शामिल होंगे।

## राजद नेता अब्दुल मजीद को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राजद कैम्प कार्यालय गम्हरिया में एक शोक सभा का आयोजन कर पार्टी के वरिष्ठ नेता आदित्यपुर निवासी अब्दुल मजीद को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा की अध्यक्षता जिला प्रवक्ता मुकेश झा ने किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव ने कहा कि अब्दुल मजीद के निधन से पार्टी ने एक समर्पित एवं जुझारू नेता खो दिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से शुशीता बारीक, श्याम सुंदर मालाकार, रामानंद महतो, भादो मुर्मू, पुष्पा सिंह, राजकूमारी सिंह, आशुतोष राणा, रामेश्वर सिंह यादव, राजीव यादव, यशोदा गोप, राजेंद्र यादव शिवेन्दा तिवारी अखिलेश सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में पूर्व जिलाध्यक्ष गाजु साव ने दिया।

## एसएसपी किशोर कौशल की पहल पर ट्रैफिक पुलिस जवानों को मिला गर्मी से राहत का सामान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर के ट्रैफिक पुलिस जवानों को गर्मी से राहत दिलाने की एक पहल जमशेदपुर एसएसपी किशोर कौशल ने की। इसके तहत ट्रैफिक पुलिस के जवानों को छाता, तौलिया, ओआरएस के पैकेट और चश्मा दिया गया। ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मी को ठंडा पेयजल के लिए एक एक घड़ा भी दिया गया। वहीं एसएसपी ने निर्देश दिया है कि अगर किसी राहगीर को भी पानी की जरूरत है तो ट्रैफिक पोस्ट से उसे भी पानी दिया जाए। एसएसपी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को मौसम की मार झेलनी पड़ती है। इन दिनों शहर में भीषण गर्मी पड़ रही है। ट्रैफिक पुलिस के जवान इस धूप में भी सड़क पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था को संचालित करते हैं। इसीलिए उन्होंने विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से छाता, टॉवेल, ओआरएस के पैकेट, चश्मा और पानी ठंडा करने के लिए घड़े का इंतजाम किया है. इन सब चीजों का वितरण साकची सीसीआर परिसर स्थित झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सभागार में आयोजित हुआ।

## ठेका एजेंसी की मियाद खत्म होने के बावजूद आदित्यपुर ननि के रसीद पर वसूला जा रहा माशूल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत गम्हरिया बाजार में ठेका एजेंसी की मियाद पूरा हो जाने के बावजूद फुटपाथी दुकानदारों से माशूल की जबरन वसूली किए जाने से उनमें रोष व्याप्त है। बताया जाता है कि नगर निगम की सह पर उन दुकानदारों से पुरानी रसीद पर ही माशूल लिया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन को इसकी जानकारी होने के बावजूद ठेका एजेंसी पर किसी प्रकार की कार्रवाई नही की जा रही है। गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा पूर्व में स्नेहा इंटरप्राइजेज को गम्हरिया बाजार से सुविधा शुल्क वसूलने का ठेका दिया गया था, जिसकी मियाद विगत मार्च माह में ही पूरी हो चुकी है। उसके बाद अबतक नया ठेकेदार बहाल नहीं किया गया है। गम्हरिया बाजार के स्थायी दुकानदारों से यह टैक्स नही लिया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि माशूल दिए जाने के बावजूद नगर निगम या एजेंसी द्वारा उन्हें कोई सुविधा प्रदान नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि पूरे बाजार परिसर में में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस भीषण गर्मी में पेयजल की कोई व्यवस्था नही की गई है। इसके बावजूद दुकानदारों को डरा-धमकाकर प्रत्येक दिन उनसे माशूल लिया जा रहा है। दुकानदारों ने तत्काल माशूल वसूली पर रोक लगाने की मांग किया है।

*तख्त श्री हरमंदिर जी के संरक्षक जिला न्यायाधीश के दर पहुंचे कुलविंदर कहा,*

## झारखंड के सिख सभाओं के अधिकारों का संरक्षण हो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी में झारखंड राज्य के सिख सभाओं एवं संस्थाओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के दर पहुंचे। लिखित तौर पर दूसरी बार आवेदन देकर प्रबंधन कमेटी के चुनाव 2024 में अधिकारों के संरक्षण की गुहार लगाई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तख्त हरमंदिर पटना साहिब के संविधान 1955 के अनुसार प्रबंधन कमेटी के संरक्षक हैं और किसी प्रकार का संवैधानिक या कार्यपालक बदलाव के लिए उनकी पूर्वानुमति एवं सहमति जरूरी है। प्रधान कुलविंदर सिंह ने उन्हें बताया है कि वर्तमान कमेटी का कार्यकाल जुलाई 2023 में ही खत्म हो चुका है और कमेटी के कुछ पदाधिकारी एवं सदस्य झारखंड के सिखों के संवैधानिक कानूनी मताधिकार को छीन लेने की साजिश रच रहे हैं। उनमें से कुछ ने पटना उच्च न्यायालय की शरण भी ले रखी है और ऐसे में संरक्षक की जिम्मेदारी जवाबदेही और भी बढ़ जाती है। साल 2000 में झारखंड बिहार से अलग हुआ है और उसके बाद तीन बार कार्यकारिणी का चुनाव हुआ है। वही कुलविंदर सिंह ने बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 84 और 85 का उल्लेख किया है कि जब तक झारखंड अथवा बिहार विधान मंडल अथवा उचित फोरम द्वारा किसी विषय पर कोई निर्णय नहीं होता है तब तक पूर्व की स्थिति हर हाल में बरकरार रहेगी।

## क्रिएटिविटी एकेडमी के तीसरे वार्षिकोत्सव में बच्चों ने किया अद्भुत डांस कला का प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एन रोड, बिष्टुपुर स्थित क्रिएटिविटी एकेडमी का तीसरा वार्षिकोत्सव कुडी मोहंती ऑडिटोरियम में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ, जहाँ छोटे-छोटे बच्चों ने अपने अद्भुत डांस से हर किसी का मन मोहते हुए अचम्भित कर दिया। 100 से अधिक बच्चों ने अपने डांस कला का प्रदर्शन किया। उक्त जनकारी देते हुए क्रिएटिविटी के प्राचार्या श्रीमती अनुराधा रूंग्टा ने कहा कि शाम 5 बजे से 7 बजे तक चले इस डांस कार्यक्रम में बेहतरीन एवं विजयी बच्चों को एवार्ड एवं सर्टिफिकेट से नवाजा गया। उन्होंने कहा क्रिएटिविटी डांस एकेडमी का मकसद जमशेदपुर एवं इसके आस-पास के बच्चों में डांस कला का विस्तार करना है और सही मायने में क्रिएटिविटी उन्हें एक अच्छा मंच प्रदान कर रहा है। यहाँ आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों से कोई फिस नहीं ली जाती है और उन्हें डांस, म्युजिक, आर्ट, फोनिक्स आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी में भारी मात्रा में बालू जब्त, मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ :** उपायुक्त के निर्देश पर बालू के अवैध उत्खनन ,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ कार्रवाई जारी है इसी क्रम में रविवार को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों पर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सोड़ो जारगोडीह गांव में छापामारी दल भारी मात्रा में बालू का अवैध भंडारण मिला। छापेमारी टीम द्वारा 87 हजार 500 सीएफटी अवैध बालू जप्त किया गया। वहीं अज्ञात अवैध बालू कारोबारी पर मामला दर्ज किया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि ईचागढ़ थाना क्षेत्र में छापेमारी किया गया। उन्होंने कहा कि अबैध बालू के खिलाफ लगातार छापेमारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संलिप्त लोगों पर कार्रवाई किया जाएगा।

## झारखंड सीमा के पास अज्ञात युवक की हत्या कर शव को जलाया, बंगाल पुलिस ने किया शव बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र के जोड़सा गांव से करीब 5 किमी दूर पुरुलिया जिले के बांदोवान थाना अंतर्गत बांधडीह और माघला के बीच सुनसान जगह से रविवार की सुबह पुलिस ने करीब 25 वर्षीय अधजला एक शव बरामद किया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव को पहचान कराने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने पहचानने से इंकार किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु पुरुलिया भेज दिया है। बांदोवान थाना के एसआई श्रीकांत मुला ने बताया कि रविवार की सुबह माघला गांव के कुछ लोग बैल बकरी को लेकर जंगल तरफ जा रहे थे तो उनकी नजर सड़क के किनारे पड़े शव पर पड़ी। इसकी जानकारी बांदोवान थाना को देने के बाद घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया गया। उन्होंने बताया कि जिस स्थान से शव बरामद किया गया उसके बगल में खून के धब्बे भी मिले हैं।संभावना व्यक्त की जा रहा है कि अज्ञात लोगों ने युवक की गला काटकर हत्या करने के बाद शव की पहचान छिपाने के लिए आग के हवाले कर दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। शव की पहचान हेतु सभी नजदीकी थानों में उसकी तस्वीर भेज दी गई है और विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट के बारे में पता लगाया जा रहा है।

## पटमदा सीओ ने अवैध गिट्टी से लदा हाइवा पकड़ा चालक व मालिक के खिलाफ मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा सीओ विजय कुमार महतो ने रविवार की अहले सुबह काटिन बाजार में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान गिट्टी लदे एक हाइवा को जब्त करते हुए कमलपुर थाना के हवाले कर दिया। बताते हैं कि हाइवा संख्या जेएच 05 एएक्स 6258 में बिना वैध कागजात के गिट्टी लादकर को बनकुंचिया स्थित किसी क्रशर से जमशेदपुर ले जाया जा रहा था। थाना प्रभारी ने सीओ की लिखित शिकायत पर हाइवा के चालक व मालिक के खिलाफ कमलपुर थाना में अवैध रूप से गिट्टी का कारोबार करने के जुर्म में मामला दर्ज किया है। सीओ ने बताया कि हाइवा में करीब 600 सीएफटी गिट्टी लोड है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीय

## आंतरिक लोकतंत्र के बागी

**आम** चुनाव, 2024 के संदर्भ में बागी उम्मीदवारों की भी चर्चा की जानी चाहिए। बागी उम्मीदवार किसी भी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र के अभाव के संकेत होते हैं। राजनीतिक दल अपने ही नेताओं, प्रत्याशियों की राजनीतिक बगावत के कारण दोफाड़ तक हो जाते हैं। जनाधार विभाजित हो जाते हैं। काडर और समर्थक भी बंट जाते हैं, लेकिन कई बार यह बगावत अपरिहार्य लगती है। चुनाव लडने और सांसद, विधायक बनने की महत्वाकांक्षा औसत राजनीतिक कार्यकर्ता के भीतर होती है, नतीजतन लोकसभा चुनाव में भी 300 से अधिक बागी उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह आंकड़ा कम-ज्यादा भी हो सकता है, क्योंकि बागियों की अधिकृत सूचना चुनाव आयोग जारी नहीं करता। पार्टियों में बागी चेहरे तभी सामने आते हैं, जब पार्टियों की चुनाव समिति किसी और को उम्मीदवार घोषित करती है और कई बार स्थापित नेताओं और जनप्रतिनिधियों के भी टिकट काट दिए जाते हैं। भाजपा ने एक-तिहाई सांसदों को इस बार अधिकृत उम्मीदवार घोषित नहीं किया है, लेकिन पार्टी कर्नाटक की शिमोगा सीट को लेकर चिंतित है। कर्नाटक के प्रख्यात नेता येदियुरप्पा के पुत्र एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेन्द्र के सामने, शिमोगा सीट पर, के. एस. ईश्वरप्पा निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। कभी ईश्वरप्पा राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री होते थे। वह आरएसएस के बहुत पुराने कार्यकर्ता रहे हैं। भाजपा ने उन्हें बदल कर विजयेन्द्र को अवसर देने का फैसला किया, लेकिन ईश्वरप्पा अचानक बागी हो गए। फिलहाल भाजपा नेतृत्व ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। मौजू सवाल यह है कि ऐसे बागी उम्मीदवार के कारण भाजपा को चुनावी नुकसान हुआ, तो क्या होगा? एक-एक सांसद बेहद कीमती होते हैं, तभी 370 या 400 की संख्या तक पहुंचना संभव होगा। राजस्थान की बाड़मेर सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार रवीन्द्र भाटी की खूब चर्चा है। उन्होंने निर्दलीय ही विधानसभा चुनाव, 2023 जीता था, तो वह भाजपा के करीब आए थे, लेकिन चुनाव समिति ने कैलाश चौधरी को टिकट दे दिया। अब रवीन्द्र भाटी निर्दलीय ही व्यापक जन-समूह को आकर्षित कर रहे हैं। स्थानीय मुद्दों से जनमत तैयार कर रहे हैं। उन्हें चुनावी चंदा भी खूब मिल रहा है। राजस्थान की चुरू सीट पर भी भाजपा में बागी पैदा हुआ है। वहां से भाजपा के राहुल कस्वां सांसद चुने गए थे। पार्टी ने इस बार पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी देवेन्द्र झाझरिया को अधिकृत उम्मीदवार बनाया, तो राहुल बागी होकर कांग्रेस में चले गए और कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव नतीजे की भविष्यवाणी हम नहीं करते, लेकिन भाजपा को कुछ नुकसान जरूर हो सकता है। राजस्थान में ही कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने ही गठबंधन नेता के खिलाफ अभियान क्यों चला रहे हैं। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट 'इंडिया' गठबंधन के तहत बीएपी के हिस्से दी गई थी, लेकिन कांग्रेस के नाराज उम्मीदवार ने भी मैदान नहीं छोड़ा। अंजाम क्या होगा, सभी राजनीतिक विश्लेषक जानते हैं। महाराष्ट्र में अमरावती सीट पर 2019 में निर्दलीय उम्मीदवार नवनीत राणा जीती थी। इस बार भाजपा ने उन्हें अपना अधिकृत प्रत्याशी बना लिया। महायुति के स्थानीय नेता भी नाराज हैं और बागियों का उतरना भी तय है। ऐसे बागियों की सूची लंबी है। बेशक पार्टियां बागी नेताओं को मनाती हैं। उन्हें नामांकन न भरने या उसे वापस लेने को पुचकारती हैं। पार्टी के भीतर कुछ देने का आश्वासन भी दिया जाता है। इस संदर्भ में सफलता-दर बहुत कम है। बागियों को इतने वोट तक मिल जाते हैं कि वे या तो जीत के फासले के करीब पहुंच जाते हैं अथवा अधिकृत प्रत्याशी को पराजित कर देते हैं। छत्तीसगढ़ की रायपुर उत्तर सीट पर विधानसभा चुनाव, 2023 में ऐसा ही हुआ कि कांग्रेस उम्मीदवार बागी चेहरे के कारण चुनाव हार गया। यदि बागी उम्मीदवार के बावजूद मूल पार्टी का अधिकृत चेहरा चुनाव जीत जाता है, जैसा कि राजस्थान के विधानसभा चुनाव, 2023 में हुआ, तो बागी नगण्य और अप्रासंगिक भी हो जाता है।


राजनीतिक दल अपने ही नेताओं, प्रत्याशियों की राजनीतिक बगावत के कारण दोफाड़ तक हो जाते हैं। जनाधार विभाजित हो जाते हैं। काडर और समर्थक भी बंट जाते हैं, लेकिन कई बार यह बगावत अपरिहार्य लगती है। चुनाव लडने और सांसद, विधायक बनने की महत्वाकांक्षा औसत राजनीतिक कार्यकर्ता के भीतर होती है, नतीजतन लोकसभा चुनाव में भी 300 से अधिक बागी उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह आंकड़ा कम-ज्यादा भी हो सकता है, क्योंकि बागियों की अधिकृत सूचना चुनाव आयोग जारी नहीं करता। पार्टियों में बागी चेहरे तभी सामने आते हैं, जब पार्टियों की चुनाव समिति किसी और को उम्मीदवार घोषित करती है और कई बार स्थापित नेताओं और जनप्रतिनिधियों के भी टिकट काट दिए जाते हैं। भाजपा ने एक-तिहाई सांसदों को इस बार अधिकृत उम्मीदवार घोषित नहीं किया है, लेकिन पार्टी कर्नाटक की शिमोगा सीट को लेकर चिंतित है। कर्नाटक के प्रख्यात नेता येदियुरप्पा के पुत्र एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेन्द्र के सामने, शिमोगा सीट पर, के. एस. ईश्वरप्पा निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। कभी ईश्वरप्पा राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री होते थे।


### हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए

# नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों?

डॉ. रमेश ठाकुर

**छत्तीसगढ़** के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के



खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है। पर, गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे। सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए। इस अभियान में भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षाबलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है। फिलहाल केंद्र सरकार अब ये दावा करती है कि उसने हिंसक वाम आंदोलन और उग्रवाद खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ा है। नक्सल वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ 'राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना' शुरू की थी, जिसमें हिंसा के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बनाया। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया। वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। हिंसा और अपराधों के आकड़े में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये तभी संभव हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके चलते ही विगत वर्षों में उग्रवादी गुटों के कई सदस्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने को भी मजबूर हुए। केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। इनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किलोमीटर सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ।


नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है।


दृष्टि कोण

## देश के अधिकांश हिस्सों पर मंडराता लू का खतरा

**मौसम** विज्ञानियों द्वारा वर्ष 2023 को पिछले 174 सालों का सबसे गर्म साल घोषित किए जाने के बाद अब भारतीय मौसम विभाग ने भी चालू वर्ष की ग्रीष्म ऋतु को सामान्य से अधिक गर्म होने की चेतावनी दे दी है। जाहिर है कि हमारे सामने एक नहीं बल्कि दो खतरे मुंह बाए खड़े हैं। इनमें एक खतरा लू का और दूसरा खतरा अतिवृष्टि से बाढ़ आदि का है, इसलिए आशा की जानी चाहिए कि हमारी सरकारें और खासकर आपदा प्रबंधन तंत्र इन खतरों से निपटने के लिए तैयार हो चुका होगा। इस साल कोलकाता में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है जबकि अभी ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत ही हुई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा इस साल की ग्रीष्म ऋतु के बारे में जारी पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से जून के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। केवल उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम भारत के इक्का दुक्का क्षेत्रों में तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना व्यक्त की गई है। देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। विभाग द्वारा मैदानी इलाकों में हीट वेव यानी कि लू चलने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों और मध्य भारत के कई हिस्सों, उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत, पूर्व और उत्तर पूर्व के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जारी किया हुआ है। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान भारत के हीटवेव संकट की भयावहता के चिंताजनक आंकड़े रेखांकित कर रहे हैं। विभाग के अनुसार पिछले एक दशक में लू की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। हीटवेव संकट सिर्फ मौसम संबंधी या कृषि संबंधी मुद्दा नहीं बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती भी है। भारत में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने हीटवेव्स की गंभीरता को पहचानते हुए इन्हें



2021 में आपदा के रूप में वर्गीकृत किया है। विभाग की रिपोर्टें गर्मी से संबंधित मृत्यु दर में बढ़ती प्रवृत्ति का संकेत देती हैं। हाल के वर्षों में हजारों मौतें हीटवेव के कारण हुई हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन एवं कमलजीत रे, एस एस रे, आर के गिरि और ए पी डिमरी आदि वैज्ञानिकों द्वारा 2021 में प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार भारत में 50 वर्षों में हीटवेव ने 17,000 से अधिक लोगों की जान ले ली है। इस शोध पत्र में कहा गया है कि 1971-2019 तक देश में 706 हीटवेव घटनाएं हुईं। एक अन्य शोध के अनुसार 2015 की घातक हीटवेव में 2,500 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इससे श्रम उत्पादकता, स्वास्थ्य देखभाल लागत और कृषि उत्पादन में नुकसान के साथ आर्थिक प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्र, जो पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, इन प्रभावों का खामियाजा भुगत रहे हैं, जिससे गरीबी और स्वास्थ्य असमानताएं और बदतर हो रही हैं। अभी अधिकतम तापमान कहां तक उछलेगा, इसका पूर्वानुमान तो नहीं आया मगर 19 मई 2016 को राजस्थान के फलोड़ी में अधिकतम तापमान 51 डिग्री सेल्सियस तक उछल चुका है। भारत हाल के वर्षों में भीषण गर्म हवाओं का सामना कर रहा है। देश में अत्यधिक उच्च तापमान अक्सर 50 डिग्री सेल्सियस के करीब चला जाता है, जिससे गर्मी की लहरें या लू पैदा होती है। ये गर्मी की लहरें आम तौर पर अप्रैल और जुलाई के बीच होती हैं, जो लाखों लोगों के जीवन और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। इन लू के थपेड़ों से कृषि प्रधान ग्रामीण क्षेत्र विशेष रूप से अधिक प्रभावित होते हैं। इस विकट मौसम के कारण फसल की पैदावार प्रभावित होती है और किसानों पर काम का बोझ बढ़ जाता है। गर्म हवाओं से शहरी क्षेत्र भी अछूते नहीं हैं। क्योंकि कंक्रीट और डामर की गर्मी से तापमान में वृद्धि होती है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2020 में हीटवेव के दिनों की संख्या चार थी। इसी प्रकार 2021 में गर्म लहरों के दिनों की संख्या तीन और 2022 में 17 थी। इस साल अप्रैल और जून के बीच गर्मी की लहरों के पूर्वानुमान से पता चलता है कि गर्मी की लहर वाले दिनों की संख्या सामान्य से ऊपर होगी, खासकर गुजरात, मध्य महाराष्ट्र और उत्तरी कर्नाटक जैसे क्षेत्रों में, इसके बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में हीटवेव्स दिनों की संख्या अधिक रहेगह। शोधों से पता चला कि देश के विभिन्न हिस्सों में चार से आठ दिनों की सामान्य गर्मी की तुलना में इस बार दस से 20 दिनों तक गर्म लहरें चलने की आशंका है।

कुछ अलग

## चलो नई गारंटी दी जाए...

**बाजारवाद** का दौर है। पब्लिक एकदम नई चीज पसंद करती है। चाहे राजनीति हो, चाहे चाय पकौड़े की दुकान। राजनीति में कुछ नया दिखता है तो पब्लिक एकदम से दीवानी हो जाती है। पकौड़े की दुकान में कोई नई आइटम आ जाती है तो ग्राहक खिंचे चले आते हैं। अब चुनावों का मौसम है तो नई-नई गारंटियां दी जा रही हैं। पुरानी गारंटियां पब्लिक भूल रही हैं, इसलिए पुरानी गारंटियां कैंसिल हो रही हैं और नई गारंटियां ध्यान आकर्षित कर रही हैं। पब्लिक अब 10 गारंटियां भूल गई है। उसे इतना याद है कि गोबर खरीदने की बात हुई थी और गोबर के ढेर लगे हैं, लेकिन सरकार ने सत्ता में आने के बाद सब कुछ गुड गोबर कर दिया है। क्योंकि पार्टी के ही कुछ विधायक साथ छोड़ कर चले गए हैं और सरकार गुड़ बचाने में लगी है। गोबर की तरफ अभी ध्यान नहीं है। गोबर इक_ा वाले सरकार के खिलाफ कहीं मोर्चा न खोल दे, इसलिए नई गारंटियां चुनावी घोषणा पत्र में परोस दी गई हैं। इसमें रोजगार की बात नहीं है। महंगाई की बात नहीं है। पारदर्शी प्रशासन की बात नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की बात नहीं है। कानून व्यवस्था की बात नहीं है। सिर्फ एक ही वादा किया गया है कि जो बिक गए हैं, वह सलाखों के पीछे डाले जाएंगे। बिकने वाले क्यों बिक गए, इस पर घोषणा पत्र खामोश है। कुछ दल धर्म को भी घोषणा पत्र में घसीट कर ले आए हैं, ताकि पब्लिक को लगे कि अगर धर्म खतरे में हुआ तो देश भी खतरे में होगा। सबका अपना अपना एजेंडा है, लेकिन सबका एक ही फंडा है कि कैसे पब्लिक के वोट जुटाए जाएं और फिर कैसे पब्लिक को दरकिनार कर दिया जाए। क्योंकि पब्लिक बीच में रहेगी तो सरकार को खतरा रहेगा। पब्लिक पूछती रहेगी कि वायदों का क्या हुआ और गारंटियां कहां गई। जो दूरदर्शी राजनीतिक दल होते हैं, वे पब्लिक को फालतू के मसलों में उलझा कर रखते हैं ताकि मतलब के मसले पर जनता का ध्यान न जाए। पब्लिक का ध्यान कहीं और होगा तो सत्तारूढ़ दल अपना ध्यान अपने निशाने पर केंद्रित कर सकेगा। लेकिन पब्लिक का ध्यान भटक गया तो सत्तारूढ़ दल का मिशन भी भटक जाएगा। खैर बात हो रही थी गारंटी की। इसलिए सत्तासीन दल ने डिसाइड किया था कि अब पुरानी गारंटियों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए नई गारंटियां दी जाएंगी। इनमें चरणबद्ध ढंग से लोगों को चांद की सैर कराने का वायदा किया जाएगा ताकि चांद पर पहुंच कर लोग जब अपनी धरती को देखेंगे तो उन्हें चांद के विकास और अपनी धरती के डेवलपमेंट कार्यों पर तुलनात्मक अध्ययन करने का मौका मिलेगा। निश्चित रूप से चांद विकास के मामले में पीछे जाएगा। वहां पानी नहीं होगा, बिजली नहीं होगी, सडक़ें नहीं होंगी। इससे सत्तारूढ़ दल के नेताओं को यह प्रचार करने का मौका मिल जाएगा कि हम चांद से भी आगे हैं। कुछ नेता पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान का उदाहरण देकर कह सकेंगे कि हम उनसे आगे हैं। पब्लिक इन बातों से बहुत खुश होती है। उन्हें लगता है कि चांद भी हमारी धरती के मुकाबले तरक्की में पीछे है और पाकिस्तान की तो लुटिया डूब रही है। इससे पब्लिक को गौरवान्वित होने का मौका मिलता है। पब्लिक गौरवान्वित होती रहे, इससे बढक़र चकाचक गारंटी और क्या हो सकती है। इसलिए यह गारंटी पब्लिक के बीच में आकर्षण का केंद्र बन रही है। चुनाव में कौन कितने में बिका, इस बारे पब्लिक फालतू में सोच कर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहती। पब्लिक को लगता है कि बाजारवाद का दौर है। इसमें हाईकमान भी खरीदा जा सकता है। हाईकमान का मु_ी में होना किसी भी दल के नेता जी के लिए अपने करियर में आगे बढ़ाने की सबसे बड़ी गारंटी है। यही गारंटी सर्वोपरि है। नेताजी यही गारंटी दे रहे हैं।

देश दुनीया से

## जमानत एक नियम, जेल एक अपवाद है

**संविधान** की धारा 21 के अंतर्गत व्यक्तिगत जीवन व स्वतंत्रता का विशेष मौलिक अधिकार है, जो कि अपातकाल में भी समाप्त नहीं किया जा सकता। इसी तरह न्यायशात्र का भी यही सिद्धांत है कि जब तक किसी दोषी को सजा न हो जाए, तब तक उसे निर्दोष ही समझा जाना चाहिए। इसी सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (अब नागरिक सुरक्षा संहिता) में दोषियों को जमानत दिए या न दिए जाने का प्रावधान रखा गया है। न्यायालय जमानत देते समय उसके कानून व व्यवस्था पर पडने वाले प्रभावों का पूर्ण अवलोकन करता है। यह बात ठीक है कि जमानत देना या न देना किसी न्यायाधीश के व्यक्तिगत विवेक पर भी निर्भर करता है। आखिर जमानत क्या है? किसी भी अपराधी को गिरफ्तारी से बचने के लिए न्यायालय के सामने कोई निश्चित धन राशि या सम्पत्ति जमा करवाने या फिर अमुक धन राशि को न्यायालय के दिशा निर्देशों की अवहेलना न करने के लिए एक ऐसा बांड/प्रतिज्ञा पत्र होता है जो अपराधी व उसकी जमानत देने वाले को लिख कर देना होता है तथा दी गई शर्तों के अनुसार उसे अपना व्यवहार सुनिश्चित करना होता है। सात वर्ष तक की सजा वाले अपराधों में पुलिस को ही जमानत लेने का अधिकार दे दिया गया है, मगर इसमें भी अपवाद की अवधारणा डाली गई है कि यदि पुलिस को लगे कि अपराधी फरार हो सकता है या फिर सहयोग नहीं करेगा, तो इन हलात में पुलिस अपने स्तर पर जमानत नहीं लेगी तथा न्यायालय द्वारा ही जमानत दी जा सकती है। इस विवेक का पुलिस भी कई बार अनुचित लाभ उठा कर न्याय के साथ भद्दा मजाक करती रहती है। गंभीर प्रकार के अपराधों को गैर-जमानती बनाया गया है तथा आम तौर पर ऐसे अपराधों में जमानत नहीं दी जाती तथा दोषी अपने केस के ट्रायल के अंतिम निर्णय तक जेल के अंदर ही रहता है। इसी तरह यदि पुलिस किसी गैर जमानती मुकद्मे का 90 दिन में अन्वेषण पूर्ण करके चालान नहीं भेज देती तब संबंधित अपराधी को न्यायालय जमानत पर छोड़ सकता है। इसी तरह जब कोई व्यक्ति अपनी गिरफ्तारी की आशंका से ग्रसित होता है, तो वह सत्र न्यायालय या फिर उच्च न्यायालयों में जमानत की मांग कर सकता है। मगर जमानत देना या न देना न्यायाधीश के व्यक्तिगत/विवेक पर भी निर्भर करता है। यदि मामला गंभीर प्रवृत्ति का हो तो आम तौर पर अग्रिम जमानत नहीं दी जाती। गौरतलब है कि भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत विचाराधीन मुकद्मों की सुनवाई की कोई सीमा निश्चित नहीं की गई है, तथा परिणामस्वरूप विचाराधीन अपराधी कई बार बिना वजह से लंबे समय तक जेलों में अपने जीवन की अंतिम सांसें गिनते रहते हैं। पाया गया है कि वर्ष 2021-22 में भारत की जेलों में केवल 33 प्रतिशत कैदी ही ऐसे थे जिन्हें किसी अपराध में दोषी करार दिया गया था, जबकि 77 प्रतिशत कैदी ऐसे थे जो बिना सजा के ही जेलों में सड़ रहे थे। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में 11490 ऐसे विचाराधीन अपराधियों को जेलों में रखा गया था, जो पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय तक न्याय का इंतजार कर रहे थे। इसी तरह वर्ष 2022 में कुल 573220 दोषी विभिन्न जेलों में थे जिनमें से 434302 विचाराधीन कैदी ही थे। यह भी देखा गया है कि जिन कैदियों को सत्र न्यायाधीश से जमानत नहीं मिलती, वे उच्च या उच्चतम न्यायालय में गुहार लगा कर जमानत प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं, जिससे स्पष्ट है कि न्यायाधीश का व्यक्तिगत विवेक भी किसी की जमानत को निर्धारित करता है। दोषियों को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए पुलिस जांच एजेंसियां केवल यही गुहार लगाती हैं कि दोषी अपने पद का दुरुपयोग कर सकता है, गवाहों को डरा- धमका सकता है या फिर कई प्रकार के प्रलोभनों द्वारा आकर्षित कर सकता है। यहां पर सोचने की बात यह है कि क्या ट्रायल के समय दोषी के सगे संबंधी गवाहों को प्रभावित नहीं कर सकते? हां, वो ऐसा आराम से करते ही हैं तथा यही कारण है कि गवाहों के मुकर जाने से ही दोषी सजामुक्त हो जाते हैं। जमानत न देने से किसी कैदी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि उसे अपराधी तो एक ट्रायल के बाद ही ठहराया जा सकता है। अगर हम आर्थिक अपराधों में सजा की दर की बात करें तो यह केवल 32.6 प्रतिशत है। आखिर क्या कारण है कि ऐसे अपराध जो कि दस्तावेजों के साक्ष्यों पर आधारित होते हैं, उनमें भी अधिकतर दोषी सजा से मुक्त हो जाते हैं। पुलिस व न्यायालय दोषियों की जमानत रद्द करने-करवाने में ही लगे रहते हैं तथा पूरी न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत करने की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता। जमानत के समय तथ्यों की कोई विस्तृत पड़ताल करने की आवश्यकता नहीं होती। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय ने संजय चंद्र बनाम सीबीआई (2012) वाले केस में कहा था कि जमानत का उद्देश्य न ही सजा देने का है और न ही कोई अपराध की रोकथाम करना है। यह तो केवल मुलजिम को पुलिस या न्यायालय में पूछताछ में शामिल होने के लिए केवल एक प्रतिज्ञापत्र है।


न्यायालय जमानत देते समय उसके कानून व व्यवस्था पर पडने वाले प्रभावों का पूर्ण अवलोकन करता है। यह बात ठीक है कि जमानत देना या न देना किसी न्यायाधीश के व्यक्तिगत विवेक पर भी निर्भर करता है। आखिर जमानत क्या है? किसी भी अपराधी को गिरफ्तारी से बचने के लिए न्यायालय के सामने कोई निश्चित धन राशि या सम्पत्ति जमा करवाने या फिर अमुक धन राशि को न्यायालय के दिशा निर्देशों की अवहेलना न करने के लिए एक ऐसा बांड/प्रतिज्ञा पत्र होता है जो अपराधी व उसकी जमानत देने वाले को लिख कर देना होता है तथा दी गई शर्तों के अनुसार उसे अपना व्यवहार सुनिश्चित करना होता है। सात वर्ष तक की सजा वाले अपराधों में पुलिस को ही जमानत लेने का अधिकार दे दिया गया है।


आप का नजरीया

## पुर्जे-पुर्जे शिकायत

**धर्मपुर** बस डिपो की चलती बस के टायर ही नहीं खुले, बल्कि पथ परिवहन निगम प्रबंधन की ढीली चूलें भी सामने आ गई हैं। लापरवाही का नजराना किसे मिला, यात्रियों को जो- बाल-बाल बच गए या चालक को- जो सारी नालायकी का जिम्मेदार बना दिया गया। अब अपनी जांच के ढीले पुर्जों को दुरुस्त करने की दृष्टि से एचआरटीसी प्रबंधन ने धर्मपुर बस डिपो के मुख्य व कार्यकारी मुख्य मैकेनिक निलंबित कर दिए, तो चालक संघ ने आंदोलन का शंखनाद करते हुए यह मांग कर डाली कि जांच के फंदे में आरएम और डीएम को भी निलंबन की सूची में डालें। आश्चर्य यह कि जिस बस को जोगिंद्रनगर से अमृतसर जाना था, उसकी चालन क्षमता व पुर्जों की उपयोगिता इतनी थी ही नहीं कि इसे डिपो से बाहर निकलने की अनुमति मिलती। वैसे जो सरकारी बसें सडक़ों पर तथाकथित रूप से चल रही हैं, उनमें कइयों की स्थिति धर्मपुर बस सरीखी ही है। आश्चर्य यह कि लंबे और अंतरराज्यीय बस रूटों पर भी सुरक्षित आवागमन की गारंटी नहीं। बेशक एचआरटीसी पर आज भी यात्रियों का भरोसा है और वे इसे ब्रांड हिमाचल की दृष्टि से अहमियत देते हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति में सरकारी बसों की छवि जगह-जगह ब्रेकडाउन के कारण खराब हो रही है। यही वजह है कि प्रदेश के स्थानीय रूटों पर निजी बसों को यात्रियों की प्राथमिकता मिल रही है। वोल्वो बसों के संचालन में भी एचआरटीसी पिछड़ चुकी है, जबकि निजी क्षेत्र के कारण हिमाचल पर्यटकों को सुविधाजनक यात्रा के माध्यम से आकर्षित कर पा रहा है। जाहिर है हिमाचल परिवहन निगम की बसें फिसड्डी साबित हो रही हैं, तो इसके अनेक कारण हैं और जिनके लिए काफी हद तक चालक, मैकेनिक, क्षेत्रीय एवं डिवीजनल मैनेजर ही दोषी नहीं ठहराए जा सकते। जब से सरकारी बसें राजनीतिक फैसलों का बोझ उठाने लगी हैं, इनकी प्रबंधकीय क्षमता के टायर पंक्चर होने लगे हैं। इसलिए धर्मपुर डिपो की बस के टायरों का किस्सा बता रहा है कि भीतर कंगाली का आलम है क्या। हिमाचल के 14 सार्वजनिक उपक्रमों के कुल 5143.46 करोड़ के घाटे में परिवहन निगम ने ही 1966.13 करोड़ गंवाए हैं। यह अजीब सी स्थिति है, जहां घाटा निरंतर बढ़ रहा है, लेकिन सियासी प्राथमिकताएं बेशर्मी से अपना रुतबा आजमा रही हैं। जो रूट होने नहीं चाहिएं, वहां खाली बसें दौड़ रही हैं। जहां बस डिपो होने नहीं चाहिएं, वहां लाभकारी डिपो से छीन कर राजनीतिक आत्म संतुष्टि की जा रही है। कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, मंडी व कुल्लू के निजी बस आपरेटरों से ही एचआरटीसी प्रबंधन की कला सीख ले, तो पता चल जाएगा कि एक बस चलाने के लिए कितना अर्थशास्त्र व अर्थगणित चाहिए। न्यू प्रेम बस सर्विस दर्जनों बसें चलाने के लिए डिपो जैसे नखरे तो नहीं उठाता। दूसरी ओर निजी वोल्वो बसों की बुकिंग व यात्री संबंध इस तरीके से बुने गए हैं कि राज्य के बाहर के आपरेटर लाखों कमा रहे हैं। आश्चर्य यह कि एचआरटीसी बस की सीट भले ही फटी हो, प्रबंधन के तौर तरीकों में साहबों के दफ्तर आलीशान व शानोशौकत को तसदीक करते अपना रुतबा बताते हैं।

# बूथ जीतो, चुनाव जीतो का संकल्प लें कार्यकर्ता : आरती सिंह

## भाजपा का चंदवा पूर्वी, कामता और सेरक पंचायत में पथसभा कार्यक्रम संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अमित कुमार की अध्यक्षता में पथ सभा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। चंदवा पूर्वी पंचायत के डेमटोली में आयोजित कार्यक्रम का संचालन रवि राज ने किया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि बुथ जीतो चुनाव जीतो का संकल्प लें। अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के पक्ष में वोट दिलाकर बड़े अंतर से प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जीत दिलाये, यह हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में 10 साल में किये गए जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाए वहीं मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा की मोदी सरकार के 10 साल का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। इनके कार्यकाल में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है। इसके अलावे कामता पंचायत के भुसार ग्राम पथ सभा कार्यक्रम की संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने की वहीं सेरक पंचायत पथसभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक एवं जिला मंत्री कुलामन साहू, पंचायत संयोजक दिनेश पांडे, पंचायत प्रभारी अर्जुन यादव, अखिलेश ठाकुर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री रेणु तिर्की, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कल्याणी पांडे, मंडल उपाध्यक्ष मंजू देवी, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मंडल मंत्री, मनीष गुप्ता, बबलू सोनी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी देवी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शशि देवी, विजय जायसवाल, कृष्णा कुमार, चंद्रभूषण केसरी, सूर्यनारायण साहू, धनेश प्रसाद, वीरेन्द्र प्रसाद, प्रेम नाथ साहू, पंचायत संयोजक मनोज पाठक, रविकांत ठाकुर, सूरज कुमार, उदय कुमार, अशोक ठाकुर, प्रेम उरांव, चलितर ठाकुर विक्रम लाल समेत सैकड़ों सम्मानित कार्यकर्ता और आम जन उपस्थित रहे।

# बरवाडीह में सैंकड़ों पीएम आवास अधुरा, अधिकारी मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में एक प्रधानमंत्री आवास योजना जिसकी चर्चा मौजूदा सरकार और उसके नुमाइंदे करते रहते हैं पर प्रधानमंत्री आवास का लाभ उठाने वाले अबतक कर्जदार बने हुए हैं।यह सही है कि प्रखंड क्षेत्र के हजारों लाभुकों को आवास का लाभ मिला पर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के उदासीनता के कारण सैंकड़ों आवास अधुरे पड़े हैं मगर ये अधुरे आवास सरकारी दस्तावेजों में पूर्ण कर लिए गए हैं। वहीं सैंकड़ों लाभुक आज भी अपने कच्चे मकान में रहने को विवश हैं साथ ही क्षेत्र के सैंकड़ों गरीब गुरबों को अबतक आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। वर्तमान में झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना भी दम तोड़ रही है। यहां भी यानी अबुआ आवास के लाभार्थियों के चयन में जमकर धांधली हुई है। वहीं अबुआ आवास निर्माण कार्य गाइडलाइंस के विरुद्ध किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अबुआ आवास निर्माण कार्य गाइडलाइंस के अनुरूप नहीं किया गया तो अगले किस्त की राशि भुगतान में कठिनाईयां आ सकती हैं।इस संदर्भ में संबंधित कर्मियों को चाहिए कि अबुआ आवास निर्माण कार्य गाइडलाइंस के अनुसार ही हो ताकि भुगतान में आसानी हो।

# भाजपा नगर मंडल कार्यालय का हुआ उदघाटन, केंद्रीय मंत्री आज पहुंचेंगे सिमडेगा



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चुनावी कार्यालय का उद्घाटन मित्तल गली में हुआ। उद्घाटन के मौके पर स्वागत भाषण करते हुए मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद ने कहा कि मंडल से लेकर शक्तिकेन्द्रों के कार्यकर्ता बूथों तक जाकर बूथ को मजबूत करें। भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा विधानसभा के प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, की आपसी गिले शिकवे भुला कर सभी कार्यकर्ता तन मन से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में काम करने के लिए जुट जाएं एक-एक घर में जाकर केंद्र सरकार के लाभार्थियों से मिले एवं प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के किए हुए विकास कार्यों को बताएं साथ ही जल जंगल जमीन की बात करने वाली ठग बंधन लुटेरी सरकार के कार्यकाल में झारखंड में किस तरह से लूट मचाई गई उसे भी बूथ स्तर तक जाकर लोगों को बताने का कार्य करें ताकि वर्तमान सरकार का पर्दाफाश हो सके, उन्होंने कहा की 11 में को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा का आगमन सिम देगा हो रहा है ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता एवं आम जनता उनके सभा में शामिल हो ऐसा प्रयास करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं मौके पर नगर मंडल प्रभारी तुलसी साहु ने कहा कि दूसरी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी में बहुत अंतर है भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की भावना लेकर चलती है राष्ट्र प्रथम को आधार मानकर कार्य करती है हमें केंद्र में पुणे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने हेतु खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में लोगों को मतदान करने का आग्रह करना है और 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मोदी जी का सहयोग देना है । वहीं सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय मंत्री सह खुंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा आज सिमडेगा में होटल अपर्णा में प्रबुद्ध जनों की बैठक में शामिल होंगे । साथ ही शाम 5 बजे सिमडेगा में आमजन से जनसम्पर्क भी करेंगे।इसको लेकर तैयारी की जा रही है । इस मौके पर कृष्णा शर्मा काली श्रद्धानंद बेसरा पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर संजय शर्मा विस्तारक शशि दास संटू गुप्ता कृष्णा ठाकुर जोगिंदर राम अमित अग्रवाल संभु भगत मुकेश श्रीवास्तव महाबीर बड़ाईक दिलीप प्रसाद रमेश महतो अजय दास महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी नगर महामंत्री नंदनी दास पिंकी प्रसाद रेणु पूरी सीखा अग्रवाल हंसा रानी दीपिका कुमारी रीना देवी प्रतिमा देवी मौजूद थे।

# प्रचंड बहुमत से जीतेगी भाजपा : गोविंद प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भाजपा के सामाजिक जनसंपर्क अभियान के चतरा सह संयोजक गोविंद प्रसाद ने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव में देश में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार 400 पार और यह हो कर रहेगा। देश की जनता भाजपा को फिर से केंद्र में सरकार बनाने के लिए बहुमत देने को तैयार है।श्री प्रसाद शहर के तेली मुहल्ला में जनसंपर्क के दौरान उक्त बातें कही। मौके पर अभियान के लातेहार विधानसभा प्रमुख कल्याणी पांडेय मुख्य रूप से मौजूद थीं। प्रसाद ने आगे कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चहुमुंखी विकास कर रहा है। विदेशों में भी आज भारत का डंका बज रहा है। देश की सीमायें आज पहले से अधिक सुरक्षित हैं। देश में दंगा व बम विस्फोट जैसी घटनायें नहीं हो रही है। यह सब एनडीए सरकार की बदौलत है। कल्याणी पांडेय ने भी कहा कि आज देश विकास की ओर अग्रसर है। आज हमारा देश विश्व की पांचवी अच्छी अर्थव्यवस्था वाले देश में शुमार है। केंद्र सरकार ने समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए योजनायें चलायी है। महिलाओं को उनका हक व सम्मान दिलाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, जन धन योजना, शौचालय निर्माण योजना समेंत कई योजनाओं का लाभ समाज के हर समुदाय व संप्रदाय के लोगों को दिया गया है। मौके पर त्रिभुवन पांडेय, रामधनी प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद, विंदेश्वर प्रसद, प्रदीप प्रसाद, रंजीत कुमार, रौशन कुमार, चिंटू कुमार, आकाश कुमार, सोनू कुमार, मंटू प्रसाद, सुधा देवी, शारदा देवी, सरोज देवी, सरस्वती देवी, अनिता देवी, पुनिता देवी, देवंती देवी, संगीता देवी व मंजू देवी समेंत कई लोग मौजूद थे।

# विधायक मत से लगा चापानल निजी कब्जे से मुक्त कराने को लेकर ग्रामीणों ने डीसी को दिया आवेदन

## अंचलाधिकारी ने बताया मंगलवार तक सीमांकन कर लिया जाएगा जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बरियातू पंचायत के लुब्धिया टोला में विधायक मत से सार्वजनिक उपयोग को लेकर गैरमजरूआ जमीन में चापानल लगाया गया था। चापानल वर्ष 2009 में लगाया गया था। चापानल को गांव के अध्यापक शिक्षक हेमंत यादव ने अपने व्यक्तिगत लाभ को लेकर अपने कब्जे में कर लिया है। जिसे लेकर 5 दर्जन ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिनेश यादव के नेतृत्व में उप विकास आयुक्त कार्यालय के साथ साथ गिद्धौर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी को दिया है। आवेदन में कहा गया है की विधायक मत से गांव में चापानल लगाया गया था। साथ ही जिला परिषद से पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसे हेमंत यादव ने नेता का धौंस दिखाते हुए पथ निर्माण कार्य को भी रोक दिया है।ग्रामीणों के विरोध किए जाने पर ग्रामीणों को मारने पीटने की धमकी देता है। वही श्री यादव ने आम गैर मजरुवा जमीन में घर, बरामदा, सीढ़ी बनाकर अतिक्रमण किए हुए हैं। ग्रामीणों ने हेमन यादव से सरकारी चापानल व भूमि अतिक्रमण को मुक्त करने की मांग किया है। इस संबंध में अंचला अधिकारी से बात करने पर बतलाए कि सीमांकन के बाद मंगलवार तक जगह का निरीक्षण कर आगे की कार्य की जाएगी।

# बड़की चांपी में सिटी मैनेजर के सौजन्य से प्याऊ का व्यवस्था किया गया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को सिटी मैनेजर लोहरदगा श्री विजय कुमार के सौजन्य से लोहरदगा चंदवा मुख्य मार्ग में चांपी चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप इस भीषण गर्मी में स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल का व्यवस्था किया गया। इस मौके पर सिटी मैनेजर विजय कुमार, एएसआई वृंदा उरांव, भूषण प्रसाद साहु, यदुनंदन तिवारी, लाल पंचम नाथ साहदेव, लाल गौरीशंकर नाथ साहदेव, अवधेश पाठक, धनंजय प्रसाद मित्तल, आनंद कुमार सिंह, गुड्डू तिवारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# विकास यादव ने प्रकाशित हुई खबर का किया खंडन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता विकास यादव (अध्यक्ष 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति पत्थलगड़ा ने भाजपा पर इशारों इशारों में निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रोपेगेंडा कर जनता को दिग्भ्रमित करने के उद्देश्य से राजद पार्टी का एक पूर्व प्रखंड अध्यक्ष का नाम दिया है। उन्होंने प्रकाशित हुई खबरों में देख कहा कि अंबिका यादव को राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष पद का नामकरण दिया गया है जो निराधार है। उन्होंने कहा, वह करीब 20 साल पहले राष्ट्रीय जनता दल में थें उसके बाद राष्ट्रीय जनता दल से दूर-दूर तक उनका कोई रिश्ता नाता तक नहीं है। वह कांग्रेस पार्टी में शामिल थें। अंबिका यादव ना ही राजद परिवार के वर्तमान स्थिति में कुछ थें, ना ही उनका राजद परिवार से कोई संबंध है और ना ही वे राजद का प्राथमिक सदस्य थें। हुई प्रकाशित खबरों में अंबिका यादव को पूर्व प्रखंड अध्यक्ष का नामकरण दिया गया है उसका मैं विकास कुमार यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति पत्थलगड़ा और राजद का एक सच्चे सिपाही के नाते राजद प्रखंड परिवार की ओर से मैं इस बात को खंडन करता हूं। श्री यादव ने आगे कहा कि हमारा राजद परिवार एकजुट है और रहेगा। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष हमारे सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विचारधाराओं के साथ-साथ उनका दिशा निर्देशों का हम सभी हमेशा पालन कर रहे हैं और करते रहेंगे।

# आगामी चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने को लेकर हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखण्ड क्षेत्र के रजवार एवं शेरेगड़ा पंचायत में भारतीय जनता पार्टी का पथसभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता चेतलाल राम दास, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार भाजपा मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, जिला सोशल सह मीडिया प्रभारी बिनोद राणा समेत कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पंचायत प्रभारी रविन्द्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत कर अंगवस्त्र देकर किया गया। मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भरी मातो से विजय बनाना है और देश के प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए नारा 400 पार के नारा को पूरा करना है। वही बालूमाथ के शेरेगड़ा पंचायत के बुकरू ग्राम में पथसभा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, भाजपा नेता प्रेम प्रसाद गुप्ता,संजय यादव,सुनील पांडे, भाजपा बूथ संयोजक पंकज सिन्हा मौजूद रहे। मौके पर बोलते हुए प्रेम गुप्ता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी को फिर एक बार प्रधानमंत्री बनाना है। मौके पर पहले मतदान फिर जलपान का नारा दिया गया। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा किए गए 10 वर्षो के कार्यों को जनता के बीच बताया गया। मौके पर मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता चुनाव पंचायत प्रभारी रविन्द्र गुप्ता, नागेश्वर साव, राजेंद्र यादव उप मुखिया अशोक साव मनमोहन यादव वीरेंद्र यादव सनोज यादव बूथ अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता राजू गुप्ता बबलू कुमार सनोज यादव विजय साव देवेंद्र साव मुनेश यादव, मिथलेश यादव, पुरन साव, सरमोद साव, किशोरी यादव समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# बड़की चांपी में हुआ स्टडी प्वाइंट कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर का शुभारंभ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बड़की चांपी में स्टडी प्वाइंट कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर का शुभारंभ 52 ग्रुप ट्रस्ट के चेयरमैन श्री बिनोद ठाकुर के द्वारा किया गया। आज की आधुनिक युग में तकनीकी शिक्षा का महत्व को देखते हुए जिससे कि यहां के बच्चे तकनीकी शिक्षा से लाभान्वित हो सकें। जिसमें फैकल्टी के रूप में यूनिक स्टडी प्वाइंट कोचिंग के संचालक भरत कुमार वर्मा के द्वारा क्लास लिया जाएगा। जिनका मुख्य उद्देश्य है कि आर्थिक स्थिति के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। जिसके संचालन समिति के रूप में श्री भूषण प्रसाद साहु,यदुनंदन तिवारी एवं लाल गौरी शंकर नाथ साहदेव हैं। इस मौके पर आनंद कुमार सिंह, एएसआई वृंदा उरांव, धनंजय प्रसाद मित्तल, ओमप्रकाश प्रजापति एवं बच्चे उपस्थित थे।

# भंडारा के साथ श्री देवी मंडप का वार्षिकोत्सव संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नौ कन्या पूजन एवं भंडारा के साथ रविवार को शहर के थाना चौक में तेली मुहल्ला स्थित देवी मंडप सह नौ देवी पिंडी मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव संपन्न हो गया।इससे पहले पुजारी त्रिभुवन पांडेय, रामेश्वर पांडेय व विवेक शुक्ला के सानिध्य में हवन व पुर्णाहुति की गयी। मौके पर बतौर मुख्य यजमान संतोष कुमार पिंटू और रंजीत कुमार सपत्नीक मौजूद थे। हवन व पूर्णाहुति के बाद नौ कन्या पूजन किया गया।इसके बाद भंडारा का प्रारंभ किया गया। भंडारा का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने किया। भंडारे में विधायक बैद्यनाथ राम के अलावा लातेहार व आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। अपराह्न एक बजे संध्या पांच बजे तक भंडारा का आयोजन किया गया।आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ मंटू, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार, अजीत कुमार, शुभम कुमार, आकाश कुमार व संदीप कुमार, सचिव रविंद्र प्रजापति, सतीष कुमार व आशीष कुमार व कोषाध्यक्ष बिंदेश्वर प्रसाद व आशीष कुमार के अलावा संरक्षक मंडली में रामधनी प्रसाद, दशरथ प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, नवल किशोर प्रसाद, भोला प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, सूरज साहू व प्रदीप प्रसाद आदि सक्रिय हैं. उपाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इस आयोजन में तन मन व धन से सहयोग करने पर नगर वासियों के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई भी अनुष्ठान सफल नहीं हो पाता है।मौके पर अभिनंदन प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, रौशन कुमार, चिंटू कुमार, आकाश कुमार, सोनू कुमार, मंटू प्रसाद, सुधा देवी, शारदा देवी, सरोज देवी, सरस्वती देवी, अनिता देवी, पुनिता देवी, देवंती देवी, संगीता देवी व मंजू देवी समेंत कई लोग मौजूद थे।

# प्रजापति समाज की बैठक में शामिल हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रजापति भवन में रविवार को प्रजापति समाज के प्रखंड अध्यक्ष आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में प्रजापति समाज की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज को संगठित करने पर विचार विमर्श किया गया एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने पर विचार विमर्श की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी राजेश प्रजापति ने कहा कि आज हमारा समाज राजनीतिक क्षेत्र में काफी पीछे है। इसका मुख्य कारण यह है कि हमारा समाज संगठित होकर मतदान नहीं करता है। इसलिए हमें संगठित रहकर मतदान करना चाहिए ताकि हर राजनीतिक दल के लोग हमारे समाज का मान प्रतिष्ठा दे ।वहीं बैठक में चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी चरण सिंह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम समेत कई नेता शामिल होकर भाजपा में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की वह कहा कि भाजपा हमेशा प्रजापति समाज को सम्मान देने का कार्य किया है ।और हम लोग वादा करते हैं कि समाज को जब भी हम लोगों की जरूरत होगी हम लोग आपके बीच आएंगे और जो भी समस्या होगी उसे समाधान करने का प्रयास किया जाएगा ।मौके पर उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि समाज की अगली बैठक में यह तय होगा कि समाज का वोट किधर जाएगा। इस बैठक में बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रजापति,बरियातू प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति, पूर्व जिला परिषद सदस्य नीरा देवी, युगल किशोर प्रजापति, तुलसी प्रजापति, बाल गोविंद प्रजापति, रीना देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

# डीएवी स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी पब्लिक स्कूल, सिमडेगा में मतदान जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर स्वीप कोषांग की आशा मैक्सिमा लकड़ा और क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी रोशनी कुमारी मौजूद रहे।उन्होंने कक्षा नवम् से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को मतदान के विषय में अनेक जानकारियों साझा किए। उन्होंने बच्चों से कहा कि अभी आपकी उम्र अठारह वर्ष नहीं हुई है फिर भी आपका बड़ा दायित्व है, अपने माता- पिता और परिवार के बड़े लोगों को मतदान के लिए मतदान केन्द्र तक जाने के लिए कहिए। यह भारत का सबसे बड़ा उत्सव है। स्कूल के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने भी बच्चों को उत्साहित करते हुए मतदान का महत्त्व बतलाया। इस अवसर पर मतदान संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें का प्रदर्शन बच्चों ने भाषण प्रस्तुति, नृत्य एवं चित्रकला का प्रदर्शन किया। बताया गया कि आगे भी अनेक तरह के कार्यक्रम मतदान समाप्ति तक आयोजित किए जाएंगे।

# भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता 24 कैरेट गोल्ड की शुद्धता का, इनकी बदौलत हीं अबकी बार 400 पार : दीपक प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक सदर विधानसभा भाजपा चुनाव कार्यालय में हजारीबाग के समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद की अध्यक्षता में हुई।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बीजेपी झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विशाल वाल्मीकि एवं धन्यवाद ज्ञापन रोशन कुमार ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले प्रेस को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को साधुवाद देता हूं कि 2024 के चुनाव रूपी महापर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में उनकी यहम भूमिका होगी। जिस तरह से देश की वर्तमान अर्थव्यवस्था को मोदी सरकार ने 11वें स्थान से 5वें स्थान में लाने का काम किया है वह अतुलनीय है । पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री प्रकाश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने यशवंत सिन्हा एवं उनके पुत्र जयंत सिन्हा को क्या नहीं दिया ।बिहार में विपक्ष का नेता बनाया ,बिहार प्रदेश का अध्यक्ष बनाया, दो-दो बार लोकसभा सदस्य बनाया ,हार जाने पर राज्यसभा सदस्य बनाया ,दो-दो बार केंद्र में मंत्री बनाया ,उनके पुत्र जयंत सिंहा को दो बार सांसद बनाया, केंद्र में मंत्री बनाया और तब भी जब भाजपा के नहीं हुए तो दूसरे दल का क्या हो सकते हैं ।वैसे उनकी अपनी सोच है ।दुनिया के देशों में जितना मान सम्मान मोदी जी के द्वारा भारत का बढ़ाया गया, भारत के किसी प्रधानमंत्री ने नहीं बढ़ाया ,आरक्षण के संबंध में पूछे गए प्रश्न के जवाब में श्री प्रकाश ने कहा कि जब तक भारत में भाजपा की सरकार रहेगी तब तक आरक्षण में कोई छेड़छाड़ नहीं होगा। छेड़छाड़ तो कांग्रेस सरकार करती है पिछड़ों का आरक्षण काटकर अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने की मंशा बनाई है ।भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों 5 लाख के पार से जीताना होगा। वरिष्ठ भाजपा नेता ,समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा की जनता में मोदी के प्रति एवं हजारीबाग भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के के कार्यों से प्रभावित होकर इतना अधिक उत्साह दिख रहा है कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस को बूथ पर बैठने के लिए बूथ एजेंट भी नहीं मिलेगा ।आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया की अधिक से अधिक मतों से अपने प्रत्याशी को विजय दिलाने के लिए मत प्रतिशत को बढ़ाना होगा। घरों से बूथ पर लोगों को जाने के लिए प्रेरित करना होगा। पहले मतदान और तब जलपान के तर्ज पर मतदान के दिन काम करना होगा। तभी अपने प्रत्याशी को 5 लाख पार के मतों से विजय दिला सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी ,केपी ओझा ,अनिल मिश्रा ,अशोक यादव के अलावे कयुम अहमद ,मनमीत अकेला, जीतन राम है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदीप प्रसाद, केपी ओझा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टाटीझरिया प्रखंड में निजी प्राईविट विद्यालय शिक्षा के नाम पर कर रहे व्यवसाय

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया प्रखंड में निजी (प्राइवेट) विद्यालयों , कोलेजो में शिक्षा के नाम पर व्यवसाय चलाया जा रहा है। नया सत्र आरंभ होते ही चार पहिया वाहनों से आम जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए विद्यालय कॉलेज संचालकों द्वारा डीजे साउंड या वाहनों में लगे साउंड द्वारा कम शुल्क में बेहतर शिक्षा देने की घोषणा करते हैं। जिनके झांसे में आकर अपने बच्चो का नामांकन अभिभावक गण विद्यालय में करवा लेते है। बाद में क्षेत्र के स्कूली छात्र छात्राओं के अभिभावक अखबार में नाम प्रकाशित नही करने के शर्त पर बताते है की निजी विद्यालयों में पढ़ाई - लिखाई, केश फेस ड्रेस के नाम पर सिर्फ लूट होता है। विद्यालय में बेहतर शिक्षा के नाम पर व्यवसाय के दृष्टि से हरेक एक दो वर्ष में पुस्तक का परिवर्तन अलग अलग प्रकाशन में किया जाना जिसका मूल्य पुस्तकों में अधिक होता है। फाइल परिवर्तन , लेखन डायरी,आइडी कार्ड,वार्षिक विद्यालय विकास फंड , खेल सामग्री शुल्क,परीक्षा शुल्क , बच्चो के लिए हेतु आवागमन वाहन समेत अन्य कई शुल्क वशुली कर अपना व्यवसाय चला रहे है। जिससे हम अभिभावकों का जो स्वप्न था की हम अपने बच्चो को कम शुल्क में बेहतर शिक्षा करवा पाएंगे लेकिन सपना कभी अपना नही होने की कवाहते सच दिखाई देते है । हम ग्रामीण क्षेत्र लोग के अपने बच्चो को निजी प्राईविट विद्यालयों में पढ़ाई करवाने में सक्षम नहीं है। इससे तो कई गुणा अच्छा है सरकारी विद्यालय सिर्फ हम ग्रामीण क्षेत्र वासी प्राईविट विद्यालयों के झांसे में आकर अपने बच्चो को नामांकन करवा देते है और खुद से समस्याओं में जकड़ जाते है।

## झापा के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी (झापा) हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने सदर और दारू प्रखंड के गांवों का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की जनसमस्याओं से रूबरू होकर हर संभव उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान हमने देखा है कि हजारीबाग में विकास नदारद है। कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा का लगातार शिकार हो रहे हैं। ऐसे में झारखंड पार्टी जो क्षेत्रीय पार्टी है जंगल जमीन की पार्टी है आप लोगों के बीच चुनावी समर में आपके जन समर्थन के लिए पहुंची है ताकि आप सभी के जन समर्थन से चहुंमुखी विकास किया जाए। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सुदुरवर्ती क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहा हूं जहां पर ग्रामीणों की समस्यायों को काफी नजदीक से देखा है जो समस्याएं आजादी के पूर्व थी आज आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी बनी हुई है ऐसे में विकास के मायने अधूरे हैं चाहे किसानों की सिंचाई की व्यवस्था हो, बिजली की व्यवस्था हो, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क हर क्षेत्र में हमारा लोकसभा क्षेत्र पिछड़ेपन का शिकार है। जरूरत है एक ऐसे जनप्रतिनिधि की जो इन समस्याओं का गंभीरता पूर्वक कार्य योजना बनाकर कार्य करें ताकि चहुंमुखी विकास हो।झारखंड पार्टी सभी के समर्थन और सहयोग से धरातल पर विकास की योजनाओं को उतारने का काम करेगी। सुदुरवर्ती क्षेत्रों के अंतिम पायदान के लोगों तक विकास की किरणें पहुंचे यहीं हमारा लक्ष्य है।

## समाज के विकास में युवा निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिका : रोहित दूवे

**सतगावां।** युवा वर्ग देश के विकास के लिए हमेशा से ही किसी न किसी रूप में तत्पर रहा है। आज का युवा इस बात को समझ चुका है कि यदि देश के लिए कुछ करना है तो सबसे पहले जो कार्य वह कर रहा है उसे पूर्ण लगन व निष्ठा से करे। यदि वह अपने द्वारा किए जाना वाला कार्य ईमानदारी एवं ठीक प्रकार से करता है, तो वह देश के विकास में ही सहयोग कर रहा है। इसके अलावा अपने घर व समाज को बेहतर दिशा देने के लिए उसे अपनी विचारधारा में भी थोड़ा बदलाव लाने की जरूरत है, क्योकि देश का निर्माण अच्छे समाज से ही होता है। युवाओं की सोच देश व समाज के प्रति लगातार बदल रही है। पिछले दशकों में आसानी से रोजगार मिलने के बाद अब कठिनाई सामने आने के बाद युवा शिक्षा में डिग्रियों के साथ ही क्वालिटी पर भी गंभीर है। समाज की मजबूत नींव हम तभी रख सकते हैं, जब हम अपने व्यक्तित्व में अच्छे गुणों का समावेश करें। समाज के लिए कुछ करते वक्त यह न सोचें कि यह काम मैं ही क्यों करूं, ऐसी सोच रखना जरूरी है। इस भावना को अपने भीतर से समाप्त कर युवाओं को आज अपने करियर के साथ-साथ समाज के लिए भी कुछ करने का जज्बा लेकर आगे बढ़ना होगा, तभी एक बेहतर कल का निर्माण हो सकेगा। आज के प्रतिस्पर्धा वाले युग में युवाओं का बचपन से जवानी तक का समय सिर्फ करियर की सोच तक ही सीमित रह जाता है। युवाओं को समझना होगा कि जिस देश और समाज के चलते आज वह स्थापित हुए हैं, उसके प्रति भी उनकी कुछ जिम्मेदारी बनती है। हमें यह सोचना चाहिए कि देश तरक्की करेगा, तो हमारा भी नाम होगा। युवा होने के नाते हमें समाज के ऐसे वर्ग का जीवन स्तर ऊंचा उठाने का प्रयास करना चाहिए, जो भिन्न-भिन्न कारणों से पिछड़ा हुआ है। देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, परन्तु धन की कमी के चलते उनका विकास नहीं हो पाता।

# जय प्रकाश भाई पटेल ने केरेडारी क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क महाभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** रविवार को इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क महाभियान चलाया. उन्होंने दर्जनों पंचायत का दौरा करते हुए जनसभा एवं डोर टू डोर कैंपेन किया. कैंपेन करते हुए कांग्रेस के पक्ष में हाथ छाप पर वोट देने का अह्वान किया. जनसंपर्क अभियान में बडकागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने श्री पटेल का भरपूर साथ दिया वहीँ झामुमो के जिला प्रभारी संजीव बेदिया भी साथ कदम से कदम मिलाते नज़र आये. कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ जुटी रही. चिलचिलाती धुप और प्रचंड गर्मी के बावजूद हर जनसभाओं में लोगों का सैलाब उमड़ता रहा. सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने जेपी पटेल को आशीर्वाद देकर भरी मतों से जिताने का वादा किया. जय प्रकाश भाई पटेल जोर शोर के साथ जनसंपर्क करते नज़र आये. इस दौरान उन्होंने विस्थापितों सहित आम लोगों से संवाद स्थापित किया. जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे पता है विस्थापन यहाँ की बड़ी समस्या है. इस समस्या की देन भाजपा है. हमने हमेशा टेकलाल बाबु के पदचिन्हों पर चलते हुए इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी है. राष्ट्रीयकरण या सरकारी कम्पनियाँ तो फिर भी ठीक थीं, उनसे अधिकारों का हनन रोका जा सकता था परन्तु अदानी जैसे प्राइवेट कंपनियों के हाथों अब भाजपा की सरकार यहाँ की जमीनों को बेचने का काम कर रही है. उनके वादे हमेशा से खोखले रहे हैं. कहा, जमीन हमारी, कोयला हमारा, मजदूर भाई हमारे, सब कुछ हमारा मगर हमें बदले में सिर्फ छल और कपट मिला. हिस्सेदार की जगह हमें नौकर बनाया गया है. आगे कहा, यह सब कुछ इसलिए मुमकिन हो सका क्यूंकि यहाँ का सांसद उसी पार्टी से है जिसने कभी इन समस्याओं पर संसद में अपना मुह तक नहीं खोला. विरोध में एक शब्द नहीं निकेल. चुपचाप हजारीबाग को बिक जाने दिया. श्री पटेल ने ग्रामीणों से वादा करते हुए कहा कि संसद में जाने के बाद विस्थापन निति में सुधार कर उसे जमीनी रूप लागू करवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी. जनसंपर्क के दौरान विधायक अंबा प्रसाद, संजू बेदेया, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, नीलकंठ महतो, सुरेश साव, चंदन गुप्ता, जितनी देवी मुखिया, सुरेश राम, दिनेश साव, सुखदेव प्रसाद यादव, राजेश साव, मकसूद आलम, मेहंदी हसन, राजेंद्र प्रजापति, नरेश साव, उमेश साव, चिंतामणि, भागीरथ साव, मोहन साव, दिलीप गिरी महावीर गंजू, लाल बिहारी गंजू, पुरानगंज लाल सोनी, मनोज, गणेश, विजय, आवेश अंसारी, संतोष शर्मा, शंकर राम, अशोक भाई पटेल, जयकुमार महतो, बोदला लाल महतो आदि उपस्थित रहे.

## कान्यकुब्ज ज्योतिषि ब्रह्मण संघ की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग –** इचाक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लुंदरु ग्राम के देवी मंडप में ज्योतिषी कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासंघ की बैठक गिरिजानंद पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडा के साथ प्रदेश और जिला के पदाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी विप्रगण भगवान परशुराम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा किये। सभी ने बारी - बारी से भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किया। उसके बाद सलाहकार समिति के सदस्य दिवंगत मदन तिवारी को एक मिनट का मौन रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री पंडा ने कहा की ब्राह्मणों की एकता और उनके समस्या को लेकर मैं तात्पर्य हूं, जहां हमारी जरूरत पड़ेगा मैं हर समय आप सबों के साथ हूं , मुझे आप सबों ने जो दायित्व सौंपा है। मैं उसे पूरा करूंगा सिर्फ आप सभी का साथ और हौसला चाहिए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र पांडेय ने कहा की इचाक के लुंदरू में के बैठक में उपस्थित सभी विप्र गण को कहता हूं, यदि ब्रह्मण समाज में एकता का परिचय देना है तो प्रदेश अध्यक्ष के हाथो को मजबूत करे और कोई भी कार्य करने से पहले बैठक कर निर्णय ले ।

## कोर्टेवा एग्री साइंस पायोनियर कंपनी द्वारा ग्राम समृद्धि केंद्र का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु ।** कोटेवा एग्री साइंस( पायोनियर) ब्रांड कंपनी किसानों को सक्षम और समृद्ध बनाने के लिए सदैव प्रयासरत है, इसी दिशा में दारू प्रखंड के ग्राम बरवार गांव में ग्राम समृद्धि केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के सैकड़ों किसानों ने अपनी उपस्थिति दी, गांव वालों ने कंपनी के इस काम का तहेदिल से स्वागत किया, कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी समित कुमार और जोनल एग्रोनॉमिस्ट मनीष पाटिल इनके द्वारा ग्राम के किसानों को कोटवा( पायोनियर) ग्राम समृद्धि केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गइ जिसमें पायोनियर शंकर धान ,मक्का एवं सरसों फसल से संबंधित सही बीज की जानकारी एवं उपज को बढ़ाने की उन्नत तकनीक के बारे में जानकारी दी गई । फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक की अवस्था के अनुसार तकनीकी जानकारी जैसे खरपतवार की समस्या रोग एवं बीमारी की पहचान इसे कैसे बचा जाए , एवम फसल से संबंधित हिंदी समाचार एवं सीजन के हिसाब से अन्य फसलों का समाचार टेक्निकल सेशन( कृषि वैज्ञानिक) से जुड़ने के लिए वाई-फाई की सुविधा के साथ कृषि विश्वविद्यालय की साप्ताहिक अथवा मासिक कृषि पत्रिकाएं की जानकारी दी गई। किसानों के बच्चों के लिए आगे के एजुकेशन और जॉब करियर काउंसलिंग की सुविधा इत्यादि की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रधान की गई ।

## मोटर गैरेज मे लगी आग, जलने से बची गाड़िया



**प्रभातमंत्र सवांददाता**

**दारु ।** थाना क्षेत्र के पेटो मे रामा बॉडी गेराज मे रविवार की सुबह करीब 9 बजे आग लग गयी। इस आग मे गेराज मे खड़ी कई वाहन जलने से बाल बाल बच गये जबकी कुछ वाहन और पार्ट्स को आग से नुक्सान पहुंचा है।आग लगने के बारे मे बताया गया की गेराज मे खड़े वाहन के बगल मे रखे स्क्रेप समान को जलाने की नियत से गेराज मालिक के द्वारा आग लगाया गया था पर हवा तेज चलने की वजह से इसकी लपटे दूर दूर तक उठने लगी जिसने आसपास खड़े एक चेचिस और कुछ लोहे की रखे समान को चपेट मे ले लिया। इस आग से काला धुआं आसमान की तरफ उड़ने लगा। इस नज़ारे को जिसने भी देखा वह कौतुहल वस उसी तरफ दौड़ पड़ा। गेराज के मालिक और आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया ।

## टाटीझरिया और दारू प्रखंड के 24 गांवों में घर घर पहुंचकर एनडीए प्रत्याशी मनीष ने मांगा समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने रविवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया और सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु प्रखंड क्षेत्र के कुल 08 पंचायतों के 24 गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया।उन्होंने गांवों में पदयात्रा करते हुए घर- घर तक पहुंच बनाते हुए भाजपा और अपने पक्ष में मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। इस दौरान मनीष जायसवाल का मांडू विधानसभा क्षेत्र में भाजपा, आजसू और जदयू के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं दारू प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर दिखा। सभी गांवों में मनीष जायसवाल के स्वागत में ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ा। माता- बहनें आरती उतारकर, पुष्प- वर्षा करके और लोगों ने फूल माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया और समर्थन का भरोसा जताया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने भी क्षेत्र में मिल रहे अपार जनसमर्थन के लिए लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और क्षेत्र में बड़े- बुजुर्गो का पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया ।मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की चाल, चरित्र और कार्यशैली से जनता पूरी तरह वाकिफ हो चुकी है। देश के साथ हजारीबाग वासियों ने कांग्रेस को नकार दिया है। मनीष जायसवाल ने मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों से कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास की जो यात्रा चल रही है उसे बरकरार रखें और देश के विकास के साथ गरीबों के उत्थान के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुनें। उन्होंने यह भी कहा की मुझे सांसद बनाकर आपके सेवा का एक मौका दें विश्वास दिलाता हूं आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा । मौके पर आजसू के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जदयू नेता दुष्यंत पटेल, टाटीझरिया भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, टाटीझरिया प्रमुख सह प्रखण्ड महामंत्री संतोष मंडल, टाटीझरिया युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अध्यक्ष महेश अग्रवाल ,भाजपा वरिष्ठ नेता मिथिलेश पाठक, टाटीझरिया प्रखण्ड उपाध्यक्ष राजेश यादव एवं टाटीझरिया प्रखण्ड कोषाध्यक्ष बजरंगी साव, भाजपा के वरिष्ठ नेता द्वारिका सिंह( खोखा सिंह), भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य हितेंद्र पटेल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें ।

# 84 वर्षीय ब्रजकिशोर जायसवाल ने अपने पैतृक गांव पहुंच बेटे मनीष के लिए मांगा वोट का आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पिता सह हजारीबाग जिले के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल 84 साल की उम्र में बुलंद इरादें के साथ अपने बेटे के लिए आशीर्वाद मांगने रविवार को बड़कागांव पहुंचे। ब्रजकिशोर जायसवाल का बड़कागांव से खासा अपनापन और रिश्ता रहा है। उन्होंने अपना बचपन बड़कागांव स्थित अपने पैतृक गांव जुगरा में बिताया है और इसी से जिला परिषद सदस्य का चुनाव जीतकर वे हजारीबाग जिले के जिला परिषद अध्यक्ष भी बने थे। उन्होंने यहां पहुंचकर अपने बड़कागांव स्थित आवास जुगरा निवास में क्षेत्र के लोगों से साथ मिल बैठकर अपने बेटे भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लिए कमल फूल छाप पर वोट करने की अपील की। ब्रजकिशोर जायसवाल लोगों से बात करने के दौरान कई बार भावुक हो गए और स्पष्ट शब्दों में मनीष जायसवाल के लिए आशीर्वाद और जनसमर्थन मांगते हुए कहा की नेता नहीं अपने क्षेत्र का बेटा और अपने लिए सेवक चुनें, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का पीएम और मनीष को अपना सांसद चुनें। ब्रजकिशोर जायसवाल के साथ उनके बेटे और मनीष जायसवाल के भाई निशांत जायसवाल भी बड़कागांव पहुंचे थे। निशांत जायसवाल ने भी अपने जनसेवक और जननेता भाई मनीष जायसवाल के लिए लोगों से बढ़चढ़कर कमल फूल छाप पर मतदान करने का आग्रह किया ।मौके पर उनके साथ विशेष रूप से बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो केपी शर्मा, विजय वर्मा, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, सीपी जैन, सत्येंद्र सिंह, पुष्कर अग्रवाल सहित खाई अन्य गणमान्य मौजूद रहें ।

## फैक्ट्री के बगल में लगी आग, लगभग 250 आम का पौधा समेत बिजली का ट्रांसफार्मर हुआ क्षतिग्रस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना अंतर्गत केवाल गांव में अधीर कुमार सिंह के फैक्ट्री के बगल में आग लग गई। आग फैक्ट्री के बगल में झाड़ी में लगी और धीरे धीरे आग तेजी से फैलने लगा। घटना की जानकारी मिलने पर सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने अग्निशमन कार्यालय को सूचना दिया, सूचना पाते ही अग्निशमन की टीम फायर यूनिट के साथ घटना स्थल पर पहुंची। जब तक फायर यूनिट घटना स्थल पर पहुंची तब तक आग बगल में ही स्थित ट्रांसफार्मर को अपने चपेट में ले लिया था। यहां तक की लगभग 250 आम के पौधों को भी अपने चपेट में लिया। वही राहर के पेड़ों को भी नुकसान किया है। हालांकि फायर यूनिट पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर अधीर कुमार सिंह ने बताया कि लगभग 5 लाख का नुकसान हुई है। वहीं उन्होंने बताया कि अग्निशमन के प्रयास से फैक्ट्री बच गया।

## पासवान समाज ने मनाई वीर बाबा चौहरमल की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग । शहर के कल्लू चौक पगमिल मार्ग स्थित मुंद्रिका शादी घर में पासवान समाज की ओर से रविवार को शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के प्रबुद्ध लोगों ने वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा समक्ष पूजा-अर्चना कर किया। समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात शहर के जाने माने कलाकारों द्वारा बाबा चौहरमल की जीवनी पर आधारित नाटक की प्रस्तुति कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। समाज के बच्चों ने नृत्य-संगीत की प्रस्तुती कर समा बांधा। देर शाम तक भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। कलाकारों ने लोगों को भक्तिरस में सराबोर किया। समिति का अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, उपाध्यक्ष पंचम पासवान ने कहा कि जो समाज अपना सही इतिहास नहीं जानता, वह अपने भविष्य का निर्माण नहीं कर सकता। हमारे पूर्वजों का इतिहास रहा है कि वे किसी भी परिस्थिति में धर्मांतरण हो या गुलामी को स्वीकार नहीं किया। पत्रकार लखन पासवान ने समाज के लोगों को शिक्षा का महत्व, नशामुक्त समाज निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, नारी सम्मान व स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों व बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार दीपक कुमार व लखन पासवान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, समिति के सचिव रीतराम पासवान, कुंदन पासवान, ओम प्रकाश पासवान, वार्ड पार्षद सुबोध पासवान, बादशाह पासवान, दिलीप राम, धीरज कुमार, राजेश्वर कुमार, ज्ञान सागर, भीखू पासवान, बहादुर सागर, वीरेंद्र कुमार, मोहन पासवान, सन्नी पासवान, बैजु गहलौत, सीमा पासवान, खजांची पासवान, सुरेंद्र पासवान, शशिकांत पासवान सहित हजारीबाग, रांची, रामगढ़, चतरा से समाज के लोग उपस्थित थे।

## वासेपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन
### 23 यूनिट रक्त संग्रह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बंगाली वेलफेयर सोसाइटी और समाजसेवी मुख्तार अहमद के संयुक्त तत्वावधान में वासेपुर के निशात नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर 23 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। संग्रहित रक्त को एसएनएमएमसीएच के ब्लड बैंक में जमा किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके। शिविर के सफल आयोजन में समाजसेवी मुख्तार अहमद, हाजी जमीर आरिफ, तनवीर आलम, आमिश खान, शादाब आलम, मो शकील, मो तौसीफ, अली आज़म, फहीम खान, जाज़ेब खान, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के गोपाल भट्टाचार्य, नारायण रॉय चौधरी, श्यामल राय चौधरी, हिरन्मोय मित्रा, के डी सेनगुप्ता, पियल चटर्जी, ब्लड बैंक के अशोक कुमार शर्मा, संजीव तुरी, शम्भु कुमार साहनी समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## 6 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष आज 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कृष्ण चन्द्र सिंह राज, नारायण गिरी, परवेज नैय्यर, राजीव तिवारी, रियाजुल हक तथा कामेश्वर प्रसाद वर्मा ने नामांकन किया। नामांकन के अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

# निर्दलीय प्रत्याशी व अधिवक्ता को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने लोकसभा चुनाव से पहले झारखण्ड के गिरिडीह में एक और उम्मीदवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये गिरफ्तारी रविवार सुबह बरगंडा आरके महिला कॉलेज रोड के पास स्थित आवास पर अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में हैं। उसी सीट से कल्पना सोरेन भी इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार है। जबकि भाजपा की तरफ से दिलीप वर्मा मैदान पर हैं। ज्ञात हो की शनिवार को राँची लोकसभा सीट से जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो को गिरफ्तार कर लिये गये थे।

मिली जानकारी के मुताबिक अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह के खिलाफ बेंगाबाद थाना घेराव मामले को लेकर प्राथमिक दर्ज की गई थी। इसी मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है। फिलहाल पुलिस अवधेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर अपने साथ टाउन थाना ले गई है। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीपीओ विनोद रवानी, बेंगाबाद अंचल की इंस्पेक्टर ममता कुमारी, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे। बता दें कि गांडेय सीट पर उपचुनाव 20 मई 2024 को होना है।

गौरतलब है कि शनिवार को झारखण्डी भाषा खतियानी संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के राँची से निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो को लालपुर थाना की पुलिस ने शनिवार को समाहरणालय परिसर से गिरफ्तार कर लिया था। उस वक्त वे पारंपरिक वेष-भूषा में नामांकन करने पहुंचे थे। उन्हें जेपीएससी कार्यालय का घेराव करने व पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने के आरोप में दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद देवेंद्रनाथ की सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करायी गयी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया गया। उधर, देवेंद्रनाथ के अधिवक्ता सृष्टिधर महतो ने कहा कि देवेंद्रनाथ का निर्दलीय नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, राँची सदर के तत्कालीन सीओ ने 23 नवंबर 2021 को लालपुर थाना में प्राथमिकी करायी थी, आगे की करवाई में पुलिस जुट गई है।

## कतरास में नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास थाना चौक पर धनबाद नगर निगम की इन्फोर्समेंट टीम द्वारा शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें शहर के कई दुकानों को हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया। अतिक्रमण हटाए जाने के खिलाफ दुकानदार और उसका पूरा परिवार ने जमकर हंगामा किया। बताया जाता है कि दुकान के मालिक मो साजिद अंसारी ने नगर निगम को एक लिखित शिकायत देकर अपने दुकान के सामने झोपड़ीनुमा दुकान को हटवाने का आग्रह किया था। इसी शिकायत के आलोक में धनबाद नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम का नेतृत्व कर रहे धनबाद फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने कार्रवाई करते हुए दुकान को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की। इसी दरमियान झोपड़ीनुमा दुकान के दुकानदार का यह कहना था कि यह दुकान कई दशकों से यहीं चलाया जा रहा था। कार्रवाई की पूर्व में सूचना देना चाहिए था, ताकि दुकान के सामानों को सुरक्षित हटाया जा सके। फिलहाल दुकान को हटा दिया गया है। साथ ही टीम का नेतृत्व कर रहे फूड इंस्पेक्टर ने कहा कि इस तरह की शिकायतें आने पर लगातार कार्रवाई होगी। अब ऐसे कार्रवाई में अग्रिम सूचना देकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद को कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के आवासीय कार्यालय में आज रविवार को सभी 6 प्रखंडों से आये कार्यकर्ताओं ने नामांकन के पूर्व मिलकर गुलदस्ता भेंट करते हुए अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी दी। एक भेंट वार्ता में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने प्रेस को बताया कि कल टुंडी के दौरे के क्रम में सी पी चौधरी द्वारा अनर्गल बयान दिया गया जो कि काफी निंदनीय है। आगे श्री महतो ने कहा कि भाजपा आजसू गठबंधन के पास ऐसी कोई विकास रूपी एजेंडा नहीं कि मतदाता के पास जा सकें। शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली किसी विषयों पर ठोस काम नहीं किया गया जिसमें जनता के पास वोट मांग सकें। झारखंड में जितने भी विकास कार्य हुए हैं वह सब इंडिया गठबंधन सरकार की देन हैं अगर मोदी के भरोसे चुनाव की नैया पार होने का जो सपना देख रहे हैं इस बार झारखंड में मोदी की जादू नहीं चलेगा लोग इस बार विकास करने वाले का साथ देने का मन बनाया है। आगे उन्होंने कल सोमवार को नामांकन में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील करते हुए आशीर्वाद की उपेक्षा किया।

## जैक 12वीं साइंस की परीक्षा में ऋषिकेश पासवान जिला में छठा स्थान प्राप्त कर न्यूड्रिप का नाम किया रौशन



**टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो का जताया आभार**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल 12 वीं साइंस की परीक्षा में न्यूड्रिप निवासी प्रमोद पासवान पत्रकार के पुत्र ऋषिकेश पासवान जिला में छठा स्थान प्राप्त कर अपने कॉलेज शहिद शक्ति नाथ महतो स्मारक सिजुआ को गौरवान्वित किया। इस खुशी में ऋषिकेश पासवान ने अपने दादा दादी, दीदी सुमन कुमारी एवं चाचा चाची तथा अपने माता-पिता और भाई को मिठाई खिला खुशी से फुले नहीं समाया। वही इस सफलता के बारे में बताते हुए ऋषिकेश ने कहा कि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो दादा ने हमें क्लास वन से लेकर इंटर तक निःशुल्क पढ़ाई। वही शक्तिनाथ महतो स्कूल एवं कॉलेज में पढ़ाई होने की वजह से मैं अपने और अपने परिवार का और अपने समाज का नाम रौशन कर पाया हूं। भगवान से यही प्रार्थना है कि दादा का आशीर्वाद हम सभी परिवारजन पर हमेशा बना रहे। दादा इंसान ही नहीं फरिश्ता है।

## उपायुक्त ने की चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित अन्य के साथ बैठक




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के उद्देश्य से चेंबर ऑफ कॉमर्स, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर तथा मीडिया के साथ बैठक कर अभियान की सफलता एवं लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। ÷मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर÷ पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चुनाव को लेकर जो स्वीप गतिविधियों की गई है या की जाएगी, उसे हैश टैग *मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर* (#Main BhiElectionAmbassador) के साथ विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी को टैग करते हुए अपलोड करें। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में धनबाद तथा झरिया में कम वोटर टर्न आउट पर चिंता प्रकट करते हुए उपायुक्त ने युवा, फर्स्ट टाइम, शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान को सर्वश्रेष्ठ प्राथमिकता देते हुए 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की अपील की।

## बेरमो विधायक ने दौरा कर अनुपमा सिंह के लिये मांगा वोट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क अभियान के तहत बेरमो विधायक अनूप सिंह ने आज सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री सिंह आज कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के अध्यक्ष बीएन सिंह से मुलाकात कर समर्थन प्राप्त किया। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में इंडस्ट्रियल ग्रोथ और पॉल्यूशन कंट्रोल को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई। बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद गोयल एवं पदाधिकारी के साथ विचार विमर्श कर समर्थन एवं व्यापारियों की समस्याओं से अवगत होकर उसका निराकरण करने के लिए कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया। सुंदर यादव, नवनीत नीरज, गांधी रोड निवासी वरीय नेता रामाधार यादव से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अनुप सिंह ने कहा कि चाइना के सामान का और मोदी के जुबान की कोई गारंटी नहीं है। कांग्रेस ने देश की जनता को हमेशा उसका अधिकार दिया और आज भी हर वर्ग के लोगों को उसका हक और न्याय दे रही है। कांग्रेस हर युवा को नौकरी देकर उसके भविष्य को सवारने का काम करेगी। अवसर पर नवीन सिंह, कुमार गौरव, राजेश्वर सिंह यादव, शिव शंकर सिंह, प्रभात सुरोलिया, दिनेश सिंह, बाबू अंसारी, शिव शंकर सिंह आदि मौजुद थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया वल्नरेबल बूथ का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर 40 - धनबाद विधानसभा के एआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने वासेपुर और कुसुंडा में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि वासेपुर के कमर मकदूमी रोड स्थित उर्दू प्राइमरी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 87, 88, बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया - 6 महाप्रबंधक कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 345 तथा बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया - 7 में नया प्राइमरी स्कूल में मतदान केंद्र संख्या 352 का निरीक्षण किया।

# अपने एक वोट से महंगाई, बेरोजगारी, नफरत व अन्याय को हराएं व धनबाद को बेहतर बनाएं : अनुपमा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इंडिया गठबंधन की धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी का तूफानी दौरा बोकारो आवासीय कार्यालय से जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर क्षेत्रीय नेताओं,कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों एवं समर्थकों के साथ मौजूद गणमान्य लोगों के साथ बैठक विचार विमर्श कर कार्यक्रम जनसंपर्क की शुरुआत की। इसी क्रम में धनबाद लोकसभा के चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कालीकापुर पंचायत शाखा कुरी आदराकुड़ी, बल्बोया में बानेश्वर महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क कर फुसरो पंचायत पहुंच कर दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त किया।

वहां ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्रीय जन समस्याओं से अवगत होकर उनके निवारण हेतु इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए समर्थन मांगा। वहीं खेरा बेड़ा पंचायत स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात इंडिया गठबंधन के सभी दलो के क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ बैठक कर महा गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर चर्चा की। कहा की आप सभी के हक और हित के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगी। आपकी अपनी धनबाद की बेटी अनुपमा आपसे आशीर्वाद लेने के लिए आई है।

आगे उन्होने कहा की आप सभी अपने एक वोट से महंगाई, बेरोजगारी, नफरत व अन्याय को हराएं और धनबाद को बेहतर बनाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुपद महतो, जलेश्वर महतो, शंकर महतो, हसनुल्ला अंसारी, उत्तम दुबे आदि मौजुद थे।

# महुदा के दामोदर नदी तेलमोचो घाट से अभी भी जारी है अवैध बालू की तस्करी

## नवनिर्मित हीरक रोड के बगल में होता है अवैध बालू का भंडारण

**सुभाष मिश्रा@प्रभात मंत्र**



**बड़े पैमाने पर हो रहे बालू की खुदाई से दामोदर नदी के अस्तित्व पर खतरा।**

**महुदा :** एक तरफ चुनाव की द्य तैयारी चल रही है वही बालू तस्कर चांदी काट रहे हैं। दूसरी ओर धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र के दामोदर नदी पुल तेलमोचो घाट में इन दिनों बड़े पैमाने पर सैकड़ो ट्रैक्टरों से बालू के अवैध उत्खनन से एक तरफ जहां सरकार के लाखो रुपए की राजस्व की छती हो रही है वही दामोदर नदी के अस्तित्व में खतरा उत्पन्न हो गया है। मालूम हो की दामोदर नदी से बालू उठा कर ग्राम रक्ष। दल चेकपोस्ट से पूरब दिशा में महज 500 मीटर की दूरी पर नवनिर्मित हीरक रोड के दाहिने ओर बाई ओर बड़े पैमाने पर बालू माफियाओं द्वारा बालू भंडारण किया जाता हैं। बताया जाता है की यह अवैध बालू का खेल खनन विभाग धनबाद के कुछ चुनिंदा पधाधिकारी और पुलिस की देख रेख में होता है। नाम मात्र छपेमारी कर अपनी खाना पूर्ति किया जाता उसके बाद पुनः तस्करी चालू हो जाता हैं जब संवाददाता नवनिर्मित हीरक रोड के दाहिने और अवैध भंडारण स्थान में कुछ मजदूर से पूछने पर बताया की इसका मालिक कोन है नही जानते है।बालू रखा हुआ है हम लोग बालू लोड करते हैं।सूत्र से मालूम हुआ है की उक्त सभी स्थानों में जंगलो के बीचों बीच जो अवैध उत्खनन कर बालू का भंडारण जाता है। वे सभी बालू रात के अंधेरे में हाईवा में लोड होकर नामी कंपनी के यहां भेजा जाता हैं। बताया जाता हैं की बालू माफियाओं के लोग थाना क्षेत्र में सक्रिय हैं अवैध खनन कर बालू की तस्करी से झारखंड सरकार का करोड़ों रुपए की राजस्व का नुकसान हो रहा हैं।

# लोहरदगाः त्रिकोणीय लड़ाई में कौन होगा राज तिलक का हकदार





**राजेश गुप्ता@प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा :** राज्य भर में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चौथे चरण का मतदान 13 मई को होना है। जिसको लेकर सभी पार्टी दलों के नेता समेत कार्यकर्ताओं की ताबड़तोड़ रैलियां हो रही है। वही लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सिसई में 4 अप्रैल दिन शनिवार को भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव के तरफ से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं उतरकर समीर उरांव को जिताने के लिए लोगों से किया अपील। वही चमरा लिंडा ने 2 अप्रैल को जनसभा के माध्यम से अपनी शक्ति प्रदर्शन कर कांग्रेस और भाजपा की नींद उड़ा दिया है। अब भाजपा और चमरा लिंडा के जनसभा के बाद अब लोहरदगा में 7 अप्रैल को कांग्रेस की जनसभा में राहुल गांधी की उपस्थिति होने जा रहा है। कांग्रेस की रैली होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी की इस त्रिकोणीय लड़ाई में किस प्रत्याशी के साथ जनता खड़ी है। लोहरदगा लोकसभा चुनाव इस बार पूरी तरह से त्रिकोणीय होने जा रहा है इसको लेकर सभी उम्मीदवारो में भारी निराशा दिखाई दे रही है।पिछले चुनाव के नतीजे के अनुसार 2009,2014 और 2019 में लगातार लोहरदगा में तीन बार बीजेपी उम्मीदवार सुदर्शन भगत ने जीत दर्ज की है,जिससे मोदी मैजिक भी कहा जा सकता है परंतु इस बार लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक काम करेगा या नहीं इसको लेकर भी चर्चा जोरो पर है क्योंकि पिछले चुनाव के मुताबिक इस बार लोहरदगा लोकसभा चुनाव में सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काटकर समीर उरांव को दिए जाने को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। वही दूसरी ओर आदिवासियों के मसीहा कहे जाने वाले चमरा लिंडा निर्दलीय उम्मीदवार भी पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। पिछले अन्य चुनाव के नतीजे के अनुसार निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा ने 2009 और 2014 में कांग्रेस को हराने में अहम भूमिका निभाई थी तो क्या अब यह मान लिया जाए कि चमरा लिंडा के कारण 2024 का चुनाव भी कांग्रेस के लिए मुश्किल भरा हो सकता है। परंतु इस जानकारों का कहना है की इस बार अगर कही मोदी मैजिक ने काम नहीं किया तो चमरा लिंडा खुद न बाजी मार ले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को इस चुनाव में अपना राजनीतिक भविष्य का अहम चुनौती दिखाई दे रहा है। सुखदेव भगत की एक जीत से फिर राजनीतिक कैरियर को फिर खड़ा कर सकती है। सुखदेव भगत लोहरदगा लोकसभा सीट पर विजय होने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। तथा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लगातार जनसंपर्क के माध्यम से वोटरों को लुभाने का काम कर रहे हैं। वैसे तो कांग्रेस के तरफ से अभी तक किसी भी प्रकार का कोई बड़े जनसभाओं का आयोजन नहीं किया गया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस के तरफ से 7 अप्रैल को जनसभा के बाद लोगों में उम्मीदवारों के प्रति क्या रुझान नजर आता है। वहीं फिर से दूसरी ओर भाजपा भी इस सीट पर पुनःअपना कब्जा बरकरार रखना चाहती है।

## अवैध बालू परिवहन मामले में 5 ट्रैक्टर किया जप्त

# जप्त सभी ट्रैक्टरों पर खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर की जा रही है करवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो स्थित कोयल नदी तट के बालू घाट से अवैध बालू परिवहन करने की गुप्त सूचना पर जिला पुलिस बल और सेन्हा थाना पुलिस के संयुक्त तत्वधान में बालू के अवैध खनन एव परिवहन की गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए 5 ट्रैक्टर को सीठियो कोयल नदी तट से जब्त कर सुरक्षित सेन्हा थाना में रखा गया है। सीठियो कोयल नदी से बालू माफियाओं द्वारा रविवार को बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा था। जिसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को मिलने पर जिला पुलिस बल और प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर,एस आई मनोज कुमार ए एस आई जमशेद खान द्वारा क्षेत्र में अवैध बालू खनन व परिवहन मामले में छापेमारी करते हुए सीठियो कोयल नदी से 5 ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना में ला कर सुरक्षित रखा गया गया। इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद के लिखित आवेदन पर बालू माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से बालू उठाव कर विभाग का राजस्व क्षति करते हुए चोरी छुपे लगातार बालू ढुलाई करने के आरोप में सेन्हा थाना कांड संख्या 31/24 दर्ज कर खनन अधिनियम की धारा 379,411 के तहत अवैध तरीके से बालू परिवहन करने के मामले में ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। एक साथ पांच ट्रैक्टर जब्त होने पर बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। मौके पर प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर, एस आई मनोज कुमार ए एस आई जमशेद खान शस्त्र पुलिस पुलिस बल शामिल थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय में बालश्रम रोकथाम को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा प्रांगण में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी ने मजदूर दिवस व बाल श्रम रोकथाम पर कार्यक्रम का आयोजन किया। श्रमिक वर्ग जो अपना जीवन तो गरीबी तथा अभावों में बिताता है किंतु समाज को मानव जाति को अपने श्रमदान द्वारा कई पीढ़ियों के लिए सड़के, पुल, बड़ी-बड़ी इमारतें उपहार दे जाता है। समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना करने और उनकी अहमियत को जानने के लिए एक खास दिन निश्चित रूप से ज़रूरी है। देश के विकास में श्रमिकों के श्रम से तथा उनके प्रति सम्मान जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के मध्य श्रम दिवस से संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें कक्षा दसवीं की छात्रा पलक सिंह ने प्रथम, मानसी कुमारी व अर्पण तिर्की ने द्वितीय तथा आशुतोष कुमार, रिम्सा ईरम व कुमारी पलक ने तृतीय स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में अजीत कुमार अमबस्ट व शितेश कुमार पाठक निर्णायक बने। मजदूर के कठिन जीवन पर आधारित नाटक सिद्धार्थ व समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा सोनम कुमारी व समूह द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा ने मजदूर वर्ग के संघर्ष व त्यागपूर्ण जीवन को विद्यार्थियों के समक्ष रखते हुए कहा कि आज हमारे भारत सरकार ने मजदूर तथा गरीबों के लिए जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने तथा उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने हेतु कई योजनाओं को कार्यान्वित किया है तथा आज गरीबों को उनका लाभ भी प्राप्त हो रहा है। किंतु अज्ञानता व शिक्षा के अभाव में कई गरीब आज भी अपने बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के बजाय बाल मजदूरी करवाते हैं। अंत में समाज के विकास में श्रमिकों के अतुलनीय श्रमदान हेतु आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों के हृदय में श्रमिकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का प्रयास किया।

# चुनाव के मद्देनजर घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रही है झारखंड पार्टी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड पार्टी के द्वारा घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी की प्रत्याशी अपर्णा हंस के समर्थन में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। एनोस एक्का ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर समाज को तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस क्षेत्र की समरसता को बिगड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी भी इंडिया गठबंधन को ही समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह बंगाल में टीएमसी कांग्रेस के साथ नहीं होते हुए भी इंडिया गठबंधन के साथ है। उसी तरह झारखंड पार्टी भी कांग्रेस के नीतियों के खिलाफ है, लेकिन भाजपा जैसी सेकुलर पार्टियों को जवाब देने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ है। उन्होंने कांग्रेस को आदिवासी विरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस कभी भी आदिवासियों की प्रगति नहीं देख सकती है। उन्होंने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए, आदिवासियों के अस्मिता और संस्कृति की रक्षा के लिए, युवाओं को रोजगार के लिए, क्षेत्र के उन्नति और तरक्की के लिए, क्षेत्र में भाईचारगी के माहौल के लिए झारखंड पार्टी का साथ देने की बात कही। **लोगों के बीच खुद को पाकर मिलती है खुशी : संदेश** झापा के युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का कड़ी धूप में पेड़ की छांव में बैठकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। संदेश ने कहा कि इस कड़ी धूप में भी लोगों के बीच खुद को पाकर जो खुशी मिलती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। संदेश एक्का का लोगों को क्षेत्र के विकास के लिए झारखंड पार्टी को मदद करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोगों को छलने का काम किया है। धर्म के नाम पर झूठी बातों को बोलकर लोगों को बरगलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर भी लोगो को ठगने वाले कांग्रेस के साथ नहीं है। संदेश एक्का ने कांग्रेस को आदिवासी विरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी भी नहीं चाहती है कि आदिवासी नेता आगे बढ़े और क्षेत्र का विकास करें। उन्होंने भाजपा पर भी झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया। मौके पर पार्टी जिला अध्यक्ष मतियस बागे, बाबूराम लकड़ा भी उपस्थित थे।

# कण्डरा स्थित चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया गया



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप चुनाव आयोग के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा के निर्देश पर शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव कराने के उद्देश्य से स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा दण्डाधिकारी गणेश टोप्पो की मौजूदगी में वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव का बिगुल बजते ही आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है। उसी क्रम में रविवार को जांच के दौरान एस आई अविनाश राम के द्वारा पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर,बैनर,झंडा,अवैध हथियार के अलावे गंजा,ब्राउन शुगर,चरस,शराब जैसे अन्य नशीला पदार्थ एवं पैसे का बारीकी से जांच किया जा रहा है। साथ ही वाहन जांच के दौरान वाहन में रखे बैग थैला डिक्की सहित अन्य चीजों का भी जांच करते हुए तलाशी लिया जा रहा है। वही चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा सन्देहास्पद व्यक्ति या बाहर से तथा दूसरे जिले से आने जाने वाले लोगों पर पैनी निगाहें रखी जा रही है। जिसे अपराधिक गति विधि पर अंकुश लगा रहे। और शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। वही एस आई अविनाश राम ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उपायुक्त व पुलिस अधिक्षक के निर्दर्श पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा। जिसे चुनाव में मतदताओं को किसी तरह की परेशानी न हो और शांति पूर्वक चुनाव सम्पन्न हो सके। मौके पर दंडाधिकारी गणेश टोप्पो के साथ एस आई अविनाश राम दल बल के साथ मौजूद थे।

# झारखण्ड आंदोलन कारी मोर्चा के सदस्यों ने बैठक कर चुनाव सम्बंधित की चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट डीपाटोली में आंदोलनकारी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामनन्दन साहु की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला के आंदोलनकारियों का बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव में आंदोलनकारी मोर्चा के प्रत्यासी को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से जिताने के बारे में चर्चा किया गया। वही जिला अध्यक्ष रामनन्दन साहु ने सभी आंदोलनकारियों से कहा की लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से आंदोलनकारी मोर्चा के उम्मीदवार स्टीफन किंडो को विजय बनाना है। जिसके लिये सभी का तन मन धन से सहयोग करना होगा। और साथ ही कहा कि चुनाव के दिन सभी लोग अपना तथा अपने परिवार के साथ मतदान अवश्य करेंगे साथ ही पड़ोसियों को भी मतदान के लिये प्रेरित करेंगे जिसे आंदोलनकारी मोर्चा के प्रत्यासी का जीत सुनिश्चित हो। मौके पर जिला महासचिव कलिंदर उराँव, आनिल पाण्डेय, तुलसी साहु, प्रदीप उराँव, शाहिद अंसारी, भीखराम उराँव, मोहन मुंडा, सलीम अंसारी, ब्रजेश उराँव, मंगलेश्वर पाहन, नन्दू साहु, बुददेव उराँव, दसरथ साहु सहित आंदोलनकारी मोर्चा के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आधुनिकता की चकाचौंध में हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता व संस्कारों को नहीं करना है दरकिनार : विधायक भूषण बाड़ा

## काटुकोना में संत जोसेफ पर्व के अवसर पर आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम सह आदिवासी नाच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गरजा पंचायत के कटुकोना में संत जोसेफ पर्व के अवसर पर आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम सह आदिवासी नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने भाग लिया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। सास्कृतिक नाच प्रतियोगिता में पहला तिर्रा सिकुटोली, दूसरा कटुकोना गिरजा टोली, तीसरा कटुकोना बड़काटोली को मिला। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली नृत्य मंडली को पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज हमारी भाषा, संस्कृति एवं विरासत के साथ जो खिलवाड़ हो रहा है। उसे बचाने की आवश्यकता है। आज संगीत वाद्यों, लोकगीतों और यहां तक खाने-पीने की संस्कृति का संरक्षण करना भी आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा की आधुनिकता की चकाचौंध में हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता व संस्कारों को दरकिनार नहीं करना चाहिए। आज के समय में हम न सिर्फ भाषा संस्कृति बल्कि शिष्टाचार व नैतिकता को भी भूलते जा रहे हैं। शिष्टाचार व नैतिकता हमारे जीवन में बहुत अहम चीजें हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे बच्चों को यह बताने की जरूरत है कि हमारे समाज मे मांदर, ढोल, तबला, बांसुरी से नाच गान होता है। डीजे बाजा हमारी संस्कृति को दूर कर रहा है तो काफी हद तक हम अपनी भाषा, संस्कृति, संस्कार को बचाने में सफल होंगे। भाषा संस्कृति से है हमारी पहचानः जोसिमा खाखा - जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि हमारी पहचान हमारी भाषा संस्कृति से है। रहन सहन, नाच गान से है, जंगल पहाड़ से है, हमारी बोली हमारे संस्कार हमारे शिष्टाचार से है, हम इसे हर हाल में बचाने का प्रयास करें। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, मुखिया बसंती डुंगडुंग, पीटर बागे, प्रदीप कुजूर, ख्रीस्थोपर केरकेट्टा, रंजिता खलखो, एलोइश कुजूर, सुमन मिंज, एल्बिस कुजूर, अग्नेश केरकेट्टा, प्रमिला कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा उपस्थित थे।

# मतदान कार्य मे लगे पदाधिकारियों व कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों का प्रशिक्षण आज रविवार को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में दो पालियों में आयोजित हुआ। इसमें प्रथम पाली में 304 और द्वितीय पाली में 158 समेत कुल 462 मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पोलिंग पार्टी के आपसी समन्वय के साथ मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह त्रुटिरहित संपन्न कराने का प्रशिक्षण दिया गया।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 99 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 62 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा धूप में सर पर गमछा ओढ़ कर या छाता लेकर ही चलें, बच्चे एवं बुजुर्ग तेज धूप पर निकालने की कोशिश ना करें। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराइये और कहा गर्मी के तेज धूप से बचने से कई बीमारीयों से बच सकते हैं। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, सुबोध महतो, अतुल सर्राफ, गोपाल महतो,ज्ञानेश गुप्ता, अंजलि सर्राफ, अनामिका भारती, ए.के मिश्रा, चंपा देवी, महावीर सिंह, रहमत अंसारी, गीता देवी, गुड्डु साहू, देवनारायण प्रसाद, रीता देवी, हजारी साहू, अंजू देवी, शिमला देवी, राधा देवी, किरण देवी, संजय शर्मा, सत्यदेव भगत, सुगंधा देवी, कृष्णा प्रसाद,देवेंद्र प्रसाद, जीवन कुमार, संजू अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, नारायण साहू, रेणु देवी, उदय प्रसाद, मीरा देवी, सुरेंद्र प्रसाद साहू, ओमप्रकाश, मनोज प्रसाद, सुनील अग्रवाल,तपेश्वर अग्रवाल, प्राण महतो, सुरज साहू, किशोर अग्रवाल, प्रभु दयाल साहू, संध्या अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, शंभू शर्मा, नंदलाल साहू, डोमन चंद्र कर्मकार, मो0 कुरबान, दुलारी उरांव, प्रियंका शर्मा, रीता उरांव आदि उपस्थित थे।

# बड़की चांपी पंचायत में कांग्रेस पार्टी की बैठक संपन्न, सुखदेव भगत को जीत दिलाने पर बनी रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** इंडिया गठबंधन के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत को ऐतिहासिक जीत दिलाने को लेकर कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के हर एक कार्यकर्ता पूरी तरह से चुनावी रणक्षेत्र में डटे हुए हैं। इसी के तहत रविवार को कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव सह कुडू प्रखंड प्रभारी सदरूल अंसारी व प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर के संयुक्त रूप से प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़की चांपी में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बड़की चांपी पंचायत अध्यक्ष जैनुल अंसारी ने किया। इधर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष चलाए जा रहे जनसंपर्क और चुनावी जनसभा के दौरान हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का शत-प्रतिशत निर्वहन करते हुए सुखदेव भगत को आपार मतों से विजयी दिलाए जाने हेतु कमर कस ली है। इधर लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चांपी पंचायत में आयोजित कांग्रेस पार्टी की बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी सुखदेव भगत को जीत सुनिश्चित कराने को लेकर पूरी तन-मन से जुटे हुए हैं और जीत दिलाने तक पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। इधर बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव सह कुडू प्रखंड प्रभारी सदरूल अंसारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की एकजुटता से भाजपाइयों की रातों के नींद उड़ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में सिर्फ और सिर्फ हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई की राजनीति कर अराजकता की स्थिति लाकर खड़ा कर दिया है। हाजी सदरूल अंसारी ने कहा कि भाजपा के झूठे वादों का लोहरदगा लोकसभा समेत पूरे देश की जनता पूरी तरह से समझ चुकी है और इस बार भाजपा को देश की जनता तड़ीपार करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और मोदी के झूठा गारंटी पर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की जनता करारा जवाब देने का कार्य कर दिखाएंगे। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी के कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर ने कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत की लोकप्रियता से भाजपा और आजसू पार्टी में खलबली मची हुई है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा लोकसभा सीट से सुखदेव भगत रिकार्ड मतों से विजयी होंगे। तनवीर गौहर ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में हिंदुस्तान में गरीबों की जमा-पूंजी राशि को निकालने में पसीने छूट गए हैं। लेकिन मोदी सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है और आज चुनावी मैदान में जनता को झूठ बोलकर जनता को फिर से गुमराह करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा लोकसभा की जनता भाजपा और मोदी के 400 पार का सपना को इस बार चकनाचूर कर दिखाएंगे। इधर



जेल से बाहर आए बिहार के बाहुबली अनंत सिंह, कहा

# ललन सिंह को चार लाख वोटों से जिताएंगे

एजेंसी

**पटना :** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच बिहार में मोकामा के पूर्व विधायक एवं बाहुबली अनंत सिंह 15 दिनों के पेरोल पर रविवार सुबह जेल से बाहर आ गये। बेऊर जेल अधीक्षक जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गृह विभाग से मिले आदेश की कॉपी जेल प्रशासन के पास आयी है।पूर्व विधायक अनंत सिंह को सुबह एम्बुलेंस से जेल से बाहर लाया गया। एम्बुलेंस से उतरकर वह निजी वाहन से आगे गये। जेल से बाहर आने की खुशी में सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर काफी भीड़ रही। वहां से वह रोड शो में शामिल हुए। जगह-जगह पर जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई और नारे लगाये गए। पटना से लेकर मोकामा के बीच कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया।जेल से बाहर आने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए अनंत सिंह ने कहा कि जेल से निकलने के बाद बाहर की खुली हवा में बहुत अच्छा लग रहा है। हम लोगों से घूम-घूम कर मिल रहे हैं। जनता से मिलने के बाद गांव में जमीन का बंटवारा करना है। उन्होंने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार ललन सिंह को इस बार चार लाख वोटों से जीत दिलायेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत पिछले दिनों बहुत खराब हो गयी थी। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अनंत सिंह ने जेल से बाहर आने का कारण स्वास्थ्य और जमीन का बंटवारा बताया है लेकिन 13 मई को चौथे चरण में मुंगेर में मतदान के देखते हुए सीधे-सीधे यह राजनीति खेल माना जा रहा है। क्योंकि, हाल ही में राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुई अनंत सिंह पत्नी ललन सिंह के लिए चुनाव प्रचार भी कर रही हैं। पूर्व विधायक अनंत सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत पटना की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट के फैसले के बाद उनकी विधायकी भी चली गई थी।

# पीएम मोदी द्वारा शिलान्यास होने के बाद भी क्यों पूरा नहीं हुआ मंडल डैम का कार्य?

**केएन त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री मोदी के शिलान्यास कार्यक्रम के विरोध में निकाली थी पदयात्रा**







रविन्द्र उपाध्याय@प्रभात मंत्र

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जनवरी 2019 को मंडल डैम के अधूरे कार्यों का पलामू की धरती पर आकर शिलान्यास किया था। लेकिन यहां दुखद पहलू यह है कि शिलान्यास के पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी मंडल डैम पर 5 ईंट भी नहीं रखा पाया।

बेशर्मी की हद तो तब पार कर गई जब पलामू और लातेहार में पीएम मोदी के नुमाइंदे अब यह कहते हुए थक नहीं रहे हैं कि मंडल डैम के अधूरे कार्य को पूरा करने में राज्य सरकार का सहयोग नहीं मिला। ऐसे में यहां सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब मंडल डैम का कार्य राज्य सरकार को ही करना था तो पलामू में आकर प्रधानमंत्री ने इस कार्य का शिलान्यास क्यों किया ? और अगर शिलान्यास किया तो इस कार्य को पूरा क्यों नहीं किया गया ? क्या झारखंड सरकार पर दोष मढ़ने के लिए मंडल डैम का शिलान्यास किया गया था ?

राज्य सरकार के माथे पर ठीकरा फोड़ देने से पलामू और चतरा के नुमाइंदे क्या दोषमुक्त हो जायेंगे ? जो पांच वर्षों तक यहां की जनता को ठगते रहे, मुर्ख बनाते रहे और अपनी रोटी सेंक कर मालामाल होते रहे। इन सभी सवालों का जवाब पलामू और चतरा की जनता मांग रही है।प्रधानमंत्री तो यह कहते हुए नहीं थकते कि ÷मैं जिस कार्य का शिलान्यास करता हूं, उस कार्य का उद्घाटन भी करता हूं, यह मोदी की गारंटी है÷। ऐसे में यह भी सवाल उठता है कि मंडल डैम मामले में मोदी की गारंटी क्यों फेल कर गया ? पलामू और लातेहार की जनता इस सवाल का जवाब जानना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी के शिलान्यास कार्यक्रम का कांग्रेस नेता, पूर्व मंत्री व चतरा लोकसभा के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने जोरदार विरोध किया था। मंडल डैम के विस्थापित दस गांव के लोगों को मुआवजा देने और मंडल डैम से बिहार को पानी देने के विरोध में उन्होंने अपने समर्थकों के साथ पदयात्रा निकाली। इसी क्रम में पुलिस ने केचकी वन विभाग के चेकपोस्ट के समीप उन्हें आगे जाने से रोक दिया। पदयात्रा रोके जाने के विरोध में उन्होंने डालटनगंज-बरवाडीह सड़क जाम किया था। केएन त्रिपाठी ने पलामू व चतरा के सांसदों को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री को गलत जानकारी दी है। इस योजना का लाभ बिहार को मिलेगा।

शिलान्यास के पहले सरकार बराज से नहर निकालकर लातेहार, चतरा और पलामू के लोगों को पानी मुहैया कराए। त्रिपाठी के इस आंदोलन का व्यापक प्रभाव पड़ा था।



# एलेक्शन फूड फेस्टिवल का हुआ आयोजन

**इलेक्शन आधारित इस फूड फेस्टिवल में विभिन्न स्कूली बच्चों बीच क्विज,स्पीच व नुक्कड़ नाटक कभी आयोजन किया गया।इसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से जिले में कई तरह के स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।इसी क्रम में शनिवार शाम 7 बजे स्थानीय शिवाजी मैदान में भव्य इलेक्शन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला प्रशासन की तरफ से उप विकास आयुक्त रवि आनंद, मेदनीनगर नगर आयुक्त सह स्वीप के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिंहा व जेएसएलपीएस डीपीएम शांति मार्डी उपस्थित रहे।शिवाजी मैदान के दोनों तरफ अलग-अलग प्रकार के कुल 34 विभिन्न व्यंजनों के फूड स्टॉल लगाये गये थे,सभी स्टॉल से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था। सभी पदाधिकारियों ने भी विभिन्न स्टॉल पहुंचकर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में आगंतुक भी पहुंच रहे थे।अभी आगंतुकों को वीएचए एप के जरिये फ्री में एंट्री करायी जा रही थी। शिवाजी मैदान में दो बड़े स्क्रीन भी लगाये गये थे जिसमें एक में स्क्रीन में आईपीएल तो दूसरे में मतदाता जागरूकता से संबंधित विडिओ का प्रसारण किया जा रहा था। इलेक्शन आधारित इस फूड फेस्टिवल में विभिन्न स्कूली बच्चों बीच क्विज,स्पीच व नुक्कड़ नाटक कभी आयोजन किया गया।इसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर मौके पर मौजद सभी लोगों से जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने एक सुर में आगामी 13 व 20 मई को मतदान करने की अपील की।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

**ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग**

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें





**इनका नियमित सेवन करें :-**

- नमक-चीनी का घोल
- छाछ
- नींबू-पानी
- आम का शर्बत
- लस्सी
- तरबूज
- खरबूजा
- खीरा
- ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है|सावधानियाँ हीं बचाव|

- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें



NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

झारखण्ड सरकार
104
चिकित्सा सलाह
24/7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर **104** (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

PR NO-324421 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25